e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 275

रविवार

08.10.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

दुःख आता है तो अटक जाते हैं लोग, सुख आता है तो भटक जाते हैं लोग !

## क्विक न्यूज

### गुमला में प्रतिबंधित नशीली दवाएं जब्त

**गुमला :** गुमला पुलिस ने टोटो गांव में अजलम अंसारी के कुरैशी मुहल्ला स्थित मकान में छापामारी कर भारी मात्रा में नशीली दवाएं बरामद की है। इस छापामारी में ऑनरेक्स कफ सिरफ 100 एमएल की 130 बोतलें और विन्सपॉस्मो फोर्ट दवा 288 पीस शामिल है।नशा के इस कारोबार का सरगना मुस्तफा आलम उर्फ राजन हैं। गुमला के एसपी हरविंदर सिंह ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में पुलिस को मिली इस सफलता की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी को यह गुप्त सूचना मिली थी कि टोटो के कुरैशी मुहल्ला निवासी अजलम अंसारी के साथ मिल कर टोटो निवासी मुस्तफा आलम उर्फ राजन के द्वारा भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवाओं की खरीद-बिक्री की जा रही है।मुस्तफा आलम उर्फ राजन लोहरदगा और रांची में रहता है और वहीं से नशीली दवा को टोटो में अजलम अंसारी के पास भेजा करता है। अजलम अंसारी अपने घर से नशीली दवाएं बेचता है। इसका प्रयोग नौजवान तबके और कम उम्र के लड़के इसे नशा के रूप में करते हैं। छह अक्टूबर को टोटो निवासी मुस्तफा आलम उर्फ राजन ने लोहरदगा और रांची से नशीली दवा को भेजा। इस सूचना पर एक छापामार दल का गठन किया गया। छापामार दल ने शुक्रवार की शाम कुरैशी मुहल्ला स्थित अजलम अंसारी के घर छापामारी की, जहां भारी मात्रा में उपर्युक्त प्रतिबंधित नशीली दवाओं को बरामद किया गया।

### राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मुख्य यजमान होंगे प्रधानमंत्री

**अयोध्या :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती ने बताया कि श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य यजमान होंगे। उन्होंने कहा कि भगवान रामलला अपने भव्य दिव्य मन्दिर के गर्भगृह में विराजमान हो जायें यही हम सब का प्रयास है। जगदगुरू शंकराचार्य श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।उन्होंने कहा कि रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के लिए काशी के विद्वान अयोध्या आऐंगे। रामलला की मूर्ति तैयार की जा रही हैं। समारोह के लिए 22 जनवरी की तिथि पर अमृत सिद्धि योग और सर्वाधिक सिद्धि योग मिल रहा है।श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की शनिवार को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा से पहले श्री मणिराम दास छावनी में दो दिवसीय महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में ट्रस्ट अध्यक्ष एवं श्री मणिराम दास छावनी महन्त नृत्य गोपाल दास के साथ ट्रस्ट के 15 सदस्यों में 12 सदस्य उपस्थित रहे । वहीं के. पाराशरण सहित तीन सदस्य वर्चअुली जुड़े । बैठक में मंदिर निर्माण की समीक्षा के साथ प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर मंथन किया गया।बैठक में मौजूद लोगों में अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास,जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती और कोषाध्यक्ष गोविंददेव गिरि,महासचिव चंपत राय,सदस्यों में अयोध्या राजा बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र, नृपेंद्र मिश्र, डाक्टर अनिल मिश्र,कामेश्वर चौपाल, डीएम अयोध्या नीतिश कुमार के अलावा महंत कमलनयन दास शास्त्री मौजूद रहे।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 23° |

## फिलिस्तीनी आर्म्स ग्रुप हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल पर दागे 5000 रॉकेट

# हमास के हमले में 40 की मौत, इजरायल ने भी मार गिराए 196 फिलिस्तीनी

एजेंसी

**येरूसलम :** इजरायल ने फिलिस्तीन को सबक सिखाने के लिए अपने फाइटर जेट युद्ध के मैदान में उतार दिया हैं. इजरायली सेना ने गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ ऑपरेशन आयरन स्वॉर्ड्स शुरू किया है. गाजा पर हवाई हमले शुरू कर दिए हैं. इजरायली वायुसेना के दर्जनों लड़ाकू विमान गाजा पट्टी में कई जगहों पर आतंकवादी संगठन हमास के ठिकानों पर हमला कर रहे हैं. इस इलाके को बमों से पाट दिया है.इस बीच, इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने बड़ा बयान दिया है.उन्होंने साफ कहा कि हम युद्ध में उतर गए हैं. ये कोई ऑपरेशन नहीं है. हमास ने इजरायल और उसके नागरिकों के खिलाफ जानलेवा हमला किया है.मैंने सबसे पहले घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों की बस्तियों को साफ करने का आदेश दिया है. इसके अलावा, बड़े पैमाने पर हथियार जुटाने के लिए कहा है. दुश्मन को ऐसी कीमत चुकानी पड़ेगी, जिसके बारे में उसने कभी नहीं सोचा होगा.बता दें कि शनिवार सुबह फिलिस्तीनी आर्म्स ग्रुप हमास ने गाजा पट्टी से रॉकेट हमलों की झड़ी लगाई. ये हमले इजरायल पर किए गए. हमास ने हमलों की जिम्मेदारी ली और इसे इजरायल के खिलाफ सैन्य कार्रवाई बताया है. हमास ने गाजा पट्टी से करीब 20 मिनट में 5,000 रॉकेट दागे.इजराइल के राष्ट्रीय बचाव सेवा विभाग ने कहा कि हमास के हमले में कम से कम 40 लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में इजरायली सैनिक और आम नागरिक दोनों शामिल हैं। हमास ने कम से कम 20 इजरायली सैनिकों को बंधक भी बनाया है।फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि हमास के हमले में कम से कम 40 लोगों की मौत के बाद इजरायल की जवाबी कार्रवाई में गाजा में कम से कम 198 लोग मारे गए हैं और 1,600 से अधिक घायल हुए हैं।

### हमास के खिलाफ युद्ध का ऐलान, गाजा को बमों से पाट दिया गया



### नेतन्याहू ने इजरायल के दुश्मनों को दी आखिरी चेतावनी, बोले- हम युद्ध में हैं

इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि आज सुबह से इजराइल युद्ध में है। हमारा पहला उद्देश्य हमारे क्षेत्र में घुसपैठ करने वाली शत्रुतापूर्ण ताकतों को बाहर निकालना और जिन समुदायों पर हमला किया गया है, उनके लिए सुरक्षा और शांति बहाल करना है। वहीं, दूसरा उद्देश्य गाजा पट्टी के भीतर भी दुश्मन से भारी कीमत वसूलना है। तीसरा उद्देश्य दूसरे मोर्चों को मजबूत करना है ताकि कोई गलती से भी इस युद्ध में शामिल न हो जाए। उन्होंने कहा कि हम युद्ध में हैं। युद्ध में व्यक्ति को संयमित रहने की आवश्यकता होती है। मैं इजराइल के सभी नागरिकों से हमारे सर्वोच्च लक्ष्य - युद्ध में जीत - को प्राप्त करने के लिए एकजुट होने का आह्वान करता हूं।



### कठिन घड़ी में इजराइल के साथ खड़े हैं : पीएम मोदी

नई दिल्ली- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमास उग्रवादियों के हमले के मद्देनजर शनिवार को इजराइल के प्रति एकजुटता व्यक्त की. मोदी ने इज़राइल पर हुए हमास के हमले को आतंकवादी हमला करार देते हुए इसकी निंदा की.इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने स्थिति को लेकर कहा कि उनका देश युद्धरत है।।पीएम मोदी ने कहा,इजराइल में आतंकवादी हमलों की खबर से स्तब्ध हूं. हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं निर्दोष पीड़ित परिवारों के साथ हैं. इस कठिन घड़ी में हम इजराइल के साथ एकजुटता से खड़े हैं.शनिवार तड़के हमास उग्रवादियों द्वारा गाजा से किए गए आश्चर्यजनक हमले में कई इजराइली मारे गए.

## 13,164 हेक्टेयर भूमि को सिंचित करने हेतु मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का होगा शिलान्यास

# 27 पंचायत की 1,11,174 आबादी को होगा लाभ

**सीएम 9 को देवघर एवं जामताड़ा के सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का करेंगे शिलान्यास**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** देवघर एवं जामताड़ा जिलान्तर्गत सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का शिलान्यास 09 अक्तूबर 2023 को होगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ग्राम सिकटिया, प्रखण्ड सारठ, जिला देवघर में मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का शिलान्यास करेंगे। इस योजना का निर्माण 484.35 करोड़ रूपए से होगा। शिलान्यास समारोह को लेकर तैयारी पूर्ण कर ली गई है। देवघर और जामताड़ा जिला अंतर्गत सारठ, करो, विद्यासागर एवं जामताड़ा प्रखंड में नदी तल से अधिक ऊंचाई पर खेती योग्य भूमि में पारंपरिक नहर प्रणाली से सिंचाई संभव नहीं होने तथा इस प्रणाली में खेती योग्य भूमि का बहुत ज्यादा भू - अर्जन के कारण भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से जल लिफ्ट कर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना तैयार की गई है। इसके जरिए पंपिंग के लिए जल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सिकटिया ग्राम के समीप अवस्थित अजय बराज के अपस्ट्रीम से पंप मोटर से जल पाइपलाइन के माध्यम से सिंचित क्षेत्र में चकवार सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा। प्रस्तावित पटवन क्षेत्र में मुख्य रूप से धान के अतिरिक्त सरसों, मूंग, गेहूं एवं मक्का की खेती भी संभव हो सकेगी। खेती एवं पशुओं को पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अधिक वर्षा होने और खेतों में जल की जरूरत सीमित होने की स्थिति में पानी को स्थानांतरित कर नजदीक के तालाबों को भरने का प्रावधान किया है, ताकि ग्रामीणों को तालाबों के माध्यम से हमेशा जल मिल सके।

**चार प्रखण्ड के 27 पंचायत के किसानों को होगा लाभः** इस योजना के क्रियान्वयन के फलस्वरूप देवघर और जामताड़ा जिला चार प्रखण्ड के 27 पंचायत में निवास करने वाले 1,11,174 आबादी को लाभ होगा। इसमें 13,930 अनूसूचित जाति एवं 26, 346 अनूसूचित जन जाति के लोग भी निवास करते हैं। योजना से सारठ प्रखण्ड के 06, करों प्रखण्ड के 06, विद्यासागर प्रखण्ड के 12 और जामताड़ा प्रखण्ड के 03 पंचायत के किसानों को लाभ होगा। योजना का कार्य तीन वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य तय किया गया है। इससे पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा दुमका जिला अंतर्गत मसलिया एवं रानेश्वर प्रखंड में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु मेगा लिफ्ट योजना का निर्माण प्रारंभ कराया गया है, जिससे 22 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी।

# पलामू : जमीन सर्वे का विरोध, लौटे अधिकारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पलामू :** पलामू जिले के सतबरवा, प्रखंड के करमा गांव में भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण का काम शुरू कराने में दूसरी बार पदाधिकारी असफल रहे। जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले सतबरवा के करमा गांव में मेदिनीनगर सदर एसडीएम राजेश कुमार साह और जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन ग्रामीणों को समझाने पहुंचे थे।पदाधिकारियों ने ग्रामीणों से कहा कि जूलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया के द्वारा सर्वेक्षण केंद्र के निर्देश पर किया जा रहा। बाधा डालने वालों पर कार्रवाई हो सकती है।गांव में मिनरल्स निकालने के बाद आसपास के लोगों की स्थिति में सुधार होगी। क्षेत्र में समृद्धि आएगी।ग्रामीणों ने शनिवार को कहा कि सर्वेक्षण के बाद खनिज पदार्थ निकलने पर कोई कंपनी इसे अधिग्रहण कर लेगी और हमलोगों को विस्थापित कर देगी। लाख दो लाख रुपए मुआवजा मिलेगा। हम सभी ग्रामीण एकजुट हैं और सर्वेक्षण का काम किसी भी हाल में शुरू नहीं होने देंगे। इस मुद्दे पर पदाधिकारियों ने सुझाव दिया कि आपलोगों की जो भी समस्या है, उसे लेकर उपायुक्त के पास अपना प्रस्ताव रखें। फिलहाल काम में बाधा बनने पर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। इस अवसर पर एसडीएम, डीटीओ के साथ बीडीओ सह सीओ राजकिशोर प्रसाद और बीपीआरओ सुरेश ठाकुर, सरफराज आलम, नीलांबर-पीतांबरपुर (लेस्लीगंज) थाना पुलिस मौजूद थी।ग्रामीणों ने बताया कि करमा गांव का पूरा रकबा 500 एकड़ का है, जिसमें 200 एकड़ जमीन पर घर तथा खेत, कुछ एकड़ में नहर का कैनाल है। 200 एकड़ खाली भूखंड है। उसी जमीन पर जीएसआई सर्वे कर रही थी।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीबों व महिलाओं को दिया सम्मान : मरांडी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह (लातेहार) :** शनिवार को यहां हाईस्कूल के मैदान में संकल्प यात्रा के तहत विधानसभा स्तरीय जनसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से संगठन प्रदेश महामंत्री कर्मवीर सिंह, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष क्रिसलय तिवारी, आदित्य साहु, बालमुकुंद सहाय, जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह,प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, अवधेश सिंह चेरो, राजधानी प्रसाद यादव की उपस्थिति रही। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का तारीफों के पुल बांधते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल ने गरीबों और महिलाओं को सम्मान दिया है।



उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने खुले में शौच से मुक्ति दिलाई, गरीबों को प्रधानमंत्री आवास के रूप में पक्के आशियाना दिए, महिलाओं को फ्री गैस सिलेंडर व चुल्हा दिया साथ ही दो सौ की सब्सिडी फिर वर्तमान में भी दो सौ रुपए कुल चार सौ रुपए की सब्सिडी उपलब्ध कराई। वहीं महिलाओं को आरक्षण देकर लोकसभा चुनाव में हिस्सेदारी देने की तैयारी हो रही है। जहां सभी गरीबों को जन-धन खाते फ्री में खुलवाए और कोरोना काल के दौरान खाते में पैसे भी डलवाए , ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछाया पहले लोगों गाड़ी बैल से यातायात करते थे।

आज यातायात का साधन दिया है, पहले ढिबरी युग में लोग रहते थे, आज हर सुदूरवर्ती इलाकों में बिजली मिल रही है।इसके अलावा करोड़ों लोगों को फ्री पांच किलो राशन उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि आज हेमंत सोरेन की सरकार ने गरीबों के राशन पर डाका डाल रहे हैं सही से गरीबों को राशन नहीं दिया जा रहा है। वहीं जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचारियों का बोलबाला है।

सरकार की सभी योजनाएं कमीशनखोरी की भेंट चढ़ गई है। जहां नवनिर्मित सड़कों का खस्ताहाल है वहीं बरवाडीह बाजार की सड़क चलने के लायक नहीं रहा है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील किया है कि इस बार भी लोकसभा चुनाव में अपना कीमती मत देकर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लें।

इस दौरान कार्यक्रम संजय जयसवाल खुरा पंचायत के मुखिया जितेन्द्र सिंह और शिबू साव ने भी अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए जिन्हें फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह और उनके सहयोगियों का योगदान रहा।

# एशियाई खेलों में भारत ने पूरे कर लिए 100 पदक

एजेसी

**बीजिंग :** भारतीय दल ने एशियाई खेलों में सौ पदक पूरे कर लिए, जब महिला कबड्डी टीम ने चीनी ताइपै को शनिवार को रोमांचक फाइनल में 26-25 से हराकर स्वर्ण पदक मुकाबला जीत गई.भारत ने एशियाई खेलों में पदकों का शतक लगा लिया है. भारत ने इससे पहले कभी भी एशियाई खेलों में 100 पदक नहीं जीते थे. बीते 72 सालों में ऐसा पहली बार हुआ है, जब भारत ने एशियाई खेलों में 100 पदक जीते हैं. 100वें मेडल पर, भारत के 25 गोल्ड, 35 सिल्वर और 40 कांस्य पदक है. भारत के लिए इस बार तीरंदाजी, शूटिंग और एथलेटिक्स टीम ने शानदार प्रदर्शन किया. इस बार सबसे अधिक मेडल इन्हीं खेलों में आए हैं. भारत ने अब तक कुल 25 गोल्ड अपने नाम किए है. भारत ने इससे पहले 22 गोल्ड अपने नाम किए थे. इस बार एथलेटिक्स भारत के लिए सबसे बेहतर रहा. एथलेटिक्स में भारत ने 29 मेडल अपने नाम किए. इस दौरान भारत ने 6 गोल्ड, 14 सिल्वर, और 9 कांस्य पदक जीते. इसके अलावा शूटिंग में भारत ने 22 मेडल अपने नाम किए. 7 गोल्ड, 9 सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज मेडल शूटिंग में आए. घुड़सवारी में भी भारत ने 42 साल बाद पदक अपने नाम किया. इसके अलावा भारतीय टीम ने बैडमिंटन में भी ऐतिहासिक सिल्वर मेडल अपने नाम किया.शानिवार को भारत की अनुभवी कंपाउंड तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम और ओजस देवताले ने स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाई जबकि अदिति स्वामी को कांस्य पदक मिला और इसके साथ ही भारतीय तीरंदाजों ने इन एशियाई खेलों में रिकॉर्ड नौ पदक अपनी झोली में डाल लिये. इससे पहले भारत ने इंचियोन में 2014 में हुए खेलों में तीन पदक जीते थे.



### पीएम मोदी ने दी बधाई

एशियाई खेलों में भारत के सौ पदक पूरे होने को महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि वह भारतीय दल का 10 अक्टूबर को स्वागत करेंगे. प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया,हर अद्भुत प्रदर्शन ने इतिहास रचा और हमारा ह्रदय गर्व से भर दिया. मैं दस अक्टूबर को हमारे एशियाई खेलों के दल का स्वागत करूंगा और खिलाड़ियों से बात करूंगा. उन्होंने कहा कि भारत के लोग रोमांचित हैं कि हमने 100 पदकों की उपलब्धि हासिल की. उन्होंने कहा, एशियाई खेलों में भारत के लिये महत्वपूर्ण उपलब्धि. मैं हमारे शानदार खिलाड़ियों को बधाई देता हूं जिनके प्रयासों से भारत ने यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की.

### बासमती चावल के न्यूनतम निर्यात मूल्य को घटाने पर विचार कर रही सरकार

**दुबई (एजेंसी):** सरकार बासमती चावल के न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) को मौजूदा 1,200 अमेरिकी डॉलर प्रति टन से घटाकर 850 अमेरिकी डॉलर प्रति टन करने पर विचार कर रही है. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ यहां हुई एक बैठक में विभिन्न खाद्य उत्पाद आयातकों ने इस मुद्दे को उठाया था.

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी होस्पिटल
असर्फी हॉस्पीटल सबके लिए स्वास्थ्य
General Surgery
• Stomach • Intestine
• Liver • Hernia
• Pancreas • Gallbladder
• Appendix • Piles
Dr. D.P. Bhadani
MBBS, MS (General Surgery)
Dr. Niraj Anand
MS ( Laparoscopic Surgery & GI Surgery)
O.P.D
Monday to Saturday
10 AM to 2 PM
7808368888
www.asarfihospital.com

# आज शाम होगा जैरी लैंड का उद्घाटन

## बच्चों को एक और शानदार तोहफा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** आज रविवार शाम बच्चों को जैरी लैंड के रूप में शहर को एक और उपहार प्रथम महापौर अरुणा शंकर द्वारा दिया जाएगा। जिसका निर्माण गांधी उद्यान में किया जा चुका है। जानकारी साझा करते हुए मैसूर की कंपनी जिसके देखरेख में जैरी लैंड का काम किया गया है, के मालिक सुनील ने बताया की बड़े शहरों की तर्ज पर मेरी कंपनी द्वारा झारखंड का तीसरा एक प्लेटफार्म के नीचे बेहतरीन गेम जोन बनाया गया है । इससे पूर्व रांची एवं टाटा के मॉल में संचालित है । यहां 7 डी पिक्करभूत बंगला, बंपर कार, बुल फाइट बच्चों को अपनी और आकर्षित करेगा। इस गेम्स जॉन को लगाने वाले कंपनी के मालिक सुनील ने बताया मुझे खुशी है कि यहां के लोग काफी अच्छे एवं उत्साही है। खासकर यहां की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने मुझे हर रूप से सुझाव एवं सहयोग करती रही। मुझे विश्वास है हमारी कंपनी द्वारा लगाया गया गेम जोन बच्चों को पसंद आएगा। इस गेम जोन की एक और खूबी है। हर गेम्स को बच्चे एवं बड़े सारे लोग इंजॉय कर पाएंगे। फ्रेंड्स ग्रुप जिन्होंने इस पूरे प्रोजेक्ट में अपना निजी पैसा लगाया है, के व्यवस्थापक आलोक माथुर ने बताया कि इस प्रोजेक्ट में लगभग 90 लाख रुपया लगे है। जिसका उद्घाटन नगर आयुक्त एवं प्रथम महापौर रविवार की शाम 6-00 करेंगे।

## बच्चों की बुनियादी शिक्षा हो मजबूत : फजायल अहमद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर(पलामू):** चैनपुर के जीनियस पब्लिक स्कूल नेउरा में अर्धवार्षिक परीक्षा (फर्स्ट टर्मिनल) का रिजल्ट घोषित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि चैनपुर पूर्वी के जिला परिषद फजायल अहमद के द्वारा परीक्षा में फर्स्ट, सेकंड, तथा थर्ड स्थान प्राप्त करने वाले 50 से अधिक विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम में अभिभावकों को संबोधित करते हुए जिला परिषद ने कहा कि बच्चों की बुनियादी शिक्षा मजबूत होनी चाहिए तभी वह आगे चलकर उच्च शिक्षा में अच्छा परिणाम ला सकते हैं। इसके लिए शिक्षक माता-पिता तथा विद्यालय का महत्वपूर्ण योगदान होता है। विद्यालय में कम फीस में भी बेहतर शिक्षा और बच्चों का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है। सदर अब्दुल मोतलिब ने कहा कि बच्चों को मोबाइल फोन से ज्यादा अपनी पढ़ाई में समय देना चाहिए। मौके पर पूर्व मुखिया लुकमान अंसारी, कलाम अंसारी, विद्यालय के प्रिंसिपल पुनम राज, इम्तेयाज अंसारी, सुशील प्रजापति, बाबर सर, आदि थे।

## झामुमो युवा नेता ने अजमेर शरीफ में हजरत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के मजार पर किया चादरपोशी



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या तीन निवासी झामुमो युवा नेता लालबाबू खान ने अजमेर शरीफ में हजरत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के मजार पर चादरपोशी कर जिला राज्य एवं देश में अमन शांति, तरक्की एवं आपसी भाईचारा बना रहे इसके लिये दुआएं की.झामुमो युवा नेता लाल बाबू खान ने कहा कि हजरत मोईनुद्दीन हसन चिश्ती अजमेरी रहमतुल्लाह अलैह जिन्हे ख्वाजा गरीब नवाज रहमतुल्लाह अलैह के नाम से जाना जाता है. ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती इस्लाम धर्म के ऐसे महान सूफी संत है जिन्होंने इस्लाम के सूखते दरख्त को हरा भरा किया है, जो गरीबों के मसीहा थे.इधर प्रखंड क्षेत्र के बरडीहा गांव से 50 से अधिक लोगो ने गरीब नवाज रहमतुल्लाह अलैह के मजार पर चादरपोशी कर मुल्क में अमन चैन भाईचारे की दुआएं मांगी. हाफिज मनउवर अंसारी ने कहा कि ख्वाजा गरीब नवाज से सच्चे दिल से जो मन्नत मांगते हैं उनकी मन्नते पूरी होती हैं.उन्होंने कहा कि ख्वाजा गरीब नवाज रहमतुल्लाह अलैह खुद भूखे रहकर दूसरों को खाना खिलाते थे, जो दीन दुखियों के दुखों को दूर करते थे.अल्लाह ने उन्हें रूहानी व गअबी ताकते बख्शी थी.मौके पर हाफिज अब्दुल हकीम अंसारी, मौलाना नेमतुल्लाह, मोलवी रेयाज, डॉ रिज़वान अहमद, अनवर आलम, असलम आजाद, जहांगीर आलम, अजीज अंसारी, साजिद रजा,मसउवर अंसारी,जाकिर हुसैन,वकील अहमद,साबिद अंसारी, गयासुद्दीन अंसारी,असगर अंसारी, सद्दाम अंसारी,रईस अंसारी,रासिब,गुलाम, भानू,सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

# बीडीओ ने पीएम आवास योजना का लिया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा(पलामू):** प्रखंड पंडवा के बीडीओ चंद्र देव प्रसाद ने पंचायत मुरमा एवम लोहड़ा का मनरेगा एवम आवास निर्माण में कार्य का औचक निरीक्षण किया। मुरमा पंचायत के भूसरा एवम सरैया में मनरेगा के तहत बिरसा हरित ग्राम योजना के लाभुकों से मिलते हुए आम बागबानी का भौतिक सत्यापन किया एवम पौधों के अच्छे रख रखाव एवम सुरक्षा को ले कर किसानों को सजग रहने का निर्देश दिया। बीडीओ ने कहा कि पांच वर्षों तक पौधों का ख्याल रखना चुनौतीपूर्ण कार्य है लेकिन अगर आप इसमें सफल होते हैं तो निसंदेह कृषि के माध्यम से एक बेहतर व्यवसाय को क्रियान्वित करने की स्थिति में होंगे। पंचायत लोहड़ा में प्रधान मंत्री आवास ग्रामीण के लाभुकों से मिलकर अविलंब आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया गया ताकि कम से कम लाभुकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करनी पड़े। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार से राशि ले लेने के बाद निर्माण कार्य करने के जगह अन्य कार्यों में लाभुकों के द्वारा राशि खर्च कर देना खेदजनक है। निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण नही होने पर सरकार कार्रवाई करने को मजबूर हो जाती है इसे लाभुकों को समझने की आवश्यकता है।

# ब्लड कैंसर से पीड़ित मंदीप का इलाज के लिए 5000 किया सहयोग अध्यक्ष रामगोविंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के अंतर्गत बारा गाँव निवासी 35 वर्षीय मंदीप राम के शनिवार को रविदास विकास समिति के अध्यक्ष श्री राम गोविंद राम शिक्षक ने अपने सदस्य साथियों के साथ ब्लड कैंसर से पीड़ित मंदीप राम से मिलने घर पहुँचे और मिलने के बाद रविदास विकास समिति के कोष से तत्काल 5000 रुपया नगद सहयोग किया और उच्चतम इलाज हेतु बीएचयू बाराणसी भेजा गया। वही पर मौजूद रविदास विकास समिति के सक्रिय सदस्य सह पंचायत के युवा मुखिया जितेंद्र कुमार भारती भी 5000 रुपया सहयोग राशि दिया। मुखिया भारती ने कहा कि निराश होने की कोई जरुरत नहीं है हमारे समिति हर संभव मदद करेगी । वही पर मौजूद समिति के अध्यक्ष रामगोविंद राम शिक्षक ने कहा कि हमारी समिति किसी समुदाय ,हर वर्ग के लोग और आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति की असाध्य रोग से ग्रसित परिवार के लोगों की हर संभव मदद करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। मौके पर उपाध्यक्ष गोपाल राम शिक्षक,पूर्व बसपा के युवा प्रखंड अध्यक्ष अनुज कुमार, पूर्व छतरपुर -पाटन विधानसभा अध्यक्ष रामबाबु ,समाज सेवी अजय कुमार,पंपस शत्रुधन साव, लल्लू राम,अम्बिका कुमार ,विशुनपत कुमार,विश्वनाथ राम शिक्षक ,डा उमेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## उत्पाद विभाग ने की छापेमारी, दो भट्ठियों को किया ध्वस्त



**हरिहरगंज (पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उत्पाद विभाग ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ शनिवार को हरिहरगंज थाना पुलिस के सहयोग से छापेमारी अभियान चलाया । इस दौरान उत्पाद निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि वैध विगहा ,पाठक बिगहा तथा अररुआ खुर्द में छापेमारी अभियान चलाकर दो अवैध महुआ शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया गया । जबकि मौके पर ही करीब 20 क्विंटल जावा महुआ के साथ ही शराब बनाने के कई उपकरणों को भी नष्ट किया गया । वहीं 60 लीटर महुआ शराब को जब्त किया गया है । हालांकि शराब कारोबारी सूचना मिलते ही मौके से फरार हो गये । छापेमारी अभियान में हवलदार कृष्णा महतो, उदय यादव, रामलाल यादव सहित हरिहरगंज के पुलिस के जवान शामिल थे ।

## जिले में बढ़ते अपराध एवं भ्रष्टाचार पर संघर्ष करेगी बसपा : अजय कुमार चौधरी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**डंडा :** जिले में बढ़ते अपराध व भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए बहुजन समाज पार्टी संघर्षरत हैं उक्त बातें बहुजन समाज पार्टी के गढ़वा के विधानसभा प्रभारी सह डंडा जिला पार्षद अजय कुमार चौधरी उर्फ अजय मेटल ने कही।वे शनिवार को बसपा जिला कार्यालय में प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के निष्क्रियता से क्षेत्र में अपराधियों का बोलबाला बढ़ा हुआ है अपराध चरम सीमा पर है जिसका परिणाम है की सहिजना निवासी मनोज राम उम्र 32 वर्ष पिता राजमुनी राम, का गुमशुदगी का रिपोर्ट 1 अक्टूबर से लापता होने के बाद 2 अक्टूबर को गढ़वा थाना को खोजबीन हेतु लिखित सुचना दी गई थी, लेकिन उसपर त्वरित करवाई नहीं होने के कारण 4 अक्टूबर को मनोज राम का शव दानारो नदी जुड़वाँनिया के पास मिला.उन्होने कहा कि जिला प्रशासन अगर संवेदनशील होती तो शायद मनोज राम का जान बचाया जा सकता था.उन्होने यह भी कहा कि जिले में असामाजिक तत्वों का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है महिलाएं आज भी सुरक्षित नहीं है उनके साथ दरिंदगी भरा व्यवहार किया जा रहा है और प्रशासन मौन धारण किये हुए है. पुरे क्षेत्र में सुखाड़ की स्थिति बानी हुई है. इस परिस्थिति में गरीब किसान को विशेष सहायता मुहया करने के बजाय साशन प्रशासन की मिलीभगत से डीलर द्वारा राशन वितरण में मनमानी कर गरीबों का निवाला छिना जा रहा है जो जिला प्रशासन और वर्तमान सरकार पर सवाल खड़ा करती है।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 3500 छात्र-छात्राएं हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा-2023 का आयोजन शनिवार को पूरे जिले में किया गया. इसमें जिले के सरकारी एवं गैरसरकारी 30 विद्यालयों को मिलाकर इस परीक्षा में कुल 3500 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. परीक्षा को लेकर जिला मुख्यालय में विभिन्न विद्यालयों के अलावे डंडई, मझिआंव, नगरउंटारी, तिलदाग, बेलचंपा, रेहला आदि में भी केंद्र बनाये गये थे. परीक्षा सुबह 11 बजे से लेकर 12 तक ली गयी.परीक्षा को संपन्न कराने में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला संयोजक संजय सोनी एवं सचिव डॉ आलोक रंजन दूबे के निर्देशन में अच्युतानंद तिवारी, अशोक विश्वकर्मा, अखिलेश कुशवाहा, मिथिलेश कुशवाहा, प्रभदुयाल प्रजापति, डॉ सुनील मेहता, रंजीत केसरी, अनिल विश्वकर्मा, उदय कुमार, रमेश विश्वकर्मा, गौतम विश्वकर्मा, दीपक गिरि, अजीत चौबे, पंकज गुप्ता, अनिता देवी, लक्ष्मी पाठक, ममता चौबे आदि ने वीक्षक के रूप में भूमिका निभायी. पूरे देश में एक साथ ली जाती है।परीक्षा के विषय में जानकारी देते हुये जिला संयोजक संजय सोनी ने बताया कि यह परीक्षा पूरे भारत देश में एक ही दिन ली जाती है. इस साल सात अक्टूबर को आयोजित इस परीक्षा में पूरे देश में 60 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हुये. उन्होंने बताया कि परीक्षा के आयोजन के लिये झारखंड सरकार शिक्षा विभाग से भी सभी सरकारी विद्यालयों को पत्र निर्गत किया गया था. परीक्षा के पूर्व शामिल होने वाले बच्चों को एक न्यूनतम शुल्क में पुस्तक दिया जाता है.परीक्षा में 80 प्रतिशत प्रश्न इसी पुस्तक से पूछे जाते हैं. इस परीक्षा का उद्देश्य बच्चों को अपनी भारतीय संस्कृति, अपने महापुरूषों की जीवनी और उन विषयों से अवगत कराना होता है, जो सामान्य पाठ्यक्रम में बच्चों को नहीं पढ़ने को मिलता है।

## प्रखंड के सभी गांवों में ग्राम वनाधिकार समिति पुनर्गठित करने का निर्देश

**भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा की अनुशंसा पर जिला कल्याण पदाधिकारी ने जिले के सभी वन ग्रामों में ग्राम वनाधिकार समिति का पुनर्गठन करने का निर्देश दिया है। इस संबंध में जिला कल्याण पदाधिकारी ने जिले के सभी अंचल पदाधिकारी को पत्र प्रेषित का कहा है कि भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने जिले के सभी गांवों में ग्राम सभा आयोजित कर ग्राम वनाधिकार समिति का पुनर्गठन करने की अनुशंसा की है। इसके आलोक में वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत नियमानुसार जिले के सभी वन ग्रामों में ग्राम वनाधिकार समिति का पुनर्गठन कर सूची सूची अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके।

## सरकारी भवन पर तिल का फसल सुखाने का आरोप

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सगमा प्रखंड अंतर्गत लोलकी गांव के ग्रामीणों ने एसडीओ को आवेदन देकर गांव के ही दबंग रामजीत कुशवाहा के खिलाफ आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। एसडीओ को दिए गए आवेदन में ग्रामीणों ने उल्लेख किया है कि रामजीत कुशवाहा के द्वारा नव प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र के भवन के छत पर तिल सुखाने का आरोप लगाया है इसके साथ ही ग्रामीणों ने लिखा है कि रामजीत कुशवाहा के द्वारा स्कूल के नजदीक ही ईट भट्ठा का संचालन किया जा रहा है तथा मुर्गी फार्म का निर्माण कराया जा रहा है जो कहीं से उचित नहीं है।ग्रामीणों ने आवेदन में लिखा है कि कुशवाहा के द्वारा कई वर्षों से आंगनबाड़ी केंद्र के छत पर तिल सूखने के बाद अवशेष को नीचे गिरा दिया जाता है जो काफी गंदगी हो जाता है। आवेदन देने वालों में दिनेश परहिया सुरेंद्र परहीया सत्येंद्र परहिया आदि का नाम शामिल है।

## टेम्पो दुर्घटना में चालक सहित तीन घायल

**खरौंधी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र अंतर्गत मझिगांवा के डीहवार टोला के समीप एक टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे उस पर सवार मझिगांवा गांव की सहिया सरोज कुंवर के पुत्र अनुप कुमार चंद्रवंशी, अमरोरा निवासी परीखा सिंह के पुत्र अजीत कुमार सिंह तथा टेम्पो चालक दिनेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। वहां पर तैनात चिकित्सक सीएचओ इन्द्रकिशोर विश्वकर्मा ने प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर रूप से घायल अनुप कुमार को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। जबकि दो अन्य घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में ही किया जा रहा है।

## नए थाना प्रभारी का पदभार किया ग्रहण

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** संतोष कुमार रवि ने शुक्रवार को धुरकी थाना कार्यालय पहुंचकर थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने नये थाना प्रभारी को बुके देकर स्वागत किया।इस दौरान संपूर्ण प्रभार लेने के बाद थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने बताया की धुरकी थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था, आपसी सौहार्द, तथा क्षेत्र को भय मुक्त बनाये रखना पहली प्राथमिकता होगी।उन्होंने कहा की अपराधिक घटनाएं जैसे चोरी, लूट सहित अन्य छोटी बड़ी घटनाओं पर नकेल कसा जाएगा। थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध कारोबार पर विशेष ध्यान रखते हुये रोक लगाया जायेगा। थाना प्रभारी ने बताया की थाना क्षेत्र के लोग अपनी समस्या को खुल कर बताएं पुलिस उन्हें तुरंत कारवाई करेगी, किसी बिचौलिए के चक्कर ना पड़े, पुलिस उनसे सीधा संवाद करेगी। पुलिस क्षेत्रवासियों के लिए 24 घंटे तैयार है।

# दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर बजरंग सेवा समिति ने किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** आगामी दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर शहर के भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में शनिवार को बजरंग सेवा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम व भव्य तरीके से दुर्गा पूजा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वप्रथम विगत वर्ष 2022-23 के आय-व्यय का अवलोकन कर मंजूरी दी गई। वर्ष 2023 में सादगी से पूजा करने तथा सफल संचालन के लिए पूजा समिति का गठन किया गया। बैठक में मां दुर्गा की प्रतिमा व पूजा-पाठ के साथ पूजा की तैयारियों व पंडाल लाइटिंग सहित अन्य बिंदुओं पर क्रमवार चर्चा करते हुए अंतिम रूपरेखा तय की गई। जिसमें उपस्थित लोगों की सहमति बनी।बैठक में क्लब का पुर्नगठन किया गया। जिसमें सभी के सर्वसम्मति से विक्रांत सिंह उर्फ सोनू को अध्यक्ष, सतीश कुमार उर्फ बबलू को सचिव बनाया गया। वही अमोद कुमार को कार्यकारी अध्यक्ष, मिंटू पांडे को उपाध्यक्ष, विजय कुमार जायसवाल को उपसचिव, संजय वर्मा को कोषाध्यक्ष, गुड्डू मिस्त्री को कमेटी प्रमुख, मनोज कुमार अग्रहरी को मीडिया प्रभारी, भोला विश्वकर्मा को देखरेख प्रभारी बनाया गया। बैठक की जानकारी देते हुए कार्यकारी अध्यक्ष अमोद कुमार ने बताया कि क्लब की ओर से इस वर्ष धूमधाम से दुर्गा पूजा महोत्सव मनाया जाएगा।कमेटी की ओर से भव्य पूजा पंडाल जगमग लाइटिंग से सजाने, मां दुर्गा का आराधना, नवरात्र पूजा पाठ करने का निर्णय लिया गया। वहीं हनुमान मंदिर के चारों तरफ झालर लाइट बत्ती द्वारा आकर्षक सजावट के साथ 9 दिनों तक मां का भव्य संध्या आरती किया जाएगा। इसके पश्चात प्रसाद का वितरण होगा। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारी व सदस्यों से सहयोग की अपील की है। बैठक में कार्यकारिणी सदस्य में मिथिलेश मेहता, अखिलेश मेहता, चिंटू सिंह, संजीव कुमार, वीरेंद्र प्रसाद चंद्रवंशी, बबलू मेहता, सोनू बंगाली, जितेंद्र मेहता, सुरेंद्र मेहता, ओम प्रकाश सिंह बादल सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है। बैठक की अध्यक्षता अमोद कुमार ने किया।

## दुर्गा पूजा मनाने हेतु नव युवक संघ रेहड़ा चौक जतपुरा की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिशुनपुरा(गढ़वा):** बिशुनपुरा प्रखण्ड मुख्यालय के सारांग पंचायत के ग्राम जतपुरा के रेहड़ा चौक चबूतरे के पास आज दिनांक 7 अक्टूबर दिन शनिवार को दुर्गा पूजा मनाने हेतु नव युवक संघ की बैठक संपन्न। जहां बैठक में सर्वसहमति से अध्यक्ष पद हेतु विजय प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष देव प्रसाद यादव, सचिव असर्फी प्रजापती, उपसचिव अंकित प्रसाद यादव, कोषाध्यक्ष आनंद प्रसाद यादव, उपकोषाध्यक्ष नीरज ठाकुर, संरक्षक सत्यदेव प्रसाद यादव, उपसंरक्षक विकाश कुमार। वहीं निगरानी समिती के अध्यक्ष जितेंद्र यादव, उपाध्यक्ष विजय प्रजापती को चुना गया। वहीं दुर्गा पूजा नव युवक संघ जतपुरा के सदस्य हेतु दिनेश राम, केशवर राम, निरंजन प्रजापती, मदन वियार, सोना ठाकुर एवं अन्य को चुना गया। वहीं बैठक में दुर्गा पूजा को शान्ति एवं सुसज्जित तरीके से मनाने की बात कही गई। जहां दुर्गा पूजा पंडाल को एक अलग रूप देते हुए, भक्तों को बैठने केलिए टेंट, लाइटेनिंग, झालर, साउंड सिस्टम लगाया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### अशोकनगर में इमा कराटे केंद्र का उद्घाटन आज

रांची। इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के तत्वाधान में फर्स्टक्राई इंटेलिटॉट्स प्रीस्कूल अशोक नगर रोड नंबर 5 में इमा अशोक नगर कराटे शाखा का उद्घाटन किया जाएगा। 8 अक्टूबर को इस शाखा का विधिवत उद्घाटन सुबह 10 :30 बजे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व उपमहापौर अजय नाथ शहदेव एवं इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के तकनीकी निदेशक सह नेशनल कोच सिहान सुनील किस्पोट्टा के द्वारा किया जायेगा द्य इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के अध्यक्ष संसाइ अनिल किस्पोट्टा ने बतलाया कि अशोकनगर से 3 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले खिलाड़ियों के लिए या सेंटर का उद्घाटन किया जा रहा है । इस शाखा में खिलाड़ी आसानी से आकर अपना प्रशिक्षण कर सकेंगे । इस शाखा में सोमवार और बृहस्पतिवार को शाम 4:30 बजे से 6:00 बजे तक प्रशिक्षण दिया जाएगा द्य उन्होंने यह भी बताया कि इस प्रशिक्षण केंद्र में हर उम्र के लड़के लड़कियां व महिला एवं पुरुष अपना नामांकन करा सकते हैं पहले आने वाले 20 लोगों का निशुल्क नामांकन लिया जाएगा।

### आकांक्षा कुमारी ने राष्ट्रीय स्कूली कुश्ती प्रतियोगिता में जीता सिल्वर मेडल

रांचीः आकांक्षा कुमारी ने स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2023-23 (एसजीएफआई) के कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया है। उसने राज्य को दूसरा रजत पदक दिलाया है। मध्य प्रदेश के विदिशा में आयोजित कुश्ती प्रतिस्पर्धा में आकांक्षा ने अंडर -14 बालिका के 42 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में स्थान पक्का किया। वहां उसने रजत पदक अपने नाम किया।

### उर्दू दैनिक खबर एक्सप्रेस के कार्यालय उद्घाटन के मौके पर पहुंचे कई दिग्गज

# मीडिया को मीडियम होना चाहिए : अबु बकर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मीडिया को मीडियम होना चाहिए। मीडिया प्रोडक्शन हाउस बन जाए तो कई तरह की दिक्कतें आने लगेगी। क्योंकि मीडिया आम लोगों का आईना है। समाज में जो हो रहा है उसे दिखाने व पढ़ाने का काम मीडिया करती है और वही चीजें दिखाएं यह पढ़ाएं जो सच है।

उक्त बातें झारखंड के कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव सह खान एवं भूतत्व विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने खबर एक्सप्रेस अखबार के उद्घाटन के मौके पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मीडिया अगर अपना मुख्य रोल छोड़ दे तो दिक्कतें पैदा करने लगेगी।

खासकर समाज में घटनाएं घट रही है जो बातें की जा रही है,वह बातें अखबार के माध्यम से आम जनता तक सही तरीके से पहुंचे, यह बहुत जरूरी है। खासकर उर्दू पत्रकारिता की बात करें तो वर्तमान समय में जो महत्व उर्दू अखबारों को मिलना चाहिए था वह नहीं मिल सका। इसके कई कारण हो सकते हैं।

खैर उर्दू देश की भाषा है, इसमें हमारा तहजीब,हमारी संस्कृति बसती है। इसलिए हम सभी को चाहिए कि उर्दू पढ़े और औरों को भी पढ़ाएं, तभी उर्दू को बढ़ावा मिलेगा। उर्दू अखबार में खबरें ऐसी होनी चाहिए



जिसे लोग पढ़े। आम जनों तक उर्दू अखबार पहुंचे, यह हम सभी के प्राथमिकता में होनी चाहिए। उर्दू अखबार में कंटेंट अच्छे होंगे तो पाठक भी उर्दू पढ़ेंगे और उसकी रुचि बढ़ेगी।

तभी पाठक भी बढ़ेगा। उर्दू बरकरार रखने के लिए सर्वप्रथम उर्दू भाषा पर बढ़ चढ़कर काम करना होगा।

#### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर प्रभात मंत्र के जीएम शारिब खान व संपादक रबिंद्र कुमार उपाध्याय, खबर एक्सप्रेस के समूह संपादक तनवीर अब्बास, निदेशक जसीम रिजवी, गुड्डु,आमिर, परवेज कुरैशी, सैफ सहित कई पत्रकार,स्टाफ उपस्थित थे।

### मीडिया सच परोसे खबरें : अजयनाथ झा



वहीं आदिवासी कल्याण आयुक्त अजयनाथ झा ने कहा कि मीडिया के लिए सबसे जरूरी है कि वह खबरों पर ध्यान केंद्रित करें। यदि वह अपने खबरों पर ध्यान नहीं रखते हैं तो कई तरह की समस्याएं होगी। पत्रकार अपने खबरों पर ध्यान रखें। जिस दिन वह अपने खबरों पर केंद्रित रहेंगे तो उसकी खबरें विवादस्पद नहीं होगी। जब कोई खबर लिख रहें हो या दिखा रहे हो तो सच को प्राथमिकता दीजिए। जैसे जिस खबर को आप लिख रहे हों तो उसके प्रति सभी पक्षों की भी बातें सामने आए तो उस खबर की प्राथमिकता और बढ़ जायेगी। कहने का तात्पर्य यही है कि यदि एक पक्ष का खबर लिखते हैं तो विवाद हो सकता है। इसलिए पहली कोशिश होनी चाहिए कि जिस खबर को लिख रहे हैं, उसके सभी पहलुओं पर ध्यान दें और उससे संबंधित जिनका पक्ष आने चाहिए उसका भी पक्ष जरूर लें। तभी खबर में सच्चाई रहेगी और पाठक भी उस खबर को पढ़ेंगे। तो उसका व्यापक असर भी देखने को मिलेगा। उर्दू और हिंदी दोनों भारत की अपनी भाषा है और दोनों भाषाओं में खासकर उत्तर भारत में इसकी अधिक महत्व है। इसलिए खबर एक्सप्रेस को भी चाहिए कि उर्दू के अच्छे-अच्छे कंटेंट अपने पाठकों को पढ़ाएं।समय-समय पर विशेष पेज भी तैयार करें। जिसे पाठक जब पढ़े तो वह उर्दू के प्रति उसका प्रेम और बढ़े।

### उर्दू - हिंदी हिंदुस्तान की जुबान है : डॉ.शाहिद अख्तर



वहीं राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक आयोग के सदस्य डॉ शाहिद अख्तर ने कहा कि उर्दू - हिंदी को हिंदुस्तान की जुबान इसलिए कहा जाता है कि जब उर्दू बोली जाती है तो कहते हैं कि हिंदुस्तान बोल रहा है। आठ भाषाओं में उर्दू को भी जगह दी गई है। वहीं एक से पांच तक के कक्षा में भी मदर जुबान में जब पढ़ाई होती है तो उर्दू की भी पढ़ाई होती है। उर्दू किसी जुबान या किसी जात धर्म की नहीं है, उर्दू हिंदुस्तान की जुबान है। उर्दू में मिठास है और देश में हिंदी और उर्दू दोनों भाषाएं बोली जाती है। इसलिए खबर एक्सप्रेस को भी चाहिए की उर्दू में जो कंटेंट डाल रहे हैं, उसमें अच्छे कंटेंट हो। ताकि पाठक उसे बड़े चाव से पढ़े। नई चीजें परोसने का काम करे, ताकि उर्दू के प्रति लोगों का रुझान बढ़े। उर्दू खुद भी पढ़े अपने घर परिवार में भी बच्चों को पढ़ाएं ।

### उर्दू को बढ़ावा देने में उर्दू अखबार की भूमिका : प्रो.शब्बीर हुसैन



प्रो. शब्बीर हुसैन ने कहा कि खबर एक्सप्रेस की एक अच्छी पहल है उर्दू को बढ़ावा देने के लिए। अखबार के माध्यम से घर-घर तक उर्दू पहुंचे। हम सब की कोशिश होनी चाहिए कि हम भी उर्दू पढ़े और अपने बच्चों को भी उर्दू पढ़ाएं। उर्दू सिखाना,लिखना सबके लिए जरूरी है।

## सिल्ली-इलू बाईपास रेल लाइन को रेलवे की हरी झंडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** रांची रेल मंडल के अधीन सिल्ली इलू बाईपास रेल लाइन के निर्माण को लेकर रेल मंत्रालय ने अपनी हरी झंडी दे दी है। इस रेल लाइन के निर्माण से हावड़ा और टाटा के आवागमन में 2 घंटे समय की बचत होगी। इससे यात्रियों का भी समय बचेगा और रेलवे का संसाधन भी बच सकेगा। विदित हो कि सिल्ली इलू रेल लाइन की मांग विगत कई वर्षों से स्थानीय लोगों के द्वारा की जा रही थी। सांसद संजय सेठ ने इस मामले में पहल की और 6 किलोमीटर की बाईपास लाइन के निर्माण हेतु केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र लिखा। इस आलोक में रेल मंडल, रांची के द्वारा भी एक प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया था। सांसद की पहल के बाद रेलवे बोर्ड और रेल मंत्री ने गंभीरता दिखाई है। इसका डीपीआर तैयार हुआ और अब इसके निर्माण को भी हरी झंडी मिल गई।

सांसद श्री सेठ ने बताया कि इसके लिए रेल मंडल को 125 करोड रुपए के बजट की राशि आवंटित की जानी थी। ताकि इसका निर्माण कार्य पूर्ण हो सके। महज 6 किलोमीटर कि इस रेल लाइन के पूर्ण होने से यात्री और रेल दोनों ही लाभान्वित हो सकेंगे। इस मुद्दे को लेकर मैंने रेलवे की बैठकों में कई बार इसका प्रस्ताव भेजने को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिया था। गत वर्ष नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर मैंने उन्हें इस बाईपास लाइन के महत्व से अवगत कराया था।

उनसे आग्रह किया था कि जितनी जल्दी यह कार्य पूर्ण होगा रेलवे और क्षेत्र की जनता को उतना ही लाभ मिल सकेगा। मेरे इस प्रस्ताव से रेल मंत्री भी सहमत हुए और उन्होंने इसके निर्माण को हरी झंडी दे दी है। सांसद सेठ ने इसके लिए रेल मंत्री श्री वैष्णव के प्रति आभार जताया है और कहा है कि दशकों के बाद भारत को ऐसे दूरदृष्टि वाले रेल मंत्री मिले हैं, जो रेलवे के चहुमुखी विकास के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। सांसद ने कहा कि ऐसे ही भारतीय रेलवे के द्वारा रांची को और भी कई सौगातें दी जाएगी। सांसद ने क्षेत्र की जनता की तरफ से भी केंद्रीय रेल मंत्री का आभार जाता है।

## ऊर्जा विभाग में भ्रष्टाचार है : बाबूलाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को चिट्ठी लिखकर कहा है कि ऊर्जा विभाग में भ्रष्टाचार है। उसपर कार्रवाई का आदेश दें। बाबूलाल ने चिट्ठी में लिखा है कि झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड (जेयूएसएनएल) ने एक टेंडर निकाला है। लेकिन इसके लिए झारखंड राज्य विद्युत विनियामक आयोग (जेएसईआरसी) से स्वीकृति नहीं ली गई है। विनियामक आयोग के मुताबिक, अभी इस टेंडर की कोई जरूरत नहीं है। बाबूलाल ने बताया कि चांडिल और कोडरमा ग्रिड सब स्टेशन के लिए टेंडर निकला है, जिसकी अनुमानित लागत 169 और 213 करोड़ रुपये है। कहा कि जेएसईआरसी के अनुमोदन के बिना टेंडर निकालना सरासर सरकारी राशि का दुरुपयोग है, क्योंकि अगर भविष्य में बिजली दर निर्धारण के समय यह खर्च न्यायसंगत नहीं हुआ, तो जेएसईआरसी टैरिफ निर्धारण में कोई विचार नहीं करेगा।

## प्रकाश साहू सहित तीन उग्रवादियों के विरुद्ध सीसीए की कार्रवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पीएलएफआई के सुप्रीमो दिनेश गोप के खास माने जाने वाले प्रकाश साहू सहित तीन उग्रवादियों के विरुद्ध सीसीए की कार्रवाई की गई है। प्रकाश साहू के अलावा लखन गोप उर्फ जितेन्द्र गोप और पौलूस टोपनो उर्फ अमित पर यह कार्रवाई की गई है। हत्या, रंगदारी, पुलिस पार्टी पर हमला, लेवी वसूली के लिए हमला जैसे बड़े आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है। झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 की धारा 12 (2) के तहत कार्रवाई



का प्रस्ताव दिया गया था। सीसीए के प्रस्ताव पर मंजूरी मिलने के बाद उसपर अधिनियम की धारा 12 (2) के तहत कार्रवाई की गई है। प्रकाश साहू संगठन के लिए काम करने एवं क्षेत्र में लॉजिस्टिक सहयोग पहुंचाने, व्यापारियों को डरा धमकाकर लेवी वसूलने, संगठन का प्रचार प्रसार करने, सिम कार्ड उपलब्ध कराने सहित कई गंभीर आरोप है। पुलिस को जानकारी मिल रही थी कि कारोबारियों को डरा धमकाकर लेवी वसूली की जा रही है। प्रकाश साहू को दो मामले में जमानत मिल चुकी है। पुलिस को आशंका है कि दिसंबर तक जेल से बाहर निकल सकता है। इसीलिए प्रकाश साहू, लखन गोप उर्फ जितेन्द्र गोप और पौलूस टोपनो का स्पीडी ट्रायल की श्रेणी में डालकर

## बैंक ऑफ इंडिया में किया गया पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** बैंक ऑफ इंडिया राँची आंचलिक कार्यालय के बिरसा मुंडा सभागार में हिंदी माह के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। माह के दौरान ऑनलाइन बैंकिंग और राजभाषा सामान्य ज्ञान, हिंदी टंकण, श्रुतिलेख, टिप्पण लेखन, अंचल स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता (अधीनस्थ, लिपिक और अधिकारी के लिए अलग-अलग) और विभागों के लिए हिंदी ई-मेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसके विजेताओं को आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह, उप आंचलिक प्रबंधक नरेंद्र कुमार और सुनीत कुमार द्वारा पुरस्कृत किया गया। आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में हमारे अंचल के लिए काफी उत्साहवर्धक रहा।नरेंद्र कुमार दास, उप आंचलिक प्रबंधक ने सभी विजेताओं को बधाई दिया और हिंदी में कामकाज को लेकर जो सकारात्मक वातावरण तैयार हुआ है उसे समय सीमा में सीमित न करके अपने दैनिक कामकाज में ज्यादा से ज्यादा प्रयोग को बढ़ाने और उसमें उत्तरोत्तर वृद्धि करने का आवहान किया।सुनीत कुमार ने अंचल में बेहतर राजभाषा कार्यान्वयन में सक्रिय योगदान करने वाले सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दिया। आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज की बैंकिंग में बढ़ते धोखाधड़ी के मामले; चुनौतियां और बचाव विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें नरेंद्र कुमार दास, उप आंचलिक प्रबंधक, संतोष मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक और शिल्पा भाटिया द्वारा उपरोक्त विषय पर लिखे निबंध को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन राजेश यादव, प्रबंधक, राजभाषा विभाग द्वारा और विधिवत रूप से धन्यवाद ज्ञापन अनुराग वर्मा, मुख्य प्रबंधक, विपणन विभाग द्वारा किया गया। मौके पर पप्पू कुमार, बीनय कुजूर, राजेश कुमार, ओमप्रकाश, नजमुल होदा, संतोष कुमार, शिल्पी भाटिया, अरूण कुमार और अन्य उपस्थित थे।

## झारखंड सरकार का स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह लकवाग्रस्त : अविनेश सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अविनेश सिंह ने शनिवार को कहा कि झारखंड सरकार का स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह लकवाग्रस्त हो चुका है। इसका ताजा प्रमाण पलामू जिला के नीलांबर पीतांबर पुर प्रखंड में एक गर्भवती महिला द्वारा सड़क पर बच्चे को जन्म देने वाली घटना है। उन्होंने कहा कि महिला प्रसव वेदना से तड़पती रही और उसे ममता वाहन नहीं मिल सका और ना ही एम्बुलेंस आई। दूसरा मामला लातेहार जिला के माल्हन पंचायत का है, जहां एम्बुलेंस नहीं आने पर



ग्रामीणों द्वारा गर्भवती महिला को खाट पर तीन किलोमीटर दूर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यह दृश्य राज्य की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को उजागर करता है। सिंह ने हेमंत सोरेन सरकार के पूरे सिस्टम पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग की बदहाल व्यवस्था पर झारखंड हाई कोर्ट भी सिस्टम फेल होने की टिप्पणी कर चुका है। फिर भी सरकार निष्क्रिय अवस्था में है। उन्होंने कहा कि झारखंड में 59 एम्बुलेंस कई महीनों से खराब पड़ी हुई है, जिसे स्वास्थ्य विभाग को दिये गए एमवीआई के रिपोर्ट के अनुसार उपरोक्त एम्बुलेंस को बनवाने में मात्र तीन लाख 78 हजार रुपये का अनुमानित खर्च बताया है, जिस पर स्वास्थ्य मंत्री ने अभी तक कोई संज्ञान नही लिया है जबकि यह काफी संवेदनशील मामला है।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नौ को जायेंगे देवघर

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नौ अक्टूबर को देवघर का दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री के इस संभावित दौरे को लेकर डीसी और एसपी समेत अन्य पदाधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल सिकटिया बराज का निरीक्षण किया। डीसी ने शिलान्यास स्थल, सभास्थल और हैली पैड का मुआयना किय। बरसात में हैलीपैड में जलजमाव हो, हैलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थिल के बीच यातायात का पुख्ता इंतजाम अधिकारियों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जल संसाधन विभाग ने सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना के तहत 534 करोड़ रुपये की लागत से सिकटिया बराज का पानी देवघर और जामताड़ा जिले में पहुंचाने की योजना बनाई है।

## रांची में यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए स्पेशल क्यूआरटी टीम का गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने और लोगों को जाम से निजात दिलाने के लिए स्पेशल क्यूआरटी टीम का गठन किया गया है।

रांची पुलिस लाइन से 20 जवानों को स्पेशल क्यूआरटी टीम में शामिल किया गया है। साथ ही ट्रैफिक पुलिस के पांच पुलिसकर्मी, रांची नगर निगम की टीम, संबंधित थाना प्रभारी और उनकी टीम एवं अनाउंसमेंट टीम को शामिल किया गया है। सिटी एसपी सह ट्रैफिक



एसपी राजकुमार मेहता ने शनिवार को बताया कि राजधानी रांची में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। इसके तहत पहले सिर्फ ट्रैफिक पुलिस ही ट्रैफिक का काम देखती थी लेकिन अब संयुक्त रूप से स्पेशल क्यूआरटी टीम का गठन किया गया है।

इसमें ट्रैफिक पुलिस, थाने की पुलिस, नगर निगम की टीम, अनाउंसमेंट टीम और संबंधित थाना प्रभारी को शामिल किया गया है। यह टीम शहर में जाम होने से निजात दिलाने का काम करेगी। ट्रैफिक अभियान के दौरान कोई भी विरोध करता है, तो टीम उसपर भी कार्रवाई करेगी।

## सोशल इमोशनल लर्निंग के जरिए बच्चों में विकसित होगा जीवन कौशल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य शिक्षा विभाग 80 उत्कृष्ट विद्यालयों और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को मिलाकर कुल 121 स्कूलों में हर्ष जोहार पाठ्यचर्या को लागू करने की पहल कर रहा है। इसे लेकर 80 उत्कृष्ट विद्यालयों और कस्तूरबा विद्यालयों में से प्रत्येक विद्यालय से 10 शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण प्रोजेक्ट के तहत हर्ष जोहार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी के तहत राज्य के 121 स्कूलों में बच्चों के अंदर सोशल इमोशनल लर्निंग, एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग, इंटरेक्टिव सेशंस, सेफ स्पेस फॉर लर्निंग, आदि के माध्यम से जीवन कौशल विकसित किया जाएगा। यह पाठ्यक्रम छह से 12वीं तक के बच्चों के लिए होगा। हर्ष जोहार पाठ्यचर्या के तहत बच्चों के अंदर भावनात्मक लचीलापन विकसित करने, महत्वपूर्ण विचार कौशल, जिम्मेदार निर्णय लेने, आत्म जागरुकता, आत्म सम्मान, विकासोन्मुख मानसिकता,



सकारात्मक संबंध स्थापित करने और उसे बनाए रखने, दूसरों के प्रति सहानुभूति रखने जैसे जीवन कौशल विकसित किये जाएंगे।

इसे लेकर 80 उत्कृष्ट विद्यालयों और कस्तूरबा विद्यालयों में से प्रत्येक विद्यालय से 10 शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण प्रोजेक्ट के तहत हर्ष जोहार कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

## इतिहास में पहली बार भारतीय दल ने एशियन गेम्स में जीते 100 मेडलः राज्यपाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि इतिहास में पहली बार भारतीय दल ने एशियन गेम्स में 100 मेडल जीते हैं। राज्यपाल ने शनिवार को ट्वीट कर कहा कि सभी खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल से प्रत्येक देशवासी को गौरवान्वित करने का कार्य किया है। सभी को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। राज्यपाल ने कहा कि एशियाई खेलों के महिला कंपाउंड आर्चर स्पर्धा में ज्योति सुरेखा वेन्नम ने स्वर्ण पदक जीतकर देशवासियों को गौरवान्वित किया। इस शानदार उपलब्धि के लिए उन्होंने ज्योति को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है। साथ ही एशियन गेम्स के कंपाउंड तीरंदाज प्रवीण ओजस देवताले और अभिषेक वर्मा ने स्वर्ण और रजत पदक जीतकर देशवासियों को गौरवान्वित किया। इस शानदार उपलब्धि के लिए राज्यपाल ने दोनों



को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

# खलारी में सड़क के फुटपाथ से हटाया जाएगा दुकानदारों का कब्जा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी के मुख्य बाजारों में सड़क के फुटपाथ पर दुकानदारों द्वारा किया जाने वाला अस्थाई अतिक्रमण सख्ती से हटाया जाएगा.मालूम हो कि खलारी कोयलांचल के प्रमुख बाजार केडी रोड के फुटपाथ पर कई दुकानदारों का स्थाई तथा अस्थाई अतिक्रमण है. यह सड़क हजारीबाग-बिजुपाड़ा स्टेट हाइवे सात का हिस्सा है. कोयला क्षेत्र होने के कारण सैकड़ों ट्रक इस सड़क से आवागमन करते हैं. स्टेट हाइवे आथेरिटी आफ झारखंड ने इस सड़क का चौड़ीकरण तथा मजबूतीकरण करने के क्रम में इसे दस मीटर चौड़ा बनाया है. इसके बाद दोनो ओर बनी एक-एक मीटर की स्लैब से ढकी नाली बनाई गई है. केडी रोड में दोनो ओर का नाली ही फुटपाथ है. यह फुटपाथ पैदल चलने वालों के लिए सुरक्षित है. परंतु अनेक दुकानदार ऐसे हैं जो अपनी दुकान का पेट बाहर निकाले बिना नहीं मानते. हाल यह है कि फुटपाथ का तो अतिक्रमण किया ही जाता है, अब मुख्य सड़क पर भी दुकान सजाए जा रहे हैं. सड़क पर दुकान का सामान सजाने का मामला केडी के ही प्रगति मार्केट सहित श्रीराम मार्ग और केडी साइडिंग रोड में भी है. सड़क और फुटपाथ के अस्थाई अतिक्रमण से आम लोगों को काफी परेशानी होती है.

**अंचल अधिकारी ने 10 अक्टूबर को बुलाया व्यवसायियों की बैठक :** खलारी के अंचल अधिकारी एसपी आर्य ने 10 अक्टूबर को अंचल कार्यालय में सड़क के फुटपाथ पर अस्थाई अतिक्रमण को लेकर बैठक बुलाया है.इसमें खलारी थाना प्रभारी, बुकबुका के मुखिया, बुकबुका के पंचायत समिति सदस्य तथा व्यवसायी संघ की पूरी कमेटी को बुलाया गया है.बताया जा रहा है कि चेतावनी के बाद बात नहीं मामने वाले दुकानों पर आर्थिक दंड भी लगाया जा सकता है. इधर खलारी थाना प्रभारी पुनि फरीद आलम ने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय का आदेश है कि सड़क के फुटपाथ पर स्थाई अथवा किसी भी तरह का अस्थाई अतिक्रमण नहीं किया जा सकता है.

# भव्य नवरात्रि की तैयारी में जूटी है दिउड़ी मंदिर ट्रस्ट प्रबंध समिति : एसडीएम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र में दिउड़ी मंदिर ट्रस्ट प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक शनिवार को संम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष सह एसडीओ अजय कुमार साहु ने किया। बैठक में आगामी दुर्गा पूजा में मंदिर परिसर में बेरिकेटिंग, टेंट, साउंड सिस्टम बाजा, विधुत साज सज्जा इत्यादि की तैयारी को लेकर किया गया। मालूम हो कि इन चीजों को लगाने के लिए एक सप्ताह पूर्व निविदा निकाला गया था। निविदा दो लोगों के बीच में हुआ जो अनुज टेंट को कम दर पर डालने के कारण मिला। बैठक में निविदा खोलने के क्रम में पाया गया।वहीं बैठक में मंदिर के विकास के बारे में कई महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सह ट्रस्ट अध्यक्ष अजय कुमार के अलावे सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा, विधायक प्रतिनिधि श्रषिकेश महतो,जिप सदस्य दिलीप सेठ, तमाड़ थाना के चंदन कुमार, मुख्य पाहान सुखराम मुंडा, सहायक अभियंता आदित्य मुंडा आदि शामिल थे।

# वन अधिकार समिति का गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के मुख्यालय स्थित पंचायत सचिवालय बेड़ो में शुनिवार को वन अधिकार अधिनियम योजना के तहत वन अधिकार समिति के गठन हेतु ग्राम प्रधान बुधवा पहान की अध्यक्षता व पंचायत के मुखिया सुशांति भगत की उपस्थित में ग्राम सभा का आयोजन किया गया । जिसमें अध्यक्ष निर्मल तिर्की, सचिव शशि लकड़ा, कोषाध्यक्ष सरोज टोप्पो, तेरह कार्यकारी सदस्य सुको उराईन, हिरा भगत, पुनम देवी, सुनिता उरांव, धनवंती देवी, मंगल तिर्की, सुनिल भगत,पंचम उरांव, प्रकाश उरांव, बंधना गोप, अनिल तिर्की व सावना तिर्की को बनाया गया। मौके पर जिपस पूर्वी पार्वती कुमारी, पंचस- विजय भगत, कर्मचारी- फिरोज खान, निर्मल तिर्की, शशिभुषण गुप्ता व सुशिल भगत सहित कई लोग मौजूद थे।

## सिल्ली इलू बाईपास रेल लाइन को रेलवे की हरी झंडी

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची रेल मंडल के अधीन सिल्ली इलू बाईपास रेल लाइन के निर्माण को लेकर रेल मंत्रालय ने अपनी हरी झंडी दे दी है। इस रेल लाइन के निर्माण से हावड़ा और टाटा के आवागमन में 2 घंटे समय की बचत होगी। इससे यात्रियों का भी समय बचेगा और रेलवे का संसाधन भी बच सकेगा। विदित हो कि सिल्ली इलू रेल लाइन की मांग विगत कई वर्षों से स्थानीय लोगों के द्वारा की जा रही थी। सांसद श्री संजय सेठ ने इस मामले में पहल की और 6 किलोमीटर की बाईपास लाइन के निर्माण हेतु केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र लिखा। इस आलोक में रेल मंडल, रांची के द्वारा भी एक प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया था। सांसद की पहल के बाद रेलवे बोर्ड और रेल मंत्री ने गंभीरता दिखाई है। इसका डीपीआर तैयार हुआ और अब इसके निर्माण को भी हरी झंडी मिल गई।

## मुखिया भुवनेशवर बेदिया केरल के लिए हुए रवाना

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदिवासी आदर्श पंचायत नवागढ़ के मुखिया भुवनेशवर बेदिया ने अपने दो वार्ड सदस्यों एतवा बेदिया,एवं विजय बेदिया के साथ केरल के मॉडल पंचायतों की गतिविधियों को देखने के हेतु आज केरल के लिए रवाना हो गये। विदित हो कि झारखंड सरकार ने नवागढ़ पंचायत को आदर्श पंचायत बनाने के लिए पायलेट प्रौजेक्ट में सामिल कर लिया है। इसी के अन्तर्गत मुखिया और वार्ड सदस्यों को केरल भेज रही है। इस अवसर पर पंचायत सचिवालय प्रांगण में विवेकानन्द सेवा केन्द्र के अध्यक्ष संतोष बेदिया, जगदीश भोगता, रंगामाटी के पहान राहुल पहान, विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार हब के कार्यकर्ता सोमरा बेदिया, पहलू बेदिया, आदि ने फूलमाला व बुके देकर स्वागत किया एवं मंगलमय यात्रा की।

## ग्रामीणों ने श्रमदान कर दुरूस्त किया पथ

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी के चूरी होयर के ग्रामीणों ने चूरी में पतरातू-हेंदेगीर-मैकलुस्कीगंज पथ को अपने खर्च व श्रमदान कर दुरूस्त किया. चूरी में रैयत को भूअर्जन द्वारा जमीन का मुआवजा नहीं दिए जाने के कारण करीब एक सौ मीटर सड़क का निर्माण नहीं हो सका है.सड़क कच्ची रह गई है और काफी संख्या में छोटी बड़ी वाहनों का आवागमन है. इनमें कोयला लदे ट्रक भी होते हैं.इधर लगातार वर्षा होने और कच्ची जमीन पर भारी वाहनों के चलते रहने से सड़क में तीन से चार फिट तक गहरा बड़ा बड़ा गड्ढा हो गया. इस सौ मीटर सड़क का हाल इतना बेहाल हो गया कि पैदल व दोपहिया वाहनों के आवागमन में परेशानी होने लगी. स्थानीय ग्रामीणों ने इस समस्या से निजात पाने के लिए खलारी सीओ, संबंधित विभाग से लेकर सांसद, विधायक तक गुहार लगाया.

## मांडर में शिक्षक-अभिभावक मीटिंग संपन्न

**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज मांडर में शिक्षक - अभिभावक मीटिंग सह रिजल्ट वितरण संपन्न हुआ। मीटिंग का आरम्भ अभिभावक प्रतिनिधि द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। शिक्षक - अभिभावकद्वारा छात्र - छात्राओं के बेहतर रिजल्ट के लिए चर्चा परिचर्चा किए गए और सहमति से कॉलेज कैम्पस में मोबाईल प्रयोग प्रतिबंधित किए जाने पर सहमति बनी। मौके पर प्रचार्य सिस्टर निर्मला ज्योति कच्छप ने कहा कि हम छात्र छात्राओं का बेहतर भविष्य गढ़ने के लिए प्रयासरत हैं आप से सहयोग कि अपेक्षा हैं। बैठक में अभिभावक कि बारी बारी से अपने विचार रखें। वरिष्ठ शिक्षक सईद अख्तर और अनिल खलखो ने भी छात्रओं के शैक्षणिक, व्यवहारिक और नैतिक विकास पर अपने विचार रखे। इस बैठक को सफल बनाने में विजय कुजर, उमेश प्रशाद, सुमन कुजूर, सबीना मैम राजेंद्र इंदवार, बैजू गुप्ता सही सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा।

## पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शनिवार को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।इस समारोह में स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने स्कूल मे संपन्न हुए विभिन्न प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल में हंसराज हाउस और श्रद्धानंद हाउस के बीच फाइनल फुटबॉल मैच खेला गया, जिसमें हंसराज हाउस ने जीत दर्ज की।वही स्कूल प्रांगण में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमें प्रत्येक हाउस से चार-चार बच्चों ने भाग लिया।इस प्रतियोगिता में सामान्य ज्ञान,खेलकूद और विज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे गए।स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक एके घोष के नेतृत्व में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हंसराज हाउस प्रथम,विवेकानंद हाउस द्वितीय और दयानंद हाउस तृतीय स्थान पर रही। समारोह को संबोधित करते हुए स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों को बधाई दी।इस संबंध में उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता का आयोजन कराने का मुख्य उद्देश्य बच्चों में छिपी प्रतिभा को सामने लाना है।इस तरह के प्रतियोगिता में शामिल होने से बच्चों का मनोबल बढ़ता है।उन्होंने सभी बच्चों को बधाई देते हुए आगे भी इस तरह के प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लेकर बेहतर प्रदर्शन करने और अपने स्कूल एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील की। इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

# टाटीसिल्वे थाना मे शांति समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** शांति समिति टाटीसिल्वे कि बैठक दुर्गा पूजा एवम रावण दहन को लेकर थाना प्रभारी महेंद्र करमाली कि अगुआई मे थाना परिसर टाटीसिल्वे मे आयोजित कि गई । इस अवसर पर थाना थाना प्रभारी ने कहा कि दुर्गा पूजा रावण दहन इत्यादि कार्यक्रम मे शांति व्यवस्था बनाए रखना है। विशेष तौर पर स्वच्छता,बिजली इत्यादि पर ध्यान देने कि जरूरत है। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुकेश महतो,किस्टो उराव प्रधान चतरा, कृष्णा पाहन टाटी पूर्वी मुखिया, संदीप तिर्कि मुखिया महिलोंग, कृष्णा लोहरा मुखिया बड़ाम, अनिता कच्छप मुखिया आरा, यदुवीर सिंह, विनोद अग्रवाल,ब्रजेश सिंह, उमेश प्रसाद,संजय प्रसाद, मंगल गुप्ता, जितेंद्र सिंह, काशी महतो,धमेंद्र कुमार,अमित मिश्रा,अशोक मिश्रा, सनील जाय, रोशन गुता, राजू लोहरा, के डी शर्मा, राजेश यादव इत्यादि गण मान्य लोग उपस्थित थे । बैठक को सफल बनाने मे थाना के अधिकारी रंजित मुंडा, सी पी पांडे, मनीष कुमार इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कांग्रेस कमिटी ने नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी व रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो के निर्देशानुसार सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा भाजपा के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से घृणित मानसिकता दर्शाते हुए हमारे नेता राहुल गांधी को रावण के अवतार के रूप पेश करते हुए बेहद आपत्तिजनक ग्राफिक प्रसारित करने के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो , सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, उपाध्यक्ष शाहबुद्दीन अंसारी, कोषाध्यक्ष मंजूर मोमिन, सचिव निताई महतो, बलराम महतो, सहदेव माझी, सिल्ली पश्चमी मंडल अध्यक्ष गुहीराम महतो,लालू कोइरी, प्रकाश मुंडा, पिनाकी बनर्जी, तापस पोद्दार, सदानंद सोनार, इत्यादि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## उलिहातु में विकास शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याओं का हो रहा है निष्पादन



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त के निर्देशानुसार अड़की प्रखंड अंतर्गत उलिहातु ग्राम में विकास शिविर का आयोजन 12 अक्तूबर तक किया जा रहा है। इस दौरान शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाये जाएंगे जहां ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित विविध योजनाओं की जानकारी दी गई। ग्रामीणों की शिकायत के आलोक में समाधान हेतु त्वरित कार्रवाई की गई। साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं की जानकारी ली गई। आधार स्टॉल में 10 लोगों का आधार सुधार कार्य किया गया। साथ ही लोगों को आयुष्मान भारत योजना की जानकारी दी गई। आज उलिहातु में आयोजित शिविर में आपूर्ति विभाग, आधार कार्ड, आभा कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाये गये थे। उक्त स्टालों के माध्यम से ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही लोगों से सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक होकर लाभ उठाने की अपील की गयी। कृषि विभाग के द्वारा लगाए गए स्टॉल में बीज वितरण किया गया। साथ ही पेंशन योजना के लाभुकों ने आवेदन किया।

## तमाड़ में मेरी माटी मेरा देश कलश यात्रा का शुभारंभ



**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड़ क्षेत्र के दिऊड़ी गांव में में शनिवार को पूर्व क्षेत्र संस्कृति केंद्र ,कोलकाता संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं सांस्कृतिक कार्य निदेशालय झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित झारखंड के 100 गांव में अमृत कलश यात्रा के पहले दिन का अभियान चलाया गया। घर - घर जाकर कलश में मिट्टी एकत्र किया गया। ढोल नगाड़ों के साथ प्रभात फेरी निकाली गयी। इसी कड़ी मे रांची जिला के पांच प्रखंड बुंडू , सोनाहातू , राहे, तमाड़, ओर ईटकी प्रखंड शामिल हैं। इसमे चंद्रदेव सिंह माननीय कार्यक्रम समिति सदस्य जिसमें निर्भय कुमार, मुकेश लोहारा,एन आर एम एक्सपर्ट जितेंद्र कुमार महतो, अमरेश कुमार मेहता कई अन्य लोग ने अपनी महत्व पूर्ण भूमिका निभाई। तमाड़ प्रखंड मे मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश अभियान को बीपीएम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।


## झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची

Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –21/2023–24

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय :– 16.10.2023 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय :– 17.10.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 17.10.2023 को अपराह्न 3.30 बजे ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थानः– :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
8. कार्यो की विवरणी :–

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Seepage repair and Renovation of Staff, Sister Dr. Chamber toilet & General toilet and bathroom (Left Side) & Improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work C-1 Block at 1st floor Medicine ICU Ward Rims Bariyatu Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1734876.00 | 35000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 2. | Seepage repair and Renovation of General Toilet and bathroom (Left Side) & Improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work C-1 Block at 2nd floor Surgery ICU Ward Rims Bariyatu Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1822795.00 | 37000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 3. | Seepage repair and Renovation of Staff Sister, Dr. Chamber toilet & General Toilet and bathroom (Left Side) & Improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work C-1 Block at 4th floor Gynae Ward Rims Bariyatu Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1833122.00 | 37000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 4. | Seepage repair and Renovation of toilet cum bathroom and Improvement of sanitary fittings and sewerage work and other allied work at C.T. Scan & X-Ray Department in Ground floor & 1st floor to building in Rims under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 2052673.00 | 42000.00 | 5000.00 | 02 Month |
| 5. | Seepage repair and Renovation of Staff Sister, Dr. Chamber toilet & General Toilet and bathroom (Right Side) & Improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work C-1 Block at 2nd floor Surgery ICU Ward Rims Bariyatu Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 2179333.00 | 44000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 6. | Seepage repair and Renovation of Doctor's toilet, Sister toilet, Staff toilet and General Toilet (Right & Left Side) with Improvement of W/S, S/I, sewerage work and other allied work at A2 Block, 2nd floor Surgery Department, Rims Bariyatu Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 2353726.00 | 48000.00 | 5000.00 | 02 Month |
| 7. | Renovation of Doctor's toilet, Sister toilet, Staff toilet and General Toilet (Right & Left Side) with Improvement of W/S, S/I, sewerage work and other allied work at A2 Block, Ground floor, Orthopaedics Department, Rims Bariyatu Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 2405179.00 | 49000.00 | 5000.00 | 02 Month |

नियम एवं शर्तें सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची

PR 308639 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

## कार्यालय, दक्षिणी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार,रांची।

**|| आम सूचना ||**

पत्रांक.............................. राँची / दिनांक–......................................

एतद् द्वारा सभी व्यवसायिक वाहन स्वामियों को सूचित करना है कि अंकेक्षण दल द्वारा आपके राष्ट्रीय प्राधिकरण परमिट के समाप्ति के उपरान्त अभी तक नवीकरण नहीं कराए जाने पर आपत्ति की गई है, जिसकी सूची निम्नवत है–

नेशनल परमिट की सूचीः–

| S. No. | VEHICLE NO. | VALIDITY UPTO | S. No. | VEHICLE NO. | VALIDITY PERIOD |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH01AA5501 | 16-07-2021 | 76 | JH01AY8812 | 06-05-2019 |
| 2 | JH01AB0712 | 28-08-2021 | 77 | JH01AZ6559 | 02-07-2019 |
| 3 | JH01AB0924 | 06-01-2019 | 78 | JH01AZ6811 | 30-06-2019 |
| 4 | JH01AB2275 | 25-09-2020 | 79 | JH01AZ7327 | 23-02-2020 |
| 5 | JH01AB2655 | 05-11-2018 | 80 | JH01AZ9715 | 23-08-2020 |
| 6 | JH01AB3368 | 12-11-2018 | 81 | JH01BA8386 | 26-10-2018 |
| 7 | JH01AB4692 | 07-12-2018 | 82 | JH01BA9482 | 15-08-2019 |
| 8 | JH01AB6472 | 10-11-2020 | 83 | JH01BB6257 | 01-02-2020 |
| 9 | JH01AC3161 | 17-12-2020 | 84 | JH01BB8500 | 30-10-2020 |
| 10 | JH01AD0915 | 12-01-2022 | 85 | JH01BC1206 | 15-05-2021 |
| 11 | JH01AD1124 | 07-03-2019 | 86 | JH01BC2394 | 21-11-2019 |
| 12 | JH01AD1313 | 27-02-2019 | 87 | JH01BC5047 | 06-11-2019 |
| 13 | JH01AD4317 | 29-03-2018 | 88 | JH01BC9396 | 13-12-2019 |
| 14 | JH01AD6392 | 13-02-2022 | 89 | JH01BC9441 | 22-02-2022 |
| 15 | JH01AE1232 | 11-08-2020 | 90 | JH01BE2272 | 14-10-2021 |
| 16 | JH01AE2249 | 10-05-2021 | 91 | JH01BE2315 | 02-03-2020 |
| 17 | JH01AE3749 | 10-08-2021 | 92 | JH01BE6100 | 22-02-2018 |
| 18 | JH01AE5052 | 29-01-2022 | 93 | JH01BE8942 | 15-02-2018 |
| 19 | JH01AE7040 | 21-04-2020 | 94 | JH01BF5905 | 11-04-2020 |
| 20 | JH01AF4032 | 19-12-2021 | 95 | JH01BF7119 | 11-04-2020 |
| 21 | JH01AF5715 | 04-10-2019 | 96 | JH01BG4540 | 12-12-2021 |
| 22 | JH01AG2288 | 08-12-2020 | 97 | JH01BG5206 | 15-12-2021 |
| 23 | JH01AG3524 | 11-01-2019 | 98 | JH01BG9783 | 01-07-2020 |
| 24 | JH01AG3724 | 11-01-2019 | 99 | JH01BJ0191 | 19-08-2021 |
| 25 | JH01AH4940 | 25-07-2019 | 100 | JH01BK1617 | 15-11-2018 |
| 26 | JH01AH6886 | 01-05-2020 | 101 | JH01BK4966 | 09-11-2021 |
| 27 | JH01AJ6917 | 26-01-2020 | 102 | JH01BK7542 | 17-01-2021 |
| 28 | JH01AJ9447 | 21-03-2020 | 103 | JH01BL8104 | 24-01-2018 |
| 29 | JH01AK0288 | 21-02-2019 | 104 | JH01BM1929 | 04-02-2021 |
| 30 | JH01AK0289 | 21-02-2019 | 105 | JH01BM4555 | 29-01-2018 |
| 31 | JH01AL2115 | 31-01-2018 | 106 | JH01BM8369 | 15-01-2018 |
| 32 | JH01AL2315 | 27-01-2021 | 107 | JH01BM9460 | 17-01-2018 |
| 33 | JH01AL6781 | 21-05-2020 | 108 | JH01BN5786 | 13-03-2019 |
| 34 | JH01AL9021 | 16-01-2019 | 109 | JH01BN8431 | 28-06-2021 |
| 35 | JH01AL9163 | 19-06-2021 | 110 | JH01BP3476 | 21-05-2019 |
| 36 | JH01AM2555 | 21-05-2020 | 111 | JH01BP3844 | 01-05-2021 |
| 37 | JH01AM5206 | 08-02-2022 | 112 | JH01BS2490 | 01-12-2021 |
| 38 | JH01AM7661 | 11-05-2018 | 113 | JH01BT3529 | 31-10-2021 |
| 39 | JH01AN0912 | 31-08-2020 | 114 | JH01BT9880 | 19-10-2020 |
| 40 | JH01AN1119 | 11-10-2021 | 115 | JH01BU0703 | 04-12-2018 |
| 41 | JH01AN4038 | 16-03-2018 | 116 | JH01BX1343 | 19-07-2018 |
| 42 | JH01AN7821 | 04-10-2019 | 117 | JH01BY7800 | 16-05-2020 |
| 43 | JH01AP3229 | 29-11-2018 | 118 | JH01BZ0347 | 15-02-2020 |
| 44 | JH01AP3230 | 24-12-2018 | 119 | JH01BZ0611 | 15-02-2022 |
| 45 | JH01AP3793 | 28-12-2018 | 120 | JH01BZ1205 | 05-02-2020 |
| 46 | JH01AQ1065 | 22-10-2021 | 121 | JH01BZ5817 | 15-02-2020 |
| 47 | JH01AQ7057 | 20-12-2018 | 122 | JH01BZ8800 | 05-02-2020 |
| 48 | JH01AR0794 | 17-04-2021 | 123 | JH01BZ9940 | 05-02-2022 |
| 49 | JH01AR1957 | 22-03-2018 | 124 | JH01CA9162 | 14-12-2018 |
| 50 | JH01AR5036 | 26-06-2018 | 125 | JH01CC0118 | 11-01-2019 |
| 51 | JH01AR6461 | 29-05-2019 | 126 | JH01CC0531 | 11-01-2019 |
| 52 | JH01AS6542 | 26-06-2018 | 127 | JH01CC0593 | 16-05-2018 |
| 53 | JH01AT2910 | 01-12-2018 | 128 | JH01CC1207 | 11-01-2019 |
| 54 | JH01AT4919 | 16-07-2021 | 129 | JH01CC1440 | 07-12-2019 |
| 55 | JH01AT6559 | 26-07-2019 | 130 | JH01CC2145 | 11-01-2019 |
| 56 | JH01AT7121 | 28-01-2022 | 131 | JH01CC2497 | 11-01-2019 |
| 57 | JH01AU1441 | 23-08-2020 | 132 | JH01CC3104 | 11-01-2019 |
| 58 | JH01AU5330 | 15-07-2020 | 133 | JH01CC4299 | 11-01-2019 |
| 59 | JH01AU7129 | 31-07-2019 | 134 | JH01CC4559 | 29-11-2018 |
| 60 | JH01AU8972 | 04-03-2022 | 135 | JH01CC4695 | 11-01-2019 |
| 61 | JH01AV0339 | 23-02-2019 | 136 | JH01CC6369 | 11-01-2019 |
| 62 | JH01AV0661 | 16-01-2019 | 137 | JH01CC7608 | 26-04-2020 |
| 63 | JH01AV1862 | 23-06-2020 | 138 | JH01CC7657 | 11-01-2019 |
| 64 | JH01AV2273 | 25-01-2019 | 139 | JH01CC7823 | 11-01-2019 |
| 65 | JH01AV5402 | 03-12-2018 | 140 | JH01CC8169 | 11-01-2019 |
| 66 | JH01AV6774 | 03-04-2018 | 141 | JH01CC8344 | 11-01-2019 |
| 67 | JH01AV7129 | 16-10-2019 | 142 | JH01CC9927 | 11-01-2019 |
| 68 | JH01AV8790 | 11-12-2018 | 143 | JH01CD3123 | 19-02-2021 |
| 69 | JH01AW3011 | 31-12-2021 | 144 | JH01CD6210 | 11-12-2020 |
| 70 | JH01AW3746 | 21-01-2020 | 145 | JH01CE6798 | 21-05-2018 |
| 71 | JH01AX1039 | 21-02-2019 | 146 | JH01CH5448 | 27-07-2020 |
| 72 | JH01AX1811 | 31-01-2021 | 147 | JH01CH6588 | 11-01-2019 |
| 73 | JH01AX5133 | 01-01-2019 | 148 | JH01CJ4543 | 16-05-2018 |
| 74 | JH01AX5396 | 22-06-2020 | 149 | JH01CJ5580 | 26-05-2018 |
| 75 | JH01AY8225 | 16-07-2021 | 150 | JH01CJ7694 | 16-05-2020 |

अतः उपरोक्त सभी वाहन स्वामियों को अपने वाहनों का परमिट अवधि समाप्ति के उपरांत परिचालित कर रहे है, वो अपना राष्ट्रीय प्राधिकरण परमिट का नवीकरण सूचना प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के अंदर करा लेंगे। अन्यथा बिना परमिट वाहन परिचालित होते हुए पाए जाने पर उनके विरूद्ध मोटरवाहन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

उप परिवहन आयुक्त–सह–सचिव,
द०छो०प्रा०परि०प्राधिकार,रांची।

PR 308596 (Transport) 23-24 (D)

# दोहरे हत्याकांड में शामिल पीएलएफआई उग्रवादी लादेन गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जगन्नाथपुर :** दोहरे हत्याकांड में शामिल पीएलएफआई उग्रवादी जोसेफ गुड़िया उर्फ लादेन को पुलिस ने आनन्दपुर एवं बानो थाना क्षेत्र के सीमावर्ती घाटवाजार से गिरफ्तार कर लिया है। वह गुदड़ी थाना क्षेत्र के काईन का रहने वाला है। शुक्रवार को पश्चिमी सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि आनन्दपुर थाना के धारा 302, 201,34 भादवि एवं 25 (1-बी) ए आर्म्स एक्ट का प्राथमिकी अभियुक्त जोसेफ गुड़िया उर्फ लादेन आनन्दपुर एवं बानो थाना क्षेत्र के सीमावर्ती घाटवाजार में मोटरसाईकिल से घूम रहा है। प्राप्त सूचना के आलोक में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर एक छापामारी दल का गठन किया गया एवं छापामारी दल द्वारा घेरा बन्दी करते हुए जोसेफ को गिरफ्तार कर लिया गया। जोसेफ प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के एरिया कमाण्डर सुजीत कुमार राम उर्फ साहु जी के द्वारा अपने दो सहयोगियों का हत्या कर उनका शव को पतियार मंगरा दोहा नाला के पास दफना दिया गया था। जिस को उसने पुलिस के समक्ष स्वीकार भी किया था। जोसेफ के पास पैशन प्रो मोटरसाईकिल बरामद कर लिया गया है।



## जीवित्पुत्रिका व्रत रख महिलाओं ने की संतान की दीर्घायु की कामना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जगन्नाथपुर :** जगन्नाथपुर मुख्यालय व आस-पास के विभिन्न स्थानों पर शनिवार को महिलाओं ने एकजुट होकर जीवित्पुत्रिका व्रत मनाया. जगन्नाथपुर शिव मंदिर टोला में पुरोहित अवध किशोर मिश्रा ने महिलाओं को जितिया व्रत की कथा सुनाई.साथ ही पुरोहित ने बताया कि सनातन धर्म में जीवित्पुत्रिका पर्व का विशेष महत्व है. इस व्रत को करने से संतान की आयु लंबी होती है. साथ ही पुत्र को आरोग्य जीवन प्राप्त होता है. इस व्रत में महिलाएं 24 घंटे तक निर्जला उपवास रखती हैं. जितिया व्रत में स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण किया जाता है. इसके बाद भगवान जीमूतवाहन की पूजा की जाती है. कुश से बने जीमूतवाहन की प्रतिमा को धूप-दीप, चावल, पुष्प आदि अर्पित की जाती है.इस मौके पर पुजारी रोहित मिश्रा ने भी जगन्नाथपुर सहित गाँव में जाकर पूजा-अर्चना कर पुत्र की लंबी आयु के लिए व्रत की कथा को सुनाया. जिसमें काफी संख्या में महिलाएं ने कथा को सुनाकर पुत्र की रक्षा व लम्बी आयु की कार्मना की.

# टाटा स्टील ने शहर का पहला जमशेदपुर सिटी फॉरेस्ट जनता को किया समर्पित





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहरी वनों की अवधारणा को ध्यान में रखते हुए, टाटा स्टील ने अपनी तरह का पहला जमशेदपुर सिटी फॉरेस्ट जमशेदपुर के नागरिकों को समर्पित किया। टाटा स्टील के वाइस वाईस प्रेसिडेंट, (कॉर्पोरेट सर्विसेज) चाणक्य चौधरी ने टाटा वर्कर्स यूनियन (टीडब्ल्यूयू) के अध्यक्ष संजीव चौधरी के साथ अवनीश गुप्ता, वाईस प्रेसिडेंट, (टीक्यूएम और ईएंडपी) टाटा स्टील, अत्रेयी सान्याल, वाईस प्रेसिडेंट (ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट), टाटा स्टील, शैलेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष, टीडब्ल्यूयू और सतीश कुमार सिंह, महासचिव, टीडब्ल्यूयू और टाटा स्टील के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में कदमा में जमशेदपुर सिटी फॉरेस्ट का उद्घाटन किया। जमशेदपुर सिटी फ़ॉरेस्ट शहरीकरण के कारण शहरों में हरे-भरे स्थानों की कमी को दूर करने का एक सचेत प्रयास है। जमशेदपुर सिटी फॉरेस्ट 5.10 एकड़ भूमि में फैला हुआ है और इसमें 37,000 से अधिक वृक्षारोपण किये गए हैं। यह वृक्षारोपण की मियावाकी पद्धति का उपयोग करता है, जो 15-20 वर्षो के भीतर देशी शहरी वन पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करता है। यह जंगल जेएमडी पार्क, कदमा बायोडायवर्सिटी पार्क, जमशेदपुर नेचर ट्रेल, दलमा व्यू प्वाइंट, सीआरएम बारा आदि जैसे बड़े पैमाने के पहल के अनुरूप है, जिसने 2016 में जमशेदपुर में हरित आवरण को लगभग 35त्न से 2023 में लगभग 38त्न तक बढ़ाने में मदद की है। शहरी वन मानव कल्याण के लिए फायदेमंद हैं, जैव विविधता का समर्थन करते हैं और ताजी हवा के लिए शहर के भीतर सांस लेने के लिए खुली जगह प्रदान करते हैं, जो बड़े कार्बन सिंक के रूप में कार्य करते हैं। टाटा स्टील के जमशेदपुर सिटी फ़ॉरेस्ट में पेड़ों के पूर्ण परिपक्वता तक पहुँचने पर सालाना 460 टन कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित करने की उम्मीद है। जंगल में लगभग 2 मिलियन लीटर की जल धारण क्षमता और एक वर्षा जल संचयन तालाब भी है।

## पप्पू का सम्मान सोनारी के लिए गर्व : समिति



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के वरीय अधिवक्ता एवं सोनारी थाना शांति समिति के सचिव सुधीर कुमार पप्पू को कोल्हान गौरव सम्मान मिलना सोनारी के लोगों के लिए गर्व की बात है। पप्पू समान रूप से सभी वर्ग एवं जाति के लिए कार्य करते हैं और कानून व्यवस्था अथवा पारिवारिक मामला हो उनकी भागीदारी सराहनीय रहती है। वहीं पर्व त्यौहार के सफल आयोजन एवं सांप्रदायिक सौहार्द में प्रशंसनीय भूमिका होती है। उक्त विचार जिला पंचायती राज पदाधिकारी रजनीकांत मिश्रा, पुलिस उपाधीक्षक अनिमेष कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी सह निरीक्षक विष्णु रावत एवं अन्य वक्ताओं के रहे। थाना स्तरीय शांति समिति की बैठक में अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू को गुलदस्ता एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जमशेदपुर आदि सूचित क्षेत्र समिति के विशेष पदाधिकारी प्रमोद उरांव, अधिवक्ता त्रिभुवन यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार, कांग्रेस नेता संजय यादव, संजय रजक, दीपक यादव, मोहम्मद कमरुद्दीन, सरिता देवी, रविंद्र प्रसाद प्रदीप लाल, सरबजीत सिंह व अन्य उपस्थित थे।

## टाटा स्टील यूआईएसएल ने मनीफिट में पैकेज्ड सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का किया उद्घाटन




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा स्टील यूआईएसएल ने उड़िया बस्ती, मनीफिट, जमशेदपुर में अत्याधुनिक 500 केएलडी पैकेज्ड सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का उद्घाटन किया। इस सुविधा का उद्घाटन टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी और प्रणय सिन्हा, चीफ, कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथियों में टाउन ओएंडएम और आरई के वरिष्ठ महाप्रबंधक कैप्टन धनंजय मिश्रा, संजीव कुमार झा, वरुण बजाज उपस्थित थे। यह सुविधा मनिफ़िट क्षेत्र को कवर करेगी, जिससे उस स्थान के निवासियों को लाभ होगा। प्रति दिन 500,000 लीटर सीवेज का उपचार करने की क्षमता के साथ, यह संयंत्र स्थानीय समुदाय की जरूरतों को पूरा करेगा, जिससे क्षेत्र में स्वच्छता और स्वच्छता बढ़ाने में बहुमूल्य योगदान मिलेगा। टाटा स्टील यूआईएसएल टिकाऊ और समावेशी समुदाय बनाने के अपने मिशन के लिए प्रतिबद्ध है।

## जमशेदपुर के कांग्रेसी रांची में हुए सम्मानित

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) द्वारा शनिवार को रांची में आयोजित प्रदेश स्तरीय मिलाप सम्मेलन कार्यक्रम में कांग्रेस से जुड़े हुए पुराने एनएसयूआई के पदाधिकारियों को पूर्व एवं वर्तमान में अच्छे कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। जिसमें कांग्रेस के झारखंड प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने सभी लोगों को सम्मानित पत्र देकर 2024 के लोकसभा चुनाव में झारखंड में सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन को विजय बनाने हेतु अभी से लग जाने को कहा। सम्मानित होने वालों जमशेदपुर के युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव राकेश साहू, महिला जिला अध्यक्ष नलिनी सिन्हा, शबाना परवीन, संतोष साहू, सिकंदर आदिल हैं। कार्यक्रम को वर्तमान प्रदेश महासचिव परविंदर सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सीएलपी लीडर आलमगीर आलम, पूर्व नेता छात्र नेता राजेश सिंह राजू, जमशेदपुर जिला कार्यकारी अध्यक्ष सचिन कुमार आदि मौजूद थे।



## गुवा पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग

**जगन्नाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जगन्नाथपुर अनुमंडल क्षेत्र नोवामुंडी प्रखंड के गुवा पुलिस ने बाजार क्षेत्र में शनिवार को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया. यह अभियान चाईबासा पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर के निर्देश पर चलाया गया. अचानक अभियान शुरू होने से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया. इस दौरान ड्राइविंग लाइसेंस, रोड टैक्स, पॉल्यूशन, हेलमेट, इंश्योरेंस आदि कागजातों की जांच की गई. साथ ही चार चक्का वाहनों की डिक्की खोल कर बारीकी से जांच की गई. जांच में कई वाहन चालकों के पास कागजात नहीं रहने व हेलमेट नहीं पहने होने पर जरूरी दिशा-निर्देश देते हुए छोड़ दिया गया।

## टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क का वन्यजीव सप्ताह समारोह संपन्न

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में वन्यजीव सप्ताह समारोह 2023 के अंतिम दिन फैंसी ड्रेस परेड का आयोजन के साथ संपन्न हो गया। प्रतियोगिता में 26 स्कूलों के कुल 520 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टाटा स्टील जूलॉजिकल सोसाइटी के सचिव कैप्टन अमिताभ और सम्मानित अतिथि बिपुल चक्रवर्ती, निदेशक, टीएसजेडपी ने फैंसी ड्रेस परेड के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। वन्यजीव सप्ताह समारोह- 2 अक्टूबर 2023 को शुरू हुआ और इसमें ऑन द स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता, इंटर स्कूल वाद-विवाद प्रतियोगिता, ज़ूस्टॉर्म (ऑनलाइन क्विज़) और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता सहित कई कार्यक्रम हुए। इस उत्सव में 3 अलग-अलग राज्यों से 35 संस्थानों के लगभग 1926 प्रतिभागियों ने भाग लिया। वन्यजीव सप्ताह समारोह 2023 का संचालन डॉ. सीमा रानी, जीवविज्ञानी सह शिक्षा अधिकारी, टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क द्वारा किया गया।

# जिले के सभी विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल व शौचालय व्यवस्था सुदृढ़ करने का निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं का समीक्षा बैठक आहूत किया गया। बैठक में उपायुक्त ने शत प्रतिशत विद्यालय एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में पेयजल एवं शौचालय व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु संचालित कार्यों की समीक्षा कर मरम्मती एवं नए निर्माण कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कार्यों के गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा विद्यालय आंगनबाड़ी केंद्र एवं स्वास्थ्य केंद्र में शौचालय की नियमित साफ सफाई जरूरत अनुसार तत्काल मरमत्ती सम्बन्धित विभागीय पदाधिकारी सुनिश्चित करेंगे। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित निर्माण कार्य में तेजी लाने, लक्ष्य निर्धारित कर हर घर नल जल योजना अंतर्गत गाँव की सर्टिफिकेशन करने, जल जीवन मिशन योजना से सभी विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्रों को जोड़ने के निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, जिला पंचायती राज पदाधिकारी शंकराचार्य शामद, जिला शिक्षा पदाधिकारी जितेंद्र सिन्हा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सत्या ठाकुर, जिला कृषि पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता सिचाई विभाग एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सारथी ने बागुनहातु बस्ती में कराया फॉगिंग

**जमशेदपुर :** शहर की सामाजिक संस्था सारथी द्वारा शनिवार की शाम को डेंगू रोकथाम के लिए बागुनहातु बस्ती के कई क्षेत्र में साफ सफाई कर फॉगिंग कराया गया, ताकि डेंगू मच्छर पैदा ना हो सके। साथ ही बस्ती वासियों को डेंगू से बचाव के लिए जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम सारथी संस्था के अध्यक्ष पूजा अग्रवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अभियान में विजय अग्रवाल, शंभु सिंह, सुशांत, दीपक, निखिल मोनू, संगीता, आशीष, राजेश, सोहनी शामिल थे।

# स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के जनता दरबार में पहुंचे दर्जनों फरियादी, समस्याओं का समाधान का दिया आश्वासन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** कांग्रेस के बोड़ाम प्रखंड कमेटी की ओर से शनिवार को साढ़े बारह बजे से कुईयानी पंचायत भवन में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान दर्जनों की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याओं को रखा। पटमदा के किसान बगला किंकर मिश्रा ने आठ महीने पहले लैम्पस में सरकार को बेचे गए धान की बकाया राशि अबतक नही मिलने की लिखित शिकायत स्वास्थ्य मंत्री से की। इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने मौके पर मौजूद बीएओ को लैम्पस से बकाया राशि नही मिलने वाले किसानों की संख्या व मिलने वाली राशि को पता करते हुए डाटा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। मंत्री ने किसानों को आश्वासन देते हुए कहा कि यह गंभीर मामला है। जिले के उपायुक्त से बातकर जल्द भुगतान करवायेंगे। कुईयानी गांव के नाबालिग गूंगी रेखा प्रमाणिक की विकलांग प्रमाण पत्र नही बनने की शिकायत उसके परिजन ने मंत्री से की तो मंत्री ने सिविल सर्जन से दूरभाष पर बात करते हुए जल्द से जल्द प्रमाण पत्र बनाने का निर्देश दिया है। शिक्षक दिलीप कुमार महतो ने बोड़ाम में झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय खोलवाने की मांग की तो मंत्री ने उपायुक्त से बात करते हुए सकारात्मक आश्वासन दिया है। झामुमो नेता श्यामा पद महतो ने बोड़ाम में नियमित स्वास्थ्य सेवा चालू करने की मांग मंत्री से की है। इसके अलावे कई और लोगों ने समस्याएं रखीं जिसके समाधान का आश्वासन दिया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, मोहनलाल बनर्जी, किशनलाल महतो, मृत्युंजय महतो, प्रमुख ललिता सिंह, देवजानी दास, पूर्व पार्षद स्वपन कुमार महतो, छुटुलाल हांसदा, श्यामापद महतो, मनोज महतो, बलराम महतो के अलावे बीडीओ नाजिया अफरोज, सीएचसी प्रभारी डॉ. क्रिष्टोफर बेसरा, डॉ. प्रशांत कुमार आदि मौजूद थे।



# टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिवीजन का डीजीएमएस व यूनियन के साथ त्रिपक्षीय समिति बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील के वेस्ट बोकारो डिवीजन ने खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) और यूनियन के सहयोग से आज होटल बीएनआर चाणक्य, रांची में त्रिपक्षीय समिति की बैठक का आयोजन किया। यह बैठक टाटा स्टील के तीन डिवीजनों - ओएमक्यू डिवीजन, वेस्ट बोकारो डिवीजन और एफएएमडी और उनके संबंधित लोकेशन्स के यूनियनों के लिए आयोजित की गई थी। बैठक के दौरान, ओपनकास्ट खनन में उपयोग की जाने वाली प्रौद्योगिकियों और कार्यस्थल पर्यवेक्षण को बढ़ाने के तरीकों से संबंधित प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने मूल्यवान सुझाव भी साझा किए। बैठक की अध्यक्षता एसडी चिद्दरवार, उप महानिदेशक (एसईजेड), अतिरिक्त प्रभार, और डीबी सुंदरा रामम, वाईस प्रेसिडेंट, रॉ मटेरियल्स, टाटा स्टील द्वारा अनुराग दीक्षित, जेनरल मैनेजर, वेस्ट बोकारो डिवीजन, अतुल कुमार भटनागर, जेनरल मैनेजर, ओएमक्यू डिवीजन, और पंकज कुमार सतीजा, ईआईसी, एफएएमडी, टाटा स्टील की उपस्थिति में हुई। बैठक में टाटा स्टील, डीजीएमएस और यूनियन सदस्यों के लगभग 180 प्रतिभागियों ने भाग लिया। त्रिपक्षीय बैठक सदस्यों के लिए सुरक्षित और उत्पादक कार्य वातावरण के संबंध में अपने विचार और चिंताओं को साझा करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करती है।




# फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन का खाद्यान्न आवंटन में त्रुटि का आरोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी से मिलकर उन्हें खाद्य एवं उपभोक्ता मामले के निदेशक के नाम ज्ञापन सौंपकर जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं के खाद्यान्न आवंटन में हुई त्रुटि की शिकायत की है। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अध्यक्ष मोहन साव पारस ने किया। मोहन साव ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि जिले में अक्टूबर माह के विरुद्ध जो आवंटन जन वितरण प्रणाली विक्रेता आवंटित किया गया है, उसमें कई खामियां है. अनेक जन वितरण प्रणाली विक्रेता को आवंटित खाद्यान्न में से क्लोजिंग बैलेंस जो ऑनलाइन आवंटन में दर्शाया गया है, उसे समायोजन के उपरांत 'एलोटेड क्वांटिटी अंडर प्रोसेस' दिखाया गया है. इसकारण कई विक्रेताओं को खाद्यान्न प्राप्त नहीं हो पा रहा है तथा कार्डधारियों में रोष बढ़ता जा रहा है। एसोसिएशन की ओर से निदेशक से आग्रह किया गया कि 'क्वांटिटी एलोटेड कॉलम अंडर प्रोसेस' को हटाते हुए आवंटन विमुक्त किया जाए. ताकि जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को अक्टूबर माह का आवंटन प्राप्त हो सके तथा कार्डधारियों को आगामी दुर्गापूजा के मद्देनजर राशन प्रदान किया जा सके। प्रतिनिधिमंडल में एसोसिएशन के महासचिव प्रमोद गुप्ता, कोषाध्यक्ष नागेश जायसवाल, पूरन साव, पप्पू कुमार, प्रमोद कुमार गुप्ता, संजय साव, अजय कुमार साव, सुकुमार सरकार, बिनोद साव सहित कई दुकानदार मौजूद थे।



# बीएसएसपी जमशेदपुर ने जीता एचएलएम ट्रॉफी का खिताब, 3-0 से डीआर स्पोर्टिंग को हराया

## हरेलाल का जनता के प्रति सेवा और समर्पण सराहनीय : सुदेश महतो





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** हरेलाल महतो (एचएलएम ट्रॉफी) का फाइनल मैच बीएसएसपी जमशेदपुर और डीआर स्पोर्टिंग के बीच हुई। बीएसएसपी जमशेदपुर ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए डीआर स्पोर्टिंग को 3 - 0 से हराया। फाइनल मैच के समापन के बाद विजेता टीम बीएसएसपी जमशेदपुर को दो लाख रुपये तथा एचएलएम ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। वहीं, उपविजेता टीम डीआर स्पोर्टिंग को डेढ़ लाख रुपये तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ साथ तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले टीम एक - एक लाख रुपये तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने दर्शकों और खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ईचागढ़ विधानसभा के जनता के प्रति हरेलाल बाबू का सेवा और समर्पण दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, यह सराहनीय कार्य है। इससे क्षेत्र के खिलाड़ियों को उभरने का अवसर मिलेगा। हरेलाल बाबू द्वारा क्षेत्र के जनता की सेवा में एम्बुलेंस प्रदान करना अपने आप ऐतिहासिक कार्य है। उन्होंने कहा कि यहां पर आयोजित रक्तदान शिविर में 100 यूनिट से अधिक रक्तदान होना सराहनीय कार्य है। इस मौके पर पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, झारखंड आंदोलनकारी नेता डॉ देवशरण भगत, दलगोबिंद महतो, नीमडीह जिला परिषद असित सिंह पात्र, सत्यनारायण महतो, नंदू पटेल, अमला मुर्मू, रविशंकर मौर्या, जिलाध्यक्ष सचिन महतो, कन्हैया सिंह, दुर्योधन गोप, गोपेश महतो, अरुण महतो, धर्मराज प्रधान समेत सैकड़ों की संख्या में अतिथि मौजूद थे। जन सेवा ही लक्ष्य के संस्थापक हरेलाल महतो ने कहा कि क्षेत्र के खेल प्रतिभा को निखारने के लिए जन सेवा ही लक्ष्य की ओर से फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया था।

# जिले में नीचे आ रहा है अपराध का ग्राफ : एसपी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि जिले में अपराध का ग्राफ पूर्व की अपेक्षा नीचे आ रहा है। उन्होंने बताया विगत दो माह में विभिन्न मामलों में 77 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। साथ ही अन्य मामले एवं वारंट में 57 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। पिछले दो माह के मध्य हुए आपराधिक मामलों पर उन्होंने बताया हत्या के कुल 8 मामले दर्ज हुए हैं जिसमें 10 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है।इसमें एक पिस्टल, एक देसी कट्टा, एक खाली मैगजीन एवं दो बुलेट बरामद किया गया है। डकैती से संबंधित एक मामला दर्ज हुआ है जिसमें चार आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। लूट का एक मामला, आर्म्स एक्ट का एक मामला तथा चोरी से संबंधित सर्वाधिक 18 मामले दर्ज किए गए हैं। चोरी के मामलों पर अंकुश लगाने के लिए सभी थाना प्रभारियों को पेट्रोलिंग पर जोर देने का निर्देश दिया गया है।अवैध खनन से संबंधित आठ मामले तथा अवैध शराब के विरुद्ध चलाए गए अभियान में 16 मामलों को दर्ज करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। नारकोटिक्स के कुल 8 मामले जिसमें 9 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। दुष्कर्म के तीन मामले ,आईटी एक्ट के एक मामले तथा अपहरण के एक मामले पर पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।



## संपादकीय

# जातिगत गणना के खतरे

**बिहार** सरकार ने जातिगत जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक कर दिए हैं। उनको लेकर जिस प्रकार की बहस प्रारंभ हुई है, उससे तो यही लगता है कि यह आंकड़े कहीं देश को बड़े खतरे की ओर न धकेल दें। राजनेता सत्ता की हवस में जातिगत विभेद को हवा देने का काम कर रहे हैं लेकिन जब यह विभेद गंभीर रूप धारण कर लेगा, तो यही नेता भाग खड़े होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने भाषण में कहा ही है कि कुछ लोग समाज को जात-पात में बाँटकर सत्ता में आना चाहते हैं। ये लोग विकास विरोधी हैं। विकास के मुद्दे पर राजनीति करने की अपेक्षा जातिवादी राजनीति को हवा दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट ही कहा है कि विकास विरोधी ये लोग गरीबों की भावनाओं से खेल रहे हैं। गरीबों को जात-पात में उलझाना चाहते हैं। दरअसल, मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति करनेवाले दल जातिगत आंकड़ों की राजनीति पर इसलिए उतर आए हैं क्योंकि वे हिन्दू समाज को कमजोर करना चाहते हैं। पिछले कुछ वर्षों से हिन्दुओं की एकजुटता ने उनके राजनीतिक गणित को बिगाड़ दिया है। अब वे दल अपना गणित ठीक करने के लिए हिन्दू समाज को जातियों में बाँटना और आपस में उलझाने की साजिशें रच रहे हैं। जातिगत आंकड़े सामने आएं, तब हिन्दू समाज को बहुत धैर्य और एकजुटता से काम लेना होगा। कुछ समझदार लोगों ने आंकड़ों को उसी ढंग से देखा और दिखाने का प्रयास भी किया। याद रखें कि आज कांग्रेस जातिगत आंकड़ों को जारी करने की माँग कर रही है लेकिन एक दौर था जब कांग्रेस इस प्रकार की राजनीति से बचती थी और इसे देश-समाज के लिए खतरा मानती थी। पंडित जवाहरलाल नेहरू और मौलाना आजाद जैसे नेताओं को अपना आदर्श बताते नहीं थकनेवाली कांग्रेस का आज का विचार इन नेताओं के विचार का सर्वथा विरोधी विचार है। पंडित नेहरू, मौलाना आजाद और यहाँ तक कि बाबा साहेब अंबेडकर ने भी यह तय किया था कि सरकार जातिगत जनगणना नहीं कराएगी, क्योंकि ये समाज में विभाजनकारी हो सकते हैं। उस समय केवल अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की गणना की गई क्योंकि उन्हें आरक्षण देना था। संवैधानिक बाध्यता के कारण अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की गणना की गई। लेकिन आज कांग्रेस अपने ही पुरुखों के विचार के विरुद्ध आचरण कर रही है। यह भी ध्यान रखना चाहिए कि कांग्रेस जब तक सत्ता में रही, उसने तब तक जातिगत जनगणना एवं उसके आंकड़े सार्वजनिक करने के विचार को स्वीकार नहीं किया। बिहार की भाँति कर्नाटक में एक दशक पहले ही जातिगत गणना कराई जा चुकी है लेकिन कांग्रेस ने कभी उसकी रिपोर्ट जारी करने की हिम्मत नहीं की। कांग्रेस की केंद्र सरकार ने भी जातिगत जनगणना करा ली थी लेकिन उसका डेटा कभी बाहर नहीं ला सकी। आज राहुल गांधी भाजपा सरकार से माँग करते हैं कि वह जातिगत आंकड़े जारी करे। भाजपा से माँग करने से पहले उन्हें यह बताना चाहिए कि इतने वर्षों तक सत्ता में रहने के बाद भी उन्होंने यह काम क्यों नहीं किया? जब उन्होंने 2011 की जनगणना में यह डेटा एकत्र कर लिया था तब सरकार से बाहर होने तक की किसकी प्रतीक्षा कर रहे थे? क्या कांग्रेस स्वयं को कमजोर मानती थी कि एक दृढ़ इच्छाशक्ति वाली सरकार की प्रतिक्षा कर रही थी, जो साहसिक निर्णय लेने में सक्षम हो। वास्तविकता यह है कि कांग्रेस का जो गंभीर एवं अनुभवी नेतृत्व है, वह भी जातिगत आंकड़ों को सार्वजनिक करने के खतरों से अवगत था, इसलिए कांग्रेस ने कभी ऐसी पहल नहीं की। आज कांग्रेस में जिनकी चलती है, उनकी सोच देश-समाज को लेकर कांग्रेस के ही अनुभवी नेतृत्व की तरह नहीं है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने भाषण में कहा ही है कि कुछ लोग समाज को जात-पात में बाँटकर सत्ता में आना चाहते हैं। ये लोग विकास विरोधी हैं। विकास के मुद्दे पर राजनीति करने की अपेक्षा जातिवादी राजनीति को हवा दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट ही कहा है कि विकास विरोधी ये लोग गरीबों की भावनाओं से खेल रहे हैं। गरीबों को जात-पात में उलझाना चाहते हैं। दरअसल, मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति करनेवाले दल जातिगत आंकड़ों की राजनीति पर इसलिए उतर आए हैं क्योंकि वे हिन्दू समाज को कमजोर करना चाहते हैं। पिछले कुछ वर्षों से हिन्दुओं की एकजुटता ने उनके राजनीतिक गणित को बिगाड़ दिया है। अब वे दल अपना गणित ठीक करने के लिए हिन्दू समाज को जातियों में बाँटना और आपस में उलझाने की साजिशें रच रहे हैं। जातिगत आंकड़े सामने आएं, तब हिन्दू समाज को बहुत धैर्य और एकजुटता से काम लेना होगा। कुछ समझदार लोगों ने आंकड़ों को उसी ढंग से देखा और दिखाने का प्रयास भी किया। याद रखें कि आज कांग्रेस जातिगत आंकड़ों को जारी करने की माँग कर रही है लेकिन एक दौर था जब कांग्रेस इस प्रकार की राजनीति से बचती थी और इसे देश-समाज के लिए खतरा मानती थी।

## कुछ अलग

# बदल जाएंगे समीकरण

**जाति** आधारित गणना के नतीजे जारी कर बिहार ने देश की राजनीति को फिर एक घुमावदार मोड़ दे दिया है। चाहे सत्तर के दशक में आपातकाल के खिलाफ जेपी आंदोलन हो या नब्बे के दशक में शुरू हुई मंडल राजनीति- बिहार ने दोनों मौकों पर बदलाव की अगुआई की थी। अब जब पिछले करीब एक दशक से देश में कथित सेकुलर राजनीति को विस्थापित करती हुई राष्ट्रवादी राजनीति हावी दिख रही थी, जाति आधारित गणना के नतीजों के रूप में बिहार ने ऐसा धमाका किया है, जिसके अंदर चुनावी राजनीति के समीकरण बदलने का माद्दा है। खैर, अभी तो सब इसी गणना में लगे हैं कि अगर पिछड़े और अति पिछड़े मिलकर राज्य की आबादी का दो तिहाई हो जाते हैं तो फिर इसकी काट के तौर पर दूसरा कौन सा समीकरण पेश किया जा सकता है। चूंकि बिहार सरकार ने जाति आधारित गणना की रिपोर्ट सार्वजनिक कर दी है, तो अब केंद्र की BJP सरकार का यह तर्क निरर्थक हो गया है कि राष्ट्रीय स्तर पर ऐसा करना व्यावहारिक रूप में संभव नहीं है। अब हर तरफ से यही सवाल उठेगा कि जब एक राज्य में संभव हो गया तो दूसरे राज्यों में और राष्ट्रीय स्तर पर भी यह काम क्यों नहीं हो सकता। चूंकि इस सवाल का कोई संतोषजनक जवाब उपलब्ध नहीं है, इसलिए BJP नेताओं का भी मुख्य स्वर यही हो गया है कि वे जाति आधारित गणना के खिलाफ नहीं हैं और बिहार सरकार के फैसले में भी शुरू से शामिल रहे हैं। लेकिन सवाल यह है कि जातिगत जनगणना के मसले पर पॉजिटिव रुख दिखाकर BJP क्या I.N.D.I.A गठबंधन के मुकाबले बढ़त बना पाएगी? अक्सर ऐसा होता है कि जिस मुद्दे पर जिसने शुरुआत की, उसे उसका लाभ भी तुलनात्मक रूप से अधिक होता है। जाति जनगणना के मामले में यह काम JDU और RJD ने किया है, जो BJP के खिलाफ बने I.N.D.I.A गठबंधन का हिस्सा हैं। लेकिन इसके साथ यह भी याद रखना होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। ऐसे में किसी भी चुनाव में मोदी फैक्टर की अनदेखी नहीं की जा सकती। दूसरी ओर, यह सवाल भी बना हुआ है कि क्या यह मुद्दा चुनाव तक प्रासंगिक बना रहेगा! राजनीति में तो एक सप्ताह का वक्त भी लंबा माना जाता है, ऐसे में 6 महीने बाद होने वाले लोकसभा चुनाव तक बहुत कुछ बदलने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। दूसरी बात यह कि 2023 का भारत नब्बे के दशक के भारत से अलग है। जाति आज भी महत्वपूर्ण है, लेकिन वह हमारी आजीविका, सोच और खासकर वोटिंग बिहेवियर को उस तरह से प्रभावित नहीं करती, जैसे नब्बे के दशक में करती थी। इसलिए देखना होगा कि यह मुद्दा लोगों तक किस रूप में पहुंचता है, राजनीतिक दल खुद को इसके लिए किस तरह से तैयार करते हैं और जातीय गणित से आगे इसकी केमिस्ट्री किस तरह से विकसित होती है।

बिहार ने ऐसा धमाका किया है, जिसके अंदर चुनावी राजनीति के समीकरण बदलने का माद्दा है। खैर, अभी तो सब इसी गणना में लगे हैं कि अगर पिछड़े और अति पिछड़े मिलकर राज्य की आबादी का दो तिहाई हो जाते हैं तो फिर इसकी काट के तौर पर दूसरा कौन सा समीकरण पेश किया जा सकता है। चूंकि बिहार सरकार ने जाति आधारित गणना की रिपोर्ट सार्वजनिक कर दी है, तो अब केंद्र की BJP सरकार का यह तर्क निरर्थक हो गया है।

# टेंशन नहीं, संघर्षों का आनंद है जीवन

**राजीव थेपड़ा**

दोस्तों अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में मैंने अक्सर लोगों के साथ ऐसा पाया है कि वह अपने-अपने कामों में अपनी एकरसता से ऊबते हुए अपनी जिंदगी को बेहद तनाव-युक्त बनाए रहते हैं ! जब तक कोई काम रहता है, तब तक तो वह काम में पिले रहते हैं ,लेकिन फुर्सत पाते ही उन्हें अपनी जिंदगी बदमजा-रसहीन और खुशियों से रिक्त लगने लगती है और जब ऐसी भावना जब उन्हें आती है, तो उसके बाद जो वह काम करते हैं ,तो वह काम भी इसी तरह से अपने आप में ही तनावपूर्ण रहते हुए एक तरह से अनमने ढंग से और आनंद से रिक्त होकर और तनाव से युक्त होकर काम करते हैं !! उन्हें ऐसा करते देख कर मुझे बड़ा आश्चर्य होता है कि वह आखिर अपनी जिंदगी से ऐसा क्या चाहते हैं ईश्वर ने उन्हें ऐसा क्या नहीं दिया है कि वह अपने आप में खुश ना रह सके ?? लेकिन आदमी और इतनी आसानी से खुश हो जाए ,तो वह आदमी ही क्या !! मैंने देखा है कि लोग-बाग हर छुट्टी के दिन कहीं ना कहीं आउटिंग पर जाने को उत्सुक रहते हैं ,अपने शहर से बाहर या शहर के अंदर ही कहीं ,किसी ऐसी जगह जहां वह आनंदित रह सकें और दो-तीन दिन की छुट्टी हो तो शहर से बाहर जाकर इंजॉय करके आ सकें !! लेकिन दोस्तों ज्यादातर लोगों के साथ ऐसा नहीं हो पाता है ,इसका कारण चाहे जो हो ! आर्थिक अभाव भी हो सकता है या अन्य कुछ कारण भी हो सकते हैं, जैसे उन्हीं दिनों बच्चों की छुट्टियां ना होना या अन्य कोई आवश्यक कार्य आ जाना ,तो इसके कारण उनका सोचा हुआ वह प्लान फिस्स हो जाता है और इस करके भी वह तनाव में आ जाते हैं !!लेकिन प्यारे दोस्तों ! यदि आप चाहते हैं कि आपको अपनी जिंदगी के रोजमर्रा के कार्यों से मुक्ति मिल जाए, तो विश्वास कीजिए कि ऐसा तो इस जन्म में कभी नहीं होने वाला !! अलबत्ता यह अवश्य हो सकता है कि आप अपने उन्हीं कार्यों में रस लेना शुरू कर दें ,जिन कार्यों से आप तनाव महसूस करते हैं !! दोस्तों ! जिंदगी सदा ऐसी ही थी, ऐसी ही है और ऐसी ही रहेगी ! अगर आप जिंदगी का रस खुद-ब-खुद नहीं ले सकते ,जिंदगी के प्रत्येक क्षण का आनंद अपने आप को नहीं दिला सकते हैं और अपने नित्य प्रति के कामों को अपनी समस्त खुशियों के साथ नहीं कर सकते, तो मेरा विश्वास जानिए कि आपको कहीं आ-जाकर भी वह खुशी नहीं मिलेगी ,क्योंकि कहीं चले भी जाएंगे तो एकाध दिन के लिए ,दो दिन के लिए ,तीन दिन के लिए या फिर हफ्ते के लिए ही तो ? अगर आप सोचते हैं कि उन हफ्ते-या-दिनों के बाद आप फ्रेश हो जाएंगे और उसके बाद महीनों तक बहुत मजे से काम करेंगे ,तो दोस्तों मेरा यकीन कीजिए कि ऐसा कभी नहीं होता है ,क्योंकि जिन लोगों को कहीं भाग कर ही इंजॉय करने का मन में होता है ,तो वो अक्सर सारे सारे समय उन्हीं पलों के बारे में सोचा करते हैं कि वो कहीं जाएं और इंजॉय करके लौटें और दुर्भाग्यवश ऐसा बहुत कम हो पाता है या नहीं भी होता है ,तो ऐसे में सोचिए कि आप अपनी जिंदगी को किस प्रकार अपने ही आप बेहूदा बनाए देते हो !!दोस्तों ! हो सकता है कि आपके मन-अनुकूल जिंदगी ना मिलने पर आप बहुत सारे व्यवहार अपने ही लोगों के साथ ऐसा कर डालते हैं जो आमतौर पर आपको किसी के साथ भी नहीं करना चाहिए ,आप अपने बच्चों को झिड़कने लगते हैं ,आप अपने मातहतों के साथ असभ्यता से पेश आते हैं या आप अपने मां-बाप या सास-ससुर के साथ भी गलत ढंग से पेश आ सकते हैं और आते ही हैं ,तो इस प्रकार आप खुद अपनी जिंदगी नर्क बनाए डालते हैं और आप फिर यह भी सोचते हैं कि यह जिंदगी बड़ी बदमज़ा है !! अब आप ही सोचिए कि आप यह क्या कर रहे हैं ? क्या आपको ऐसा करना चाहिए ? क्या ऐसा संभव है कि हर छुट्टी में आप कहीं चले जाएं ? क्या ऐसा भी होना संभव है कि हर रविवार को आप निश्चित तौर पर कहीं चले ही जाएं ? लेकिन आदमी को पता नहीं क्यों इसी प्रकार जीने की आदत हो गई है और बहुत सारे लोगों के लिए तो ,और खासकर स्त्रियों के लिए जिंदगी में आनंद या आजादी का मतलब यही है कि वो बिंदास जी सकें, नए-नए फैशनेबल कपड़े ला सकें, आए दिन नए-नए चप्पल,नई-नई जूतियां और नए-नए अन्य प्रकार के सौंदर्य प्रसाधन ला सकें (भले ही उनका बजट उनकी इन रिहाहिशों के माकूल न हो !!)और उनको पहन-पहन कर अपने आप रिझा सकें और औरों को रिझा सके !! तो क्या आजादी का यही मतलब है ? मेरे दृष्टिकोण से ऐसा नहीं है ! लेकिन ऐसे लोग ऐसा ही सोचते हैं कि हम आज नहीं जाएंगे ,आज बिंदास नहीं जीएंगे ,आज झक्कास नहीं जिएंगे ,तो भला कब जिएंगे ? क्या बूढ़े हो कर जिएंगे ? लेकिन दोस्तों ! इसका भी जवाब है । दोस्तों ! जिंदगी का हर एक दौर होता है ,बचपन का अपना एक दौर होता है ,जिसमें आपको कोई जिम्मेवारी या नहीं होती ,आप अलमस्त जिंदगी जीते हैं , युवावस्था का एक अपना दौर होता है ,जिनमें आपके ऊपर में अपना कैरियर बनाने की जिम्मेवारी आ जाती है और अपने आप को सँवारने की जिम्मेवारी आ जाती है । उसके बाद गृहस्थ जीवन का अपना एक दौर होता है , जिसमें आप एक-दूसरे के साथ जीते हुए ( खुशी से जियो या दुखी होके ,सो आपकी इच्छा पर निर्भर है !) तो इस तरह से आप आगे बढ़ते हैं , फिर एक समय ऐसा आता है ,जब आप आपके बच्चे जन्म लेते हैं और बच्चों के जन्म लेने के बाद आपकी जिंदगी पूरी तरह से बदल जाती है ,आपको चाहे या अनचाहे बच्चों के लिए ही जीना पड़ता है और ख़ासकर बच्चों की खुशियों के लिए ही जीना पड़ता है ! तुर्रा यह कि अपने दोस्तों या रिश्तेदारों के साथ में मिलते हुए हम अपनी-अपनी जिन प्रकार की मुकम्मल समस्याओं या अपने द्वारा निर्मित समस्याओं और तनाव का रोना रोते हैं,उसमें भी हम दरअसल एक-दूसरे को सहलाने का ही काम करते हैं,समझाने का कतई नहीं,क्योंकि हम सबके पास वोई समस्याएं और स्वयं-निर्मित तनाव होते हैं, और क्योंकि वह हवा हवाई तनाव होते हैं ,इसलिए हमें इन सब की बाबत एक दूसरे को समझाना चाहिए ,लेकिन होता है इसका ठीक उल्टा है ,हम बजाय एक- दूसरे को समझाने के एक -दूसरे का मोरल सपोर्ट ही करते हैं ! इस तरह से हम अपनी समस्याएं और भी ज्यादा बढ़ा लेते हैं !!अब जो लोग यह सोचते हैं कि 40 की उम्र के बाद या 50 की उम्र के बाद वह दो-दो तीन-तीन बच्चों को पालते हुए उसी प्रकार की बिंदास जिंदगी जी लें या उसी प्रकार की झक्कास जिंदगी जी लें ,जिस प्रकार की ज़िन्दगी वो 18-20 या 25 साल की उम्र में जीते थे ,तो ऐसा सोचना बिल्कुल फिजूल है, क्योंकि दोस्तों ! जिंदगी का हर दौर आता है, चला जाता है लेकिन आप यह जानना सीखिए कि हर दौर की अपनी जरूरत है ,अपनी ख्वाहिशे हैं ,लेकिन एक दौर की ख्वाहिश कोई दूसरे दौर में पूरा करना चाहे ,तो आप खुद अपने हाथों ही अपने जीवन को बेकार बना डालेंगे !! इसलिए दोस्तों यह समझे कि आपको जीवन के किस दौर में क्या करना चाहिए और झक्कास और बिंदास जीने का एक ही तरीका है कि आप अपने साथ इंजॉय करें ,आप अपने हर काम के साथ इंजॉय करें ,आपके साथ में जो घट रहा है ,उसको भी इंजॉय करें ,जरूरी नहीं कि हर परिस्थिति आपके मन के अनुकूल ही आए और अगर मन के अनुकूल परिस्थिति नहीं आती है ,तो आप अपनी जिंदगी को तनाव में खर्च करें !! यह जिंदगी के साथ में बेईमानी है और खुद के साथ में अन्याय भी !! इसलिए दोस्तों इन चीजों को भली प्रकार से जानिए-समझिए और अपनी जिंदगी को बिंदास और झक्कास जिएं, लेकिन अपने साथ खुद के साथ और खुद की जिम्मेदारियों और दायित्वों को भी झक्कास तरीके से ,खुशमिजाज तरीके से पूरा करके, पूरा करते हुए ,फिर आप देखिएगा कि आपके जीवन अपने आप अमृत घुल जाएगा और आप दूसरों के जीवन में भी अमृत घोलना शुरू कर देंगे, खासतौर पर उनके जीवन में ,जो हर पल आपके साथ रहते हैं ,जीते हैं और इंजॉय करना चाहते हैं !!

# प्रकृति और मनुष्य के बीच है शाश्वत रिश्ता

**संस्कृत** में कहा गया है -'शाश्वतम, प्रकृति-मानव-सङ्गतम,सङ्गतं खलु शाश्वतम। तत्त्व-सर्वं धारकं, सत्त्व-पालन-कारकं, वारि-वायु-व्योम-वह्नि-ज्या-गतम। शाश्वतमम, प्रकृति-मानव-सङ्गतम।। अर्थात इसका भावार्थ यह है कि प्रकृति और मनुष्य के बीच का संबंध शाश्वत है। रिश्ता शाश्वत है। जल, वायु, आकाश के सभी तत्व, अग्नि और पृथ्वी वास्तव में धारक हैं और जीवों के पालनहार हैं। सच तो यह है कि प्रकृति हमें पत्र, फूल, फल, छाया, जड़, बल्क, लकड़ी और जलाऊ लकड़ी, सुगंध, राख, गुठली और अंकुर प्रदान करके हमारी इच्छाओं को पूरा करते हैं। इसीलिए संस्कृत में कहा गया है कि -'पुत्रपुष्यफलच्छाया मूलवल्कलदारुभिः। गन्धनिर्यासभस्मास्थितौस्मैः कामान वितन्वते।' हाल ही में 3 अक्टूबर को हम सभी ने 'विश्व प्रकृति दिवस' मनाया। प्रकृति का मानव जीवन में बहुत बड़ा महत्व है और प्रकृति के महत्व के बारे में आम लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ही इस दिवस को मनाया जाता है। वास्तव में, प्रकृति और मनुष्य के बीच बहुत गहरा सम्बन्ध है। प्रकृति के बिना मनुष्य जीवन की कल्पना नहीं कर सकता है। प्रकृति है तो मनुष्य व जीव जंतुओं का अस्तित्व इस धरती पर है। प्रकृति नहीं है तो कुछ भी नहीं है। जानकारी देना चाहूंगा कि प्रकृति दो शब्दों से मिलकर बनी है – 'प्र' और 'कृति।' 'प्र' अर्थात प्रकृष्टि (श्रेष्ठ/उत्तम) और 'कृति' का अर्थ है रचना। ईश्वर की श्रेष्ठ रचना अर्थात सृष्टि। प्रकृति से सृष्टि का बोध होता है। प्रकृति अर्थात वह मूलत्व जिसका परिणाम जगत है। प्रकृति ने मानव के लिए जीवनदायक तत्वों को उत्पन्न किया है सच तो यह है कि प्रकृति मनुष्य को विरासत में बहुत सी चीजें, संसाधन(रिसोर्स) प्रदान करती है लेकिन हम प्रकृति के संरक्षण की बजाय उसे नुकसान अधिक पहुंचाते हैं , सच तो यह है कि हम प्रकृति के प्रति अपने योगदान, अपनी जिम्मेदारियों को नहीं समझते हैं और प्रकृति का लगातार दोहन करने में लगे रहते हैं। लेकिन हमें यह बात अपने जेहन में रखनी चाहिए कि हर दिन हमारे हर किसी के छोटे-छोटे योगदान से ही, हम अपने ग्रह, अपनी पृथ्वी को बचा सकते हैं, इसका संरक्षण कर सकते हैं और उस प्रकृति को फिर से प्राप्त कर सकते हैं, जो कि हमें विरासत में मिली है। प्रकृति और मनुष्य वास्तव में दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। प्रकृति में हर किसी का अपना महत्व है। मत्स्यपुराण में एक वृक्ष को सौ पुत्रों के समान बताया गया है। वातवर्षातपहिमान सहन्तरे वारयन्ति नः।।' यानी कि पेड़ इतने महान हैं कि वे केवल दान के लिए जीते हैं। वे तूफान, बारिश और ठंड को अपने आप सहन करते हैं। हमारी भारतीय संस्कृति में तो पेड़-पौधों को पूजने तक की परंपरा रही है, इसीलिए संस्कृत में बड़े ही सुंदर शब्दों में यह भी कहा गया है कि -'दश कूप समा वापी, दशवापी समोह्नद्रः। दशह्नद समः पुत्रों, दशपुत्रो समो द्रमुः।। यानी इसका मतलब यह है कि एक पेड़ दस कुओं के बराबर,एक तालाब दस सीढ़ी के कुएं के बराबर, एक बेटा दस तालाब के बराबर, और एक पेड़ दस बेटों के बराबर होता है। इसलिए प्रकृति की रक्षा करना हम सभी का परम दायित्व है। प्रकृति उदार है लेकिन मनुष्य प्रकृति के प्रति कभी अपनी उदारता नहीं दिखाता। वास्तव में, प्रकृति और मनुष्य का संबंध आश्रय और आश्रित का है। प्रकृति संपूर्ण पृथ्वी ग्रह को अपने भीतर संरक्षण देती है। 'प्रकृति' किसी व्यक्ति, समाज, राज्य, या देश, की निजी संपत्ति नहीं होती। हमें यह बात अपने जेहन में रखनी चाहिए कि समस्त प्राणियों के जीवन की एकमात्र जननी प्रकृति ही है हमें जीवन देकर इसे सुचारु रूप से चलाने वाली प्रकृति ही हमारी जननी है और इस प्रकृति को जीवन देकर सुचारू रूप से चलाने वाली वह परम शक्ति ही विधाता, ईश्वर, या सर्वोपरि सत्ता है। बहरहाल, प्रकृति की सबसे बड़ी खासियत यह है कि वह अपनी चीजों का उपभोग कभी भी स्वयं नहीं करती। जैसे-नदी अपना जल स्वयं नहीं पीती है, पेड़ अपने फल खुद नहीं खाते हैं, फूल अपनी खुशबू पूरे वातावरण में फैला देते हैं। इसका मतलब यह है कि प्रकृति किसी के साथ भेदभाव या पक्षपात नहीं करती, लेकिन मनुष्य जब प्रकृति से अनावश्यक खिलवाड़ करता है तब उसे गुस्सा आता है, जिसे वह समय-समय पर सूखा, बाढ़, सैलाब, तूफान के रूप में व्यक्त करते हुए मनुष्य को सचेत करती है। ग़लत नहीं है कि वर्तमान समय में व्यक्ति अतृप्त लालसाओं का बढ़ते जाना उसे अपने ही अस्तित्व की समाप्ति की ओर लेकर जा रहा है। यही कारण है जीवन के संतुलन के लिए प्रकृति और मनुष्य के बीच संबंध चरमरा गया है। यह असंतुलन मनुष्य की लालसावादी मनोवृति से उपजा है। अपनी धरती को हरा भरा, सुंदर व स्वच्छ रखना हम सभी का परम और नैतिक दायित्व है। जानकारी देना चाहूंगा कि आज के दिन जलवायु परिवर्तन, उसकी चुनौतियों व प्रकृति के महत्व और संरक्षण के बारे में आम लोगों में जागरूकता बढ़ाई जाती है। वास्तव में,यह दिवस जलवायु परिवर्तन के कारण आने वाली चुनौतियों व प्रकृति की स्थिति के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य दे मनाया जाता है। यह दिवस पहली बार 3 अक्टूबर 2010 को मनाया गया था। यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि विश्व प्रकृति दिवस मनाने की शुरुआत यूएस के विश्व प्रकृति संगठन(वर्ल्ड नेचर आर्गेनाइजेशन) द्वारा की गयी थी। जानकारी देना चाहूंगा कि विश्व प्रकृति संगठन एक अंतर सरकारी संगठन है, यह संगठन पर्यावरण की सुरक्षा के लिए काम करता है। इसका मुख्यालय यूएस में है। वर्तमान समय में अनेक प्रकार की प्रजातियों यथा जीव-जंतुओं के साथ ही वनस्पतियां विलुप्त होती चली जा रही हैं। विलुप्त हो रहे जीव-जंतु व वनस्पतियों की रक्षा का संकल्प लेना ही विश्व प्रकृति दिवस का मूल व अहम उद्देश्य है। आज विश्व की लगातार बढ़ती जनसँख्या, बढ़ता प्रदूषण जिसमें वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, मृदा प्रदूषण, जल प्रदूषण, प्लास्टिक व पालीथीन प्रदूषण शामिल किया जा सकता है, मानवजाति के लिए बहुत ही चिंता का विषय है।

प्रकृति से सृष्टि का बोध होता है। प्रकृति अर्थात वह मूलत्व जिसका परिणाम जगत है। प्रकृति ने मानव के लिए जीवनदायक तत्वों को उत्पन्न किया है सच तो यह है कि प्रकृति मनुष्य को विरासत में बहुत सी चीजें, संसाधन(रिसोर्स) प्रदान करती है लेकिन हम प्रकृति के संरक्षण की बजाय उसे नुकसान अधिक पहुंचाते हैं , सच तो यह है कि हम प्रकृति के प्रति अपने योगदान, अपनी जिम्मेदारियों को नहीं समझते हैं और प्रकृति का लगातार दोहन करने में लगे रहते हैं। लेकिन हमें यह बात अपने जेहन में रखनी चाहिए कि हर दिन हमारे हर किसी के छोटे-छोटे योगदान से ही, हम अपने ग्रह, अपनी पृथ्वी को बचा सकते हैं, इसका संरक्षण कर सकते हैं और उस प्रकृति को फिर से प्राप्त कर सकते हैं, जो कि हमें विरासत में मिली है।

## दृष्टिकोण

# हर बच्चा एक सा नहीं होता, यह मां-बाप को समझना होगा

**राजस्थान** के कोटा शहर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में लगे छात्रों में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है। वहां की कोचिंग संस्थानों में दाखिला कराए अभिभावकों की बेचैनी खत्म करने को स्थानीय प्रशासन ने जो फौरी कदम उठाया है, वह यह है कि अगले दो महीने तक आंतरिक टेस्ट पर रोक लगा दी गई है। परीक्षा में शामिल होने से पहले कोचिंग संस्थान आंतरिक टेस्ट के जरिए आंकलन करते हैं कि छात्र सम्बंधित परीक्षा के लिए कितना तैयार हुआ है? उसके रिजल्ट सार्वजनिक किए जाते हैं। यहीं से छात्रों पर मानसिक दबाव का दौर शुरू होता है। दबाव दो तरह के होते हैं। एक तो समकक्ष छात्रों के बीच आगे-पीछे होने का और दूसरा परिवार की आर्थिक स्थिति का ख्याल आने का। यह पाया गया है कि जो छात्र आत्महत्या कर रहे हैं, उनमें से ज्यादातर मध्य या निम्न मध्य परिवार के ही होते हैं। अपने ख्वाबों को हकीकत में तब्दील करने के लिए उनके माता-पिता अपनी तमाम जरूरतों पर पहरा बिठाते हुए, यहां तक कि कर्ज लेकर अपने बच्चों को यहां की कोचिंग में दाखिल कराते हैं। कहा जा रहा है कि दो महीने आंतरिक टेस्ट पर रोक छात्रों को भी तनाव के दौर से बाहर निकालने में मददगार होगी। लेकिन क्या इसे स्थायी समाधान कहा जा सकता है? इसका जवाब है- कतई नहीं। कोचिंग संस्थानों के लिए एक नियमित अंतराल पर अपने छात्रों को परखना जरूरी होता है। वे अभिभावकों से मोटी रकम वसूलते हैं, इस वजह से उन पर भी रिजल्ट देने का दबाव भी होता है। उनकी सारी दुकानदारी ही, इस आभामंडल पर टिकी हुई है कि 'वे कामयाबी की गारंटी हैं। उनके यहां अपने बच्चे को दाखिल कराने का मतलब बहुत हद तक कामयाबी के लिए सुनिश्चित हो जाना है।' सरकारी तंत्र भी इस पसोपेश में है कि कोचिंग संस्थानों को लेकर ऐसा क्या रास्ता निकाले क्योंकि अभिभावक खुद अपने बच्चों को लेकर उन तक पहुंचते हैं। ऐसा संभव भी नहीं कि सिरे से कोचिंग संस्थानों को बंद करने का आदेश जारी कर दिया जाए। दरअसल इस समस्या का समाधान खुद अभिभावकों के बीच से ही खोजा जा सकता है। हाल के वर्षों में एक नया ट्रेंड देखने को मिला है। एक वक्त हुआ करता था, जब ऊंचे पद साधन सम्पन्न परिवारों के लिए ही आरक्षित मान लिए जाते थे। लेकिन अब बहुत ही साधारण परिवारों के बच्चे बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं में कामयाबी हासिल कर रहे हैं। इस वजह से अब साधारण परिवारों में भी अपने बच्चों के बड़े पदों पर पहुंचने के ख्वाब देखे जाने लगे हैं और यहीं से माता-पिता का अपने बच्चों पर दबाव बढ़ने लगा है। छोटी कक्षाओं से ही माता-पिता अपने बच्चों की तुलना करने शुरू कर देते हैं। जिस दिन कॉपियां दिखाने का दिन होता है, ज्यादातर माता-पिता अपने बच्चे की कॉपियां देखने से ज्यादा दूसरे बच्चों का रिजल्ट जानने में दिलचस्पी रखते हैं। जैसे ही उन्हें पता चलता है कि उनका बच्चे ने दूसरे के मुकाबले कम अच्छा प्रदर्शन किया है, उनकी डांट-फटकार का सिलसिला शुरू हो जाता है। घर आए मेहमानों के बीच या दूसरे किसी अवसरों पर माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई की तुलना दूसरे बच्चों से करते हुए दिखते हैं। यहीं से बच्चों में हीन भावना के साथ-साथ तनाव की प्रवृत्ति पैदा होती है। कोटा या किसी दूसरे शहर भेजने से पहले माता-पिता को यह जरूर समझना होगा कि हर बच्चा एक सा नहीं होता। हर बच्चे की क्षमता अलग-अलग होती है। कोटा या कोई दूसरा शहर या कोचिंग संस्थान कोई मशीन नहीं है, जहां भेजने भर से बच्चा वह सब करने में कामयाब हो जाएगा, जो उनका ख्वाब है।

## देश दुनीया से

# अंतरिक्ष तक फैलता प्रदूषण, भावी पीढ़ियों की खातिर जरूरी है 'कचरे' की सफाई

**आज** के तीव्र प्रौद्योगिकी विकास और अंतरिक्ष अन्वेषण के युग में विश्व ने बाह्य अंतरिक्ष के अन्वेषण में महत्वपूर्ण प्रगति की है। लेकिन, इसके साथ-साथ अंतरिक्ष के प्रदूषण की समस्या भी दबे पांव आ रही है, जिसकी काली छाया पहले से ही प्रदूषण से कलुषित पृथ्वी पर भविष्य में पड़ने वाली है। परिचालन उपग्रहों का रिकॉर्ड रखने वाले यूनियन ऑफ कंसर्न्ड साइंटिस्ट्स (यूपीएस) के अनुसार, एक जनवरी, 2021 तक साढ़े छह हजार उपग्रह पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे थे, जिनमें से करीब साढ़े तीन हजार सक्रिय और इतने ही निष्क्रिय थे। यूएन ऑफिस फॉर आउटर स्पेस अफेअर्स (यूएनओओएसए) के अनुसार, जनवरी, 2022 तक 8,261 उपग्रह पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे थे, जिनमें केवल 4,852 सक्रिय हैं। पृथ्वी की निचली कक्षा में कम से कम 12 करोड़ टुकड़े तैर रहे हैं। लंदन के प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय के अनुसार, उनमें से करीब 34 हजार टुकड़े आकार में 10 सेमी से ज्यादा बड़े हैं। हमने चंद्रमा को भी नहीं छोड़ा है, जहां हमने कई वस्तुओं को स्मृति चिह्न या टाइम कैप्सूल के रूप में रखा है। चंद्रमा पर वर्तमान में 'शिव शक्ति' पॉइंट पर भारत के क्रियाशील गौरव प्रतीक विक्रम लैंडर और प्रज्ञान के अतिरिक्त और भी बहुत कुछ है, जो अब मलबा बन गया है, जैसे अपोलो 15, 16 और 17 की तीन मून बग्गियां, 54 मानव-रहित यान, जो चंद्र सतह पर दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे, चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्रियों द्वारा छोड़ा गया 19 हजार किग्रा पदार्थ, सोवियत संघ का लूना-2, अमेरिका का रेंजर-4, जापान का हितेन इत्यादि। हालांकि, टकराव अंतरिक्ष मलबे का एकमात्र कारण नहीं है। पृथ्वी की निचली कक्षा में तीव्र पराबैंगनी विकिरण के लंबे समय तक संपर्क में रहने से उपग्रह भी टूट सकते हैं। इससे पृथ्वी की निचली कक्षा में उपग्रहों की संख्या से टकराव की एक अनियंत्रित शृंखला बन सकती है, जो चारों ओर अंतरिक्ष मलबे को इस सीमा तक बिखेर देगी, कि हम नए रॉकेट लॉन्च करने में असमर्थ होंगे। इस आशंका को केसलर सिंड्रोम के रूप में जाना जाता है और कई खगोलविदों को डर है कि यदि हम अंतरिक्ष मलबे को नियंत्रण में नहीं रख सके, तो यह मानवता को बहुग्रहीय प्रजाति बनने से रोक सकता है। पृथ्वी की कुछ सौ किलोमीटर की निचली कक्षाओं में कुछ वस्तुएं शीघ्रता से वापस लौट सकती हैं। कुछ वर्षों के बाद वे वायुमंडल में फिर से प्रवेश करती हैं। लेकिन 36 हजार किलोमीटर की ऊंचाई पर छोड़ा गया उपग्रह और उसका बना मलबा सैकड़ों या हजारों वर्षों तक पृथ्वी की परिक्रमा करते रह सकते हैं। यह दुर्लभ है, लेकिन अमेरिका, चीन और भारत सहित कई देशों ने स्वयं के उपग्रहों को उड़ाने का अभ्यास करने के लिए मिसाइलों का उपयोग किया है, जिससे पैदा होने वाले प्रदूषण की कल्पना ही की जा सकती है। सौभाग्य से अभी तक अंतरिक्ष प्रदूषण ने हमारे अंतरिक्ष अन्वेषण कार्यक्रमों में कोई बड़ा जोखिम पैदा नहीं किया है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से अंतरिक्ष पर्यटन की होड़-सी लग गई है। रॉकेट द्वारा उत्सर्जित कण कालिख के अन्य सभी स्रोतों की तुलना में वातावरण में गर्मी बनाए रखने में लगभग पांच सौ गुना अधिक सक्षम होते हैं, जिससे जलवायु परिवर्तन होना स्वाभाविक है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि सभी कंपनियां अपने मिशन की समाप्ति के बाद 25 वर्षों के भीतर अपने उपग्रहों को कक्षा से हटा लें। इस आदेश को लागू करना कठिन है, क्योंकि उपग्रह विफल हो सकते हैं, और प्रायः होते भी हैं। इस समस्या से निपटने के लिए कंपनियां नए समाधान लेकर आईं हैं। इनमें मृत उपग्रहों को कक्षा से हटाना और उन्हें वापस वायुमंडल में खींचना होता है, जहां जाकर ये जल जाएंगे।

चंद्रमा पर वर्तमान में 'शिव शक्ति' पॉइंट पर भारत के क्रियाशील गौरव प्रतीक विक्रम लैंडर और प्रज्ञान के अतिरिक्त और भी बहुत कुछ है, जो अब मलबा बन गया है, जैसे अपोलो 15, 16 और 17 की तीन मून बग्गियां, 54 मानव-रहित यान, जो चंद्र सतह पर दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे, चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्रियों द्वारा छोड़ा गया 19 हजार किग्रा पदार्थ, सोवियत संघ का लूना-2, अमेरिका का रेंजर-4, जापान का हितेन इत्यादि। हालांकि, टकराव अंतरिक्ष मलबे का एकमात्र कारण नहीं है। पृथ्वी की निचली कक्षा में तीव्र पराबैंगनी विकिरण के लंबे समय तक संपर्क में रहने से उपग्रह भी टूट सकते हैं। इससे पृथ्वी की निचली कक्षा में उपग्रहों की संख्या से टकराव की एक अनियंत्रित शृंखला बन सकती है, जो चारों ओर अंतरिक्ष मलबे को इस सीमा तक बिखेर देगी, कि हम नए रॉकेट लॉन्च करने में असमर्थ होंगे।

## चतरा : मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने झूमर मेला का किया उदघाटन



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने जितिया पर्व के अवसर पर आयोजित झूमर मेला का उदघाटन किया है।चतरा जिला के इटखोरी प्रखंड के शहरजाम में अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति के द्वारा आयोजित जितिया पर्व के शुभ अवसर पर झूमर मेला आयोजित किया गया।इस मेला का बतौर मुख्य अतिथि सत्यानंद भोक्ता शामिल हुए।आयोजक समिति ने मंत्री श्री भोक्ता को ढोल नगाड़ा बजाकर अंगवस्त्र,गुलदस्ता देकर भव्य स्वागत किया।मौके पर पूर्व विधायक योगेंद्र बैठा,पुलिस उपाधीक्षक केदार राम,मंत्री प्रतिनिधि अजय राम,20सूत्री अध्यक्ष जागेश्वर यादव,दिनेश भुइयां प्रेम भुइयां,सरयू भुइयां,मनोज भुइयां,एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## मुखिया पति और पंचायत समिति सदस्य ने किया जितिया झूमर मेला का उदघाटन



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के इचाक पंचायत के बोंगादाग में जितिया पर्व के अवसर पर आयोजित झूमर मेला का आयोजन किया गया । यह आयोजन मुखिया प्रतिनिधि सुरेश महतो और पंचायत समिति सदस्य भोला सिंह एवं वार्ड सदस्य मंटू पासवान ने किया ।आयोजित जितिया पर्व के शुभ अवसर पर यह झूमर मेला आयोजित किया गया। बता दें कि अति सुदूरवर्ती क्षेत्र बोंगादाग में जितिया झूमर मेला किसी कारण बंद था। इसी को पुनः बहाल करने के लिए मुखिया प्रतिनिधि एवं पंचायत समिति ने प्रयास किया और भव्य तरीके से जितिया झूमर मेला का आयोजन किया गया। मौके पर जितिया मेला अध्यक्ष बिरजू गंझू,मोहरी गंझू,राजू गंझू के अलावे दर्जनों महिला पुरुष शामिल थे।

## बारिस में घर गिरा, हुआ बेघर

**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के शिला इचाक गाँव में चार दिन के मूसलाधार बारिस में मिट्टी के बने घर गिर गया ।जिससे अब रहने को मजबूर हो गए हैं। उक्त घर सुनील यादव पिता अतिम यादव ग्राम शिला इचाक है। सुनील ने बताया कि रात्रि को सो रहे थे और मूसलाधार बारिस हो रहा था। अचानक घर का छप्पर गिरने लगा साथ हीं दीवाल धाराशाही हो गया। किसी तरह जान बचा कर हम सभी परिवार बाहर निकल भागे। घर गिर जाने से अब सर छुपाने को मजबूर है। चुकी गरीबी के कारण घर बनाने से असमर्थ हैं। उन्होंने अंचल अधिकारी से मरम्मती के लिए गुहार लगाया है। जिससे सभी परिवार सर छुपा सके।

## अवैध बालू लदे ट्रैक्टर जब्त चालक भी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत ब्रह्मपुर मोड समीप से शुक्रवार को अवैध बालू लदे ट्रैक्टर जप्त किया गया है एवं चालक को भी गिरफ्तार किया गया है। बताते चलने की उत्खनन विभाग के माइनिंग इंस्पेक्टर राजेश हांसदा ने यह कार्य किया। गिद्धौर थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने बताया कि चालक मो रियाजूल को थाना कांड संख्या 73/23के तहत शनिवार को जेल भेज दिया गया। जब्त ट्रैक्टर मझगवां पंचायत के तरी गांव निवासी वारिस मियां का है।मौके पर सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## बालूमाथ के नवनियुक्त बीडीओ बिना प्रभार लिए वापस लौटे

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ के नए प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव शनिवार को अपना प्रभार लेने बालूमाथ पहुंचे हालांकि पुराने बीडीओ ललिता बाखला को प्रभार का सूचना रहने के बावजूद बिना जानकारी दिए कही चली गई । जिस कारण नए बीडीओ सोमा उराँव बिना प्रभार ग्रहण किये बैरंग वापस लौट गए। वहीं नए बीडीओ आने की सूचना पाकर बालूमाथ महागठबंधन के नेता समेत कई लोगो ने नए बीडीओ से मुलाकात की और उन्हें गुलदस्ता देकर स्वागत किया ।इधर चर्चा है कि बीडीओ ललिता बाखला अपना स्थानांतरण रुकवाने के लिए रांची का चक्कर काट रही है ।इसी कारण नए बीडीओ को प्रभार नही दे रही है ।इस मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्या उरांव,राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रितलाल यादव ,बीस सूत्री अध्यक्ष नागदेव उरांव,जेएमएम प्रखंड सचिव परमेश्वर गंझू,प्रेम गंजू,जेएमएम प्रखंड उपाध्यक्ष राजेश यादव ,संतोष उरांव , हरिहर यादव,उमेश यादव,कपिल उरांव ,राजेश उरांव,मो अख्तर,मो एनामुल ,डॉक्टर प्रभात मिंज,चेताग मुखिया नरेश उरांव ,राजन यादव, हरी साव ,रंजीत गुप्ता उदय प्रकाश यादव,के अलावे प्रखंड के कर्मी मौजूद थे ।

## औरंगा नदी में नहाने के क्रम में डूबने से एक बच्ची की मौत एक लापता

**मनिका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के भटको गाँव के पास नदी में नहाने गए 6 बच्चे नदी के तेज बहाव में बह गए जिसमें एक बच्ची की नदी में डूबने से मौत गई। वहीं ग्रामीणों द्वारा 4 बच्चों को बचा लिया गया वहीं एक बच्ची लापता है । बताया जाता है घर के बगल से गुजर रही औरंगा नदी में सभी बच्चे नहाने गए थे तभी यह हादसा हो गया । वहीं स्थानीय ग्रामीण की बात माने तो गांव के पास से औरंगा नदी है और सभी बच्चे नदी में नहाने के लिए गए थे।तभी नदी की तेज बहाव में बच्चे बहने लगे उसी दौरान नदी के आस पास उपस्थित ग्रामीणों ने देखा और नदी की तेज बहाव से 4 बच्चे को बचा लिया ।

# पारिवारिक विवाद में पति ने की पत्नी की निर्मम हत्या, टांगी से वार कर सुलाया मौत की नींद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सदर थाना क्षेत्र के जलेद गांव में पारिवारिक विवाद में सनकी पति द्वारा अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी से काट कर निर्मम हत्या का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। गिरफ्तार आरोपी से पुलिस थाना में पूछताछ कर रही है। जलेद गांव निवासी हेमराज भुईया का उसकी पत्नी के साथ घरेलू विवाद हुआ था। जिसके बाद सनकी हेमराज ने घर मे रखे कुल्हाड़ी से अपनी पत्नी जिरवा देवी को पर वार कर दिया। जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने मामले की सूचना सदर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं परिजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से हत्यारे हेमराज को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। बताया जाता है कि हेमराज ने शराब के नशे में अपनी पत्नी को मौत के घाट उतारा है।

# नाबालिक लड़की के अपहरण का आरोप, सड़क जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ पुराना कस्तूरबा विद्यालय के समीप रहने वाली एक नाबालिक लड़की रेशमा परवीन काल्पनिक नाम 15 वर्ष का अपहरण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। लड़की के परिजनों ने बताया कि नाबालिक युवति शनिवार को करीब 1ः00 बजे ट्यूशन पढ़ने के लिए घर से निकल कोचिंग सेंटर जा रही थी इसी बीच उसके चिखने चिल्लाने का आवाज आया। जब तक युवती की मां घर से बाहर निकली तब तक अज्ञात वाहन से लड़की का अपहरण कर लिया गया था। लड़की का किताब कॉपी घर के बाहर बिखरा पड़ा मिला ।घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस एवं उसके परिजन मुरपा तरफ ढूंढने के लिए निकाला लेकिन 3ः30 बजे तक कोई अता-पता नहीं चला। उसके बाद गुस्साए परिजनों ने बालूमाथ थाना चौक एवं मुरपा मोड़ के समीप रांची चतरा मुख्य पथ एनएच 22 को एक घंटा सड़क जाम कर दिया । जिससे सड़क के दोनों ओर वाहन की कतार लग गई।जाम कर रहे लोगों ने बताया कि बालूमाथ प्रसाद पेट्रोल पंप के सामने रह रहे कुछ युवक पिछ्ले 10- 15 दिनों से लड़की के साथ पढने जाने के दौरान छेड़खानी कर रहा था।

# टाउन हॉल में सड़क सुरक्षा हेतु जागरूकता के लिए कार्यशाला का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** दीनदयाल उपाध्याय, टाउन हॉल लातेहार में सड़क सुरक्षा समिति द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, जिला बीस सूत्री समिति उपाध्यक्ष अरूण दुबे , जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, , जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कंडुलना, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार,जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो, द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।जिला परिवहन पदाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्कूली छात्र- छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों का अनुपालन करने के लिए जागरूक कर सड़क दुर्घटनाओं को कम करना है। जिसके लिए सभी विद्यालयों में जागरूकता अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को सड़क



सुरक्षा के प्रति महत्वपूर्ण जानकारी एवं ट्रैफिक यातायात नियमों के बारे में बताने की आवश्यकता है।उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपने सगे- संबंधियों, मित्रों को भी यातायात संबंधित नियम अनुपालन करने के लिए प्रेरित करने को कहा । उन्होंने सीट बेल्ट, हेलमेट आदि की उपयोगिता के बारे बताते हुये कहा इनको लगाने से सड़क दुर्घटना की स्थिति में हमारी जान बच सकती है।

# मनरेगा लोकपाल पहुंची मयूरहंड के करमा और मझगावां पंचायत मनरेगा योजनाओं की जांच की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** चतरा जिला मनरेगा योजना की लोकपाल संध्या प्रधान शनिवार को प्रखंड के करमा और मझगावां पंचायत में मनरेगा द्वारा संचालित योजनाओं की गहन निरीक्षण की। पंचायत सचिवालय में योजना से संबंधित सभी दस्तावेजों की घंटा से जांच की दस्तावेजों में कुछ त्रुटियां पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारियों को आगे से इस तरह की गलती नहीं करने की भी बात कही।तत्पश्चात मनरेगा द्वारा संचालित बिरसा हरित क्रांति के आम बागवानी की निरीक्षण करने भी पहुंची इस दौरान आम बागवानी में कई खामियां देखी।आम बागवानी में खामियों को देखकर नाराजगी भी जताई और संबंधित लाभुकों को सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं में शामिल बिरसा हरित क्रांति द्वारा संचालित आम बागवानी में बेहतर सुधार को लेकर गुणवत्तापूर्ण सुझाव भी दिए।लाभुकों ने यहां पर मनरेगा लोकपाल को बताया कि पिछ्ले सप्ताह लगातार बारिश होने



के कारण इस तरह की विकट स्थिति उत्पन्न हुई है जिसे अब मौसम साफ होने के बाद सुधार कर लिया जाएगा। मौके पर प्रखंड विकास अधिकारी साकेत कुमार सिंहा मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी नीरज पासवान जेई उमेश उरांव,राजीव रंजन दास मुखिया रामनाथ यादव (करमा) मंजीत सिंह (मझगावां) ग्राम पंचायत रोजगार सेवक डाक्टर सुनील कुमार दास (करमा) बीएफटी उमेश दांगी (करमा) सुबोध सिंह (मझगावा)संजय दास(पंदनी) सुमित कई मनरेगा मजदूर भी मौके पर मौजूद थे।

## टंडवा के नवपदस्थापित अंचलाधिकारी से शिष्टाचार मुलाकात कर पत्रकारों ने बुके देकर किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड क्षेत्र के पत्रकारो का एक समूह शनिवार को टंडवा अंचल में 23 वें अंचलाधिकारी के पद पर नवपदस्थापित राजेंद्र कुमार दास से शिष्टाचार मुलाकात करते हुए बुके देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान पत्रकारों ने अंचलाधिकारी से परिचय आदान-प्रदान कर टंडवा अंचल क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यो एवम् अंचल क्षेत्र के लोगों की विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श भी किया गया। इस शिष्टाचार मुलाकात में पत्रकारों ने सीओ को भ्रष्टाचार के खिलाफ अपने स्तर से हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर पत्रकार संघ के अध्यक्ष कुंदन पासवान, सचिव शैलेश सिंह, कोषाध्यक्ष कामेश्वर गुप्ता, संरक्षक अब्बुल कलाम, राहुल कुमार सिंह, मनोज गुप्ता,नुरुल अंसारी मौजूद थें।

# जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला स्तरीय वन अधिकार समिति का बैठक हुआ ।जिला वन अधिकार समिति के अध्यक्ष सह के डीसी अबु इमरान के निर्देश पर अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया।बैठक में मुख्यतः चतरा जिला अन्तर्गत संलग्न भू -विवरणी अनुसार संबंधित ग्राम वन अधिकार समिति द्वारा दिए गये वन भूमि के उपयोग हेतु अनुमण्डल वन अधिकार समिति के द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने की अनुशंसा के आधार पर जिला




वनाधिकार समिति चतरा द्वारा वन एवं जंगल-झाड़ी भूमि का अनापत्ति प्रमाण - पत्र निर्गत करने के लिए बैठक आहूत की गई। बैठक में भारत माला परियोजना के एक्सप्रेस वे का निर्माण हेतु हंटरगंज अंचल के 14 गांव में गैर मजरूआ, खास, जंगल झाड़ी के 35.83 एकड़, चतरा अंचल का 17 गांव जंगल झाड़ी मिलाकर 125.43 एकड़, सिमरिया अंचल के लिए सात गांव 30.93 एकड़, पत्थलगड्डा का 2 गांव 15.07 एकड़, आम्रपाली रेलवे साइडिंग निर्माण टंडवा अंचल में 6 गांव रकवा 109.03, एनएच99 वायपास निर्माण चतरा का एक गांव में ह्.33 एकड़, बृंदा मोर से सिवपुर रेलवे साइडिंग 2 गांव रकवा 3.74 एकड़ का प्रस्ताव सर्वसम्मति से अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु पारित किया गया।बैठक में मुख्य रूप से वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर दास समेत रामे टाना भगत (सदस्य) सिदपा, टण्डवा, सरयु उरॉव,आदि थे।

# जंगली हाथियों के झुंड ने मक्का व धान के तैयार फसल को किया बर्बाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड के वन क्षेत्र अंतर्गत फुलसु पंचायत के बारिबाद, व मतकोमा ग्राम में बीते शुक्रवार की रात्रि जंगली हाथियों के झुंड ने जम कर उत्पाद मचाते हुए किसान अमित सिंह, पिता रामपाल सिंह व मुकेश सिंह, पिता स्वर्गीय? जयपाल सिंह, के लगभग पांच एकड़ भुमि पर लगे मक्का व धान के तैयार फसल को खाकर एवं रौंद कर बर्बाद कर दिया।जिससे पीड़ित किसानों का लगभग चार लाख रूपये का नुकसान हुआ है। हाथियों द्वारा हुई क्षति के संबंध में जानकारी देते हुए दोनों पीड़ित किसान सिंह ने बताया कि जंगली हाथियों का झुंड बीते शुक्रवार की अर्धरात्रि बारी मे लगे मक्का के तैयार फसल में घुस कर खाने लगे और जोर जोर चितकार लगाने लगा की अवाज सुन हम सभी परिवार जगे और घर से बाहर निकल कर



पडोस और ग्रामीणों को जगाया।ग्रामीण इकट्ठा होकर पहले वन विभाग को जानकारी दिया।सूचना पर वन विभाग फोरेस्ट मंगल सिंह पहुंचे और हाथियों के झुंड को भगाने के लिए टीना, ढोल,नगाड़ा बजाने लगे तब तक हाथियों के झुंड ने बारी मे लगे तैयार मक्का के फसल को खा कर एवं रौंद कर पुरी तरह बर्बाद कर दिया।

# डीएवी स्कूल में अभिभावक- शिक्षक संगोष्ठी आयोजन सह परीक्षा परिणाम पत्र घोषित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के समीप भोला शरण डीएवी पब्लिक स्कूल, लातेहार में शनिवार को अभिभावक- शिक्षक संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2023-24 के प्रथम सर्वाधिक परीक्षा परिणाम पत्र का वितरण किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन ने विद्यालय परिवार के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन, वैदिक मंत्रोच्चार एवं गायत्री मंत्र के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। तत्पश्चात विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय



एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले टॉपर्स विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों के संग विद्यालय में आमंत्रित कर के परीक्षा परिणाम पत्र प्रदान किया गया।अभिभावकों ने कहा कि विद्यालय के पठन पाठन कार्य से हम सभी संतुष्ट हैं और इस तरह के आयोजनों से दूसरे विद्यार्थियों को बेहतर रिज़ल्ट करने की सकारात्मक प्रेरणा और ऊर्जा मिलती है।इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन और परीक्षा विभागाध्यक्ष सह विद्यालय के सीनियर एकेडेमिक इंचार्ज राकेश रंजन तिवारी ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि डीएवी विद्यालय विगत वर्षों में ऑनलाइन और वर्तमान में ऑफलाइन पढ़ाई लिखाई के साथ साथ बच्चों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण के लिए तथा सर्वांगीण विकास एवम सभी तरह के सृजनात्मक एवं रचनात्मक कार्य करने के लिए तत्पर है।

# इंटर स्टेट बस स्टैंड का हाल बेहाल, कीचड़ में तब्दील चतरा सरकारी बस स्टैंड

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** झारखंड का चतरा ऐसा जिला है जहां आवागमन का सुविधा एक मात्र सड़क मार्ग ही है। चतरा जिला मुख्यालय में एक बस स्टैंड है जिसका रखरखाव जिला परिषद करता है। इस बस स्टैंड से प्रत्येक दिन हजारों यात्री एक शहर से दूसरे शहर की तरफ जाते हैं ।बिहार की राजधानी पटना ,झारखंड की राजधानी रांची सहित प्रदेश के अन्य जिलों के लिए भी यहां से बसें खुलता है ।लेकिन बावजूद इसके इस बस स्टैंड में ना तो शौचालय है और न ही पेय जल की सुविधा है। और बारिश होते हैं पूरा बस स्टैंड कीचड़ में तब्दील हो जाता है।जिला मुख्यालय में एकलौता सरकारी बस स्टैंड भगवान के भरोसे है। यहां ना तो पेयजल की व्यवस्था है और नहीं सार्वजनिक शौचालय की। ऐसे में यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी महिला यात्रियों को उठानी पड़ती है। उन्हें व्यवस्था के अभाव में दैनिक कार्यो के निष्पादन में शर्मसार तक होना पड़ता है। हालांकि नगर परिषद के द्वारा लाखों रुपया टैक्स की वसूली की जाती है। लेकिन सुविधा की बात करें तो लगभग शून्य है। फिलहाल



बस स्टैंड कीचड़ में तब्दील हो चुका है। कई यात्री कीचड़ में गिर भी रहे हैं। फिर भी नगर परिषद के द्वारा बस स्टैंड में सुविधा बहाल नहीं किया जा रहा है। बस संचालकों की मानें तो बस स्टैंड में किसी तरह का सुविधा उन्हें नहीं मयस्सर होता है। सड़क पर गाड़ी खड़ा करते हैं तो पुलिस उन्हें भगा देती है। बस स्टैंड में कीचड़ भर चुका है। ऐसे में बस कहां खड़ा करें यह उन्हें समझ नहीं आ रहा है।वहीं यात्रियों ने बताया कि चतरा का दुर्भाग्य है कि इस तरह का बस स्टैंड देखने को मिल रहा है। जबकि सरकार अत्याधुनिक सुविधाओं से लैश स्वक्ष व सुंदर बस पड़ाव देने की दावे करती है। जो कहीं न कहीं व्यवस्था को मुँह चिढ़ाने को काफी है।बताते चलें कि चतरा शहर के पनसलवा-देवरिया ईलाके में अवस्थित बस स्टैंड से प्रतिदिन सैंकड़ों बसों का आवागमन होता है। जो यहां से यात्रियों को लेकर झारखंड, बिहार, उड़ीसा, बंगाल, यूपी, दिल्ली व छत्तीसगढ़ समेत विभिन्न राज्यों के दर्जनों जिलों में जाति है। बावजूद राज्य स्तरीय बस पड़ाव होने के बाद भी यहां सुविधा नगन्य होना अपने आप मे दुर्भाग्यपूर्ण है। हालांकि नगर परिषद के अधिकारी जलेद ही व्यवस्था को दुरुस्त करते हुए लोगों को सुविधाएं उपलब्ध कराकर मीडिया को सूचित करने की बात कर रहे हैं। ऐसे में अब देखना दिलचस्प होगा कि आने वाले समय मे भी सरकारी बस स्टैंड की दशा और दिशा सुधरती है या यात्री इसी तरह परेशान रहकर सरकार को कोसते नजर आते हैं।

# बिजली कर्मियों की लापरवाही का नतीजा 11000 वोल्ट का 11 पोल तार चोरों ने काटा बिजली हुयी बाधित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** आम बागान के नाम से मशहूर मयूरहंड थाना क्षेत्र के करमा पंचायत अंतर्गत अम्बाटांड़ तक बिजली विभाग द्वारा पहुंचाई गई बिजली को बीती रात अज्ञात चोरों ने काट लिया। एक दो पल बिजली तार चोरों ने नहीं बल्कि 11000 वोल्ट की 11 पोल का तार चोरों ने काटकर बिजली विभाग को करारा झटका देते हुए अपनी दमदार उपस्थिति भी दर्ज करा दिया। हजारीबाग इटखोरी मुख्य मार्ग पर तेतरिया मोड़ से महज इटखोरी (चतरा) की तरफ जाने वाली 200 मीटर के करीब से अम्बाटांड़ की तरफ जानेवाली



बिजली तार को चोरी करने में बिजली चोरों ने कोई कसर नहीं छोड़ा। आपको बता दें कि यह मार्ग काफी व्यस्त होने के बाद भी जिस तरह से चोरों ने बिजली तार की है यह बिजली विभाग के लिए एक बड़ी चुनौती है। पिछ्ले कई सालों से बिजली तार चोरी का सिलसिला थमा हुआ था लेकिन एक बार फिर से बिजली चोरों ने जिस तरह से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है यह बिजली विभाग के लिए चिंता की विषय है।

## संक्षिप्त खबरें

### अग्रसेन जयंती महोत्सव की शुरुआत आज से

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव की शुरुआत आज साइकिल रेस के साथ होगी । जयंती संयोजक नीरज अग्रवाल और सुमन रामरायका ने बताया कि साइकिल रेस का का प्रारम्भ प्रातः 5:30 बजे अग्रसेन भवन से होते हुए शहर के विभिन मार्ग से होते हुए वापस अग्रेसन भवन पहुचेगी । साइकिल रेस प्रतियोगिता के कारण बच्चों के मन में एक अलग सा उत्साह है । इस साइकिल रेस प्रतियोगिता के संयोजक सौरभ गोयल,अभिनव चौधरी, विवेक मुनका, विनीत चौधरी, कशिश अग्रवाल और शुभम अग्रवाल ने सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं । जगह-जगह, चौक चौराहे पर अग्रवाल युवा मंच के सदस्य गण तथा समाज के लोग तैनात रहेंगे । साथ में एम्बुलेंस और पुलिस प्रशासन की गाड़ी भी रहेगी द्य और उसके अगले दिन दिनांक 9.10.2013 दिन सोमवार को प्रातः 10ः00 बजे रक्तदान शिविर का विशाल मेगा कैम्प का आयोजन अग्रसेन भवन में किया जायेगा द्य रक्तदान शिविर का अयोजन मानव सेवा के लिए एवं थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए किया जा रहा है । ये जानकरी मीडिया प्रभारी ऋषभ अग्रवाल ने दी।

### हरली गांव में बिजली करंट के चपेट में आने से किसान की मौत

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बड़कागांव थाना क्षेत्र के हरली गांव में बिजली के चपेट में आने से 55 वर्षीय किसान विनोद कुमार दांगी, पिता स्व. बीपत महतो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना शुक्रवार देर शाम की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को विनोद खाना खाने के बाद खेत में काम करने बारा बाध (हरली) गया था। जब शाम को घर वापस नहीं लोटा तो परिजन खोजबीन करते हुए खेत की ओर गए तो परिजनों ने देखा कि बिजली के गिरे हुए तार के चपेट में आकर मौत हो चुकी है। शव के दाहिने हाथ व पीठ में बिजली तार से जलने का निशान पाया गया। परिजनों व ग्रामीणों द्वारा शव को लेकर ललकीमाटी बिजली सब स्टेशन के गेट के सामने रख कर बिजली विभाग से मुआवजा की मांग को लेकर बादम- विश्रामपुर, बड़कागांव मार्ग को बंद कर दिया गया। घटना की जानकारी ग्रामीणों द्वारा पुलिस प्रशासन को टेलीफोन पर दी गई। मुआवजे की मांग को लेकर लगभग 15 घंटा तक सड़क जाम रहा। बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की के अथक प्रयास के बाद भी लाश को पोस्टमार्टम के लिए नहीं उठाने दिया।

अगले दिन शनिवार को सुबह लगभग 10ः00 बजे लास्ट को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेजा गया। ग्रामीण ने बताया कि बिजली की तार गिरने की सूचना हरली उपकेंद्र को दिया गया था, सुनवाई नहीं होने पर साइकिल से सब स्टेशन पहुंचकर बिजली कर्मी को जानकारी दी गई थी। यदि समय रहते सुधार लिया जाता तो यह घटना नहीं घटती। बताते चले कि क्षेत्र में कई जगह लूज तार की समस्या है।

अकसर घटनाएं घटती रहती है इससे पूर्व भी बिजली की तार की चपेट में आने से प्रखंड के कई लोगों की जान जा चुकी है। अभी फिलहाल कुछ माह पूर्व में गुड़कुआ आंगनबाड़ी केंद्र के सामने 11000 बिजली का तार गिर गई थी। सेविका एवं सहायका के द्वारा अध्ययनरत 16 बच्चों को खिड़की से बाहर निकलकर जान बचाई गई थी। उक्त आशय की जानकारी मिलते ही बड़कागांव मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, बड़कागांव मध्य पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, हरली के पंचायत समिति सदस्य कोशिला देवी एवं सांढ के पूर्व मुखिया भीखन महतो घटनास्थल पर पहुंचकर आला अधिकारियों से वार्ता किया। एक नौकरी एवं 5 लख रुपए मुआवजा पर सहमति बनी।

इस दौरान हरली पंचायत के कई स्थानीय ग्रामीण भी मौजूद थे। सहमति बनने के बाद पुलिस प्रशासन के द्वारा लगभग 10 बजे मृतक के शरीर को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेजा गया। मौके पर मुख्य रूप से त्रिवेणी महतो, रामसुंदर महतो , पूर्व पंसस उपेन्द्र महतो, पंकज व्यास, , वार्ड सदस्य शशि कुमार, जेबीकेएसएस के राकेश मेहता , बड़कागांव थाना के सअनी हादी खान व पुलिस सशस्त्र बल सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे। बिजली उपकेंद्र ललकीमाटी हरली बड़कागांव को बिजली कर्मी जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों की उपस्थिति में ताले को खोला गया।सभी ने देखा कि सब स्टेशन के अंदर शराब की कई बोतले, डिस्पोजल ग्लास, सिगरेट के डब्बे, मिनरल वाटर की बोतलें रखी हुई थी। यहां तक की एक मिनरल वाटर के बोतल में शराब भरा पाया गया।शराब की कई बोतले खिड़की के बाहर सब स्टेशन के चार दिवारी के अंदर फेका हुआ देखा गया। साथ ही ताश के पत्ते भी बिखरे पड़े थे। ऐसा प्रतीत होता है कि उपकेंद्र शराब का अड्डा बना हुआ है। मौके पर उपस्थित अन्य बिजली के कर्मियों ने कहा कि इसकी शिकायत वरीय पदाधिकारी को कई बार किया है।

### गाली में जितिया मेला सह सांस्कृति कार्यक्रम का उद्घाटन

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के गोंदलपुरा पंचायत के सुदूरवर्ती गांव गाली में जितिया मेला पुजा समिति गाली के बैनर तले जितिया मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जितिया अखरा में पारम्परिक तरीके से पुर्वजों को याद करते हुए पाहन लोगों ने अपने रिति- रिवाज के अनुसार पुजा किया। झारखंडी संस्कृति परम्परा के अनुसार पारम्परिक वाद्ययंत्र मांदर, नगाड़ा के साथ पाहन व अन्य स्थानीय लोगों ने लोकगीत झुमर गाकर व महिलाएं व पुरुषों ने हाथ से हाथ जोड़ कर नृत्य किया।

मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में बातौर मुख्य अतिथि भारतीय जनतंत्र मोर्चा की नेत्री सह समाजसेवी निशी पाण्डेय ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

लोगों को संबोधित करते हुए निशी पांडेय ने कहा कि यहां पहली बार आई और लोगों का भरपूर प्यार व सम्मान मिला। जितिया वर्त करनेवाली महिलाओं से आशीर्वाद मांगा और जितिया पर्व की शुभकामनाएं दी। वहीं विशिष्ट अतिथि प्रमुख फुलवा देवी एंव गोंदलपुरा पंचायत मुखिया बासुदेव यादव ने कहा कि पुर्वजों को याद करने का पर्व जितिया है और उनके द्वारा चले आ रही परम्परा को संजोए रखना हम सब का कर्तव्य है।

पुर्व प्रमुख प्रतिनिधि कौलेश्वर गंझु ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित लोगों को जितिया पर्व का शुभकामना दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे कलाकारों ने बांसुरी व मांदर की थाप पर जितिया पर्व एंव नागपुरी गीतों को प्रस्तुत कर दर्शकों मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुईयां, पंसस बादम रमणिका देवी एंव भारतीय जनतंत्र मोर्चा के कार्यकर्ता नंदलाल राणा, अवधेश सिंह, सहित जितिया मेला पुजा समिति गाली अध्यक्ष बालदेव गंझु, सचिव गिरजा भुईयां, कोषाध्यक्ष फलेन्द्र गंझु,पाहन ललित भुईयां, जेठरयत बंधु गंझु, संचालक मनोज गंझु, विवेक रावत, अर्जुन गंझु, प्रमोद गंझु, नवीन गंझु, बादल गंझु, राजदीप राम, प्रभु राम सहित हजारों लोग मौजूद थे।

## तीन दिनों के भीतर मिला ट्रांसफार्मर ग्रामीणों ने माण्डू विधायक का कहा शुक्रिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़, चेडरा पंचायत के इचाक डहर के किनारे माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने ट्रांसफार्मर का उद्धघाटन किया।इस संबंध में चेडरा पंसस मुन्नी देवी ने बताया कि यह ट्रांसफार्मर विगत पंद्रह दिनों से जला था,ग्रामीणों को बिजली नही रहने के कारण काफी कठिनाई उठाना पड़ रहा था। मुझे इसकी जानकारी तीन दिन पूर्व मिली जिसकी जानकारी मैंने माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई



पटेल को दी जिन्होंने जानकारी प्राप्त होते ही तीन दिनों के भीतर ट्रांसफार्मर आवंटित करा दिया।जिसकी वजह से आज लोग बहुत खुश दिखाई पड़े। आप सभी चेडरा वासियों से कहना है,जनमुद्दे से जुड़ी कोई भी समस्या हो तो मुझे इसकी सूचना दे,आगे भी मैं इसी तरह माण्डू विधायक से सहयोग लेकर आप सबो की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करूँगी।इस मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, उपाध्यक्ष महादेव मंडल, महामंत्री गुरु प्रसाद साव,राजेश सोनी, सुखदेव मंडल,किशोर यादव,नन्हकू महतो, जयवीर प्रसाद बर्मन, राकेश कुमार बर्णवाल, बिनोद राम,कैलाश सोनी समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## जिला परिषद की बैठक में जिप उपाध्यक्ष ने अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** जिला परिषद, कार्यालय हजारीबाग में जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव एवं सचिव डीडीसी प्रेरणा दीक्षित समेत सभी जिला परिषद सदस्य सभी विभाग के पदाधिकारी उपस्थित हुए। मौके पर जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने अपने क्षेत्र में विभिन्न पंचायत की समस्याओं से पदाअधिकारी को अवगत कराया। उन्होंने बताया की औऱपरता से डपोक होते हुए गरजामो



तक रोड का रिपेयरिंग, बरही अनुमंडलीय अस्पताल में तत्काल दो डॉक्टर जिसमे एक महिला व एक पुरुष तत्काल दिया जाए। वहीं उन्होंने बरही अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम की सुविधा, बिजली विभाग से ट्रांसफॉर्मर बनाने के लिए बरही में व्यवस्था की बात रखी। श्रीनगर में तार बदला जाए, जिसे आश्वासन मिला की दुर्गा पूजा से पहले तार बदल दिया जाएगा। वहीं बुंडू गाँव में 11000 तार को स्थानांतरित की जाने की मांग भी उन्होंने रखा।

## बारिश की वजह से कमजोर कच्चा मकान ढहा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ में लगातार हो रही वर्षा से कच्चे मकान का गिरने का सिलसिला जारी है। विष्णुगढ़ पंचायत के निवासी सुनीता देवी, पति रूपलाल ठाकुर का कच्चा खपरैल मकान भरभरा कर गिर गया। मकान पूरी तरह से ढह जाने पर इनके आशियाने उजड़ गए और बेघर हो गए हैं। वर्षा के कारण बेघर हुए प्रभावित परिवार प्रखंड प्रशासन से आपदा प्रबंधन के तहत उचित मुआवजा और आवास की मांग की है।

## अपने अधिकारों को जानना ही हमारा मूल मंत्र है : सौरभ अंशु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड के अन्तर्गत ग्राम डापोक, दुलमुहा, विजेया में विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत लोगों विधिक जानकारी दी गई। जिसके तहत बरही प्रखंड के विभिन्न गांवों में घूम कर लोगों को विधिक जानकारी एवं उनके अधिकारों के बारे में बताया गया। अधिवक्ता सौरभ अंशु ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हर बच्चों को शिक्षा पाना मूलभूत अधिकार में एक है, आप अपने



विवेक एवं ज्ञान से सशक्त एवं सबल व्यक्ति बन सकते हैं। शिक्षा के आभाव में लोग अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों से वंचित रह पाते हैं। साथ ही पोस्को एक्ट एवं इन से मिलने वाले कंपनसेक्शन, लैबर लॉज, ह्यूमन हार्शमेंट, ह्यूमन फंडामेंटल राइट्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

विधिक के जानकारी के अभाव में उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है और लोग गलत राह पर चले जाते हैं एवं शोषण के अधीन हो जाते है। इसलिए सभी को अपने मूलभूत अधिकारों को जानना अति आवश्यक है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुख्य लक्ष्य है की प्रत्येक व्यक्तियों को अपने अधिकारों एवं कानून को जानना अति आवश्यक है इसलिए हम लोग हर एक कस्बे गली मोहल्ले में जाकर लोगों को विधिक के बारे में बताया करते हैं।

## पतरातू प्रखंड के तीन महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण का शिलान्यास करेंगे सांसद जयंत सिन्हा : महेंद्र कुमार महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** प्रखंड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लगभग 16 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से 22 किलोमीटर ग्रामीण सड़क का शिलान्यास करेंगे सांसद जयंत सिन्हा।जिसकी जानकारी महेंद्र कुमार महतो जिला सांसद प्रतिनिधि ग्रामीण विकास रामगढ़ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी दी।आगे उन्होंने बताया कि माननीय सांसद जयंत सिन्हा के अनुशंसा पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पतरातू प्रखंड के तीन महत्वपूर्ण सड़क



रशियन हॉस्टल पतरातू से लेकर साहीटॉडी होते हुए मध्य विद्यालय टेरपा तक लम्बाई 5.70 किलोमीटर लागत 4 करोड़ 93 लाख दूसरा डुडगी से सॉकी भाया महसमोहना कडरू बारीडीह पथ की लंबाई 9.50 किलोमीटर लागत 6 करोड़ 81लाख तीसरा ग्राम लबगा से जयनगर होते हुए सौंदा बस्ती तक लम्बाई 7.80 किलोमीटर लागत 4 करोड़ 60 लाख तीन पथों के निर्माण होने से पतरातू प्रखंड में ग्रामीण जनताओ को पतरातू प्रखंड मुख्यालय एवं पतरातू में बन रहे एनटीपीसी का मेगा पावर प्लांट में काम कर रहे मजदूरों को आने-जाने में सुविधा होगी और 25 से 30 हजार आबादी को एक अच्छी और एक सुंदर सड़क का लाभ उठा पाएंगे।

## झामुमो कार्यकर्ताओ ने संयुक्त रूप से किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़,चेडरा पंचायत के करोंज मोड़ में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। झामुमो मांडू विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौरव पटेल के प्रयास से उपलब्ध करवाए गए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी व विष्णुगढ़ उपमुखिया अनुराग बर्मन के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान करोंज मोड़ के ग्रामीणों ने युवा नेता गौरव पटेल को ट्रांसफार्मर जलने की सूचना दी। गौरव पटेल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए ट्रांसफार्मर



उपलब्ध करवाया। इस त्वरित कार्रवाई से ग्रामीणों में खुशी है। उद्घाटन कार्यक्रम मुख्य रूप से माण्डू विधानसभा सांसद प्रतिनिधि बिपिन कुमार सिन्हा,आशीष कुमार,दशरथ राय,दिलीप सोनी,सुधीर श्रीवास्तव,संजय सिंह, जयप्रकाश सिंह,विकास कुमार, टिंकू सोनी समेत कई लोग शामिल थे।

## स्थानीय मुद्दों और जनसमस्याओं को लेकर चौपारण ब्लॉक मैदान में आज होगा महाजुटान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** हजारीबाग के चौपारण प्रखंड अंतर्गत ब्लॉक मैदान में आज रविवार 8 अक्टूबर को महाजुटान हो रहा है। इस महाजुटान का नाम बदलाव संकल्प सभा है जो झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) द्वारा आयोजित किया जा रहा है। सभा का मुख्य उद्देश्य स्थानीय नीति, नियोजन नीति, खनन नीति, पुनर्वास नीति, निजी कंपनियों में स्थानीय को नौकरी में 75 प्रतिशत आरक्षण एवं स्थानीय नेतृत्व के मसले पर अपनी आवाज को बुलंद करना है। झारखण्ड में एक बड़े बदलाव के लिए संकल्प लेना है। जिसमें बरही विधानसभा क्षेत्र के हज़ारों युवा, बड़े- बुजुर्ग, महिलाएं एवं नौजवान साथी और जनता शामिल होंगे।



जयराम महतो और संजय मेहता सहित कई वक्ता करेंगे सभा को संबोधित बदलाव संकल्प सभा में स्थानीय मुद्दों और क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं पर अपनी आवाज बुलंद कर रहे झारखंडी योद्धा जयराम महतो, संजय मेहता उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे। इसके अलावा झारखण्ड के अन्य वक्ता भी झारखंडी भावना के तहत अपनी राय जनता के समक्ष रखेंगे। बदलाव संकल्प सभा को लेकर हज़ारीबाग, चतरा, गिरिडीह, कोडरमा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सैकड़ों स्थानों में जाकर समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा जनता को जागरूक किया जा चुका है। साथ ही बरही विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों स्थानों में नौजवानों एवं लोगों से संवाद स्थापित कर महासभा में अपनी उपस्थिति दर्ज करने की अपील किया गया है।बदलाव संकल्प सभा को लेकर झारखंडी योद्धा संजय मेहता और भुनेश्वर यादव द्वारा लगातार जनता से मुलाकात की गयी है। गाँव - पंचायत समेत कई स्थानों में नुक्कड़ सभा किया गया है। चौक-चौराहों में जाकर लोगों को सभा का मुख्य उद्देश्य बताया गया हैं।संजय मेहता ने लोगों से यह आह्वान किया है कि झारखंड की माटी बचाने और अपने हक़ अधिकारों के इस लड़ाई में संकल्प लेने का वक्त आ गया है। हमलोग मिलकर बदलाव संकल्प सभा को सफल बनाते हैं। चौपारण की धरती से झारखंड में बदलाव का इतिहास लिखते हैं।

## डायरिया से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू का प्रवास हजारीबाग में हुआ ।हजारीबाग पहुंचने पर परिषदन में उन्हें भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला एवं जैविक कृषि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अनूप भाई वर्मा प्रमंडलीय प्रभारी राजेश मेहता, जिला कार्यालय मंत्री मिथिलेश सिंह ने माला पहनाकर एवं पौधा भेंटकर स्वागत किया। हजारीबाग आगमन पर उन्होंने अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार संवेदनहीन के प्रकाष्ठा को पार कर चुकी है। मुख्यमंत्री के क्षेत्र में इतना बड़ी घटना रूह को कपा देने वाली है तीन पहाड़िया जनजाति की मौत एक ही परिवार से हो जाना और बीच कीचड़ में चार-पांच घंटे तक लाश का पड़े रहना यह मुख्यमंत्री के लिए दुर्भाग्य की बात है। जब मुख्यमंत्री अपने आप को आदिवासियों का नेता समझते हैं और आदिवासियों के प्रति कितना इनके चिंता है, इस घटना से झारखंड वासियों को समझने की जरूरत है जो कि उनके अपने विधानसभा जिला क्षेत्र की घटना है पहाड़िया जनजाति समाज को बचाने के लिए भारत सरकार के द्वारा अनेकों प्रकार की योजना चलाकर उन्हें संरक्षण दिया जा रहा है ,और वहीं दूसरी ओर राज्य सरकार के द्वारा उन्हें अनदेखा किया जा रहा है। जिसका प्रमाण एक ही परिवार से तीन लोगों की मौत से समझ में आती है इस मौत की जिम्मेदार राज्य की सरकार और मुख्यमंत्री हैं । मैं राज्य सरकार से मांग करता हूं कि घटित घटना के परिवार वालों को पर व्यक्ति 10 लाख रुपया की मुआवजा राशि देने का घोषणा करें ।

## एक दिवसीय ग्रामीण व स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता 2023 का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड रांची द्वारा न्यू स्टेडियम, नियर संत कोलंबस हजारीबाग में एक दिवसीय ग्रामीण तथा स्वदेशी जनजातिय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला योजना पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि प्राचार्य संत कोलंबस कॉलेज डॉ विमल रेमैन के द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं तीर तथा गुलेल चलाकर विधिवत उद्घाटन किया गया । मुख्य अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों को प्रमंडल स्तर, स्तर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन हेतु शुभकामना दी गई। प्रतियोगिता में तीरंदाजी, गुलेल, मटका दौड़, भारा दौड़, गेड़ी दौड़, और सेकोर खेल का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में हजारीबाग जिले के विशेष रूप से कमजोर आदिम जनजाति तथा अनुसूचित जनजाति के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया । तीरंदाजी प्रतियोगिता के बालक वर्ग में प्रथम स्थान आयुष राज लकड़ा, द्वितीय स्थान आशीष टूटी ने प्राप्त किया। वही बालिका वर्ग में प्रथम स्थान फूलमती कुमारी एवं द्वितीय स्थान सोनाली कुजूर ने प्राप्त किया। मटका दौर में बालिका वर्ग में प्रथम स्थान रूबी कच्छ एवं द्वितीय स्थान एलिजाबेथ एक्का ने प्राप्त किया। वही बालक वर्ग में प्रथम स्थान पंकज किस्कु एवं द्वितीय स्थान सुमित कच्छप ने प्राप्त किया। सेकोरे खेल में बालक वर्ग में प्रथम स्थान कोर्रा टीम एवम बालिका वर्ग में पतरातू टीम ने प्राप्त किया। गेड़ी दौड़ के बालक वर्ग में प्रथम स्थान राहुल कुमार एवं द्वित्य स्थान पंकज किस्कु ने प्राप्त किया एवं वही बालिका वर्ग में प्रथम स्थान रूबी कच्छप एवं द्वित्य स्थान सुषमा टोप्पो ने प्राप्त किया। भारा दौड़ के बालक वर्ग में प्रथम स्थान समीर कुमार एवं द्वित्य स्थान फ्रांसिस कोक ने प्राप्त किया वही बालिका वर्ग में प्रथम स्थान महंती एवं द्वित्य स्थान एलिजाबेथ एक्का ने प्राप्त किया। गुलेल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में प्रथम स्थान आकाश तिर्की एवं द्वितीय स्थान कुलदीप कुजूर ने प्राप्त किया वही बालिका वर्ग में प्रथम स्थान एलिजाबेथ एक्का एवं द्वितीय स्थान रूबी कच्छप ने प्राप्त किया। विदित हो कि प्रमण्डल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 11 अक्टूबर 2023 से 12 अक्टूबर 2023 तक हजारीबाग जिला के न्यू स्टेडियम में किया जाएगा जिसमें कोडरमा, चतरा, बोकारो, रामगढ़, गिरिडीह, धनबाद एवं हजारीबाग जिले के विजेता खिलाडी भाग लेंगे।

## बी.डी.जायसवाल नॉक ऑउट फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 का हुआ आगाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत सदर प्रखंड के ग्राम पंचायत चुटियारो में आयोजित बी.डी. जायसवाल नॉक ऑउट फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 का शनिवार को चुटियारो मैदान में भव्य आगाज़ हुआ। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के सदर प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार और विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी और अमनारी पंचायत के मुखिया कृष्णा मेहता सहित अन्य गणमान्य लोगों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके और फुटबॉल में क़िक मारकर उद्घाटन किया। उद्घाटन मैच तिलरा बनाम एफसीसी फाइटर टीम के बीच खेला गया। टूर्नामेंट में



अबतक सदर, दारू, चुरचू, मांडू, इचाक, कटकमदाग और रामगढ़ क्षेत्र की कुल 10 टीमों ने अपना पंजीकरण कराया है और यह प्रक्रिया जारी है। टूर्नामेंट में कुल 32 टीमों का ही रजिस्ट्रेशन करने का आयोजन समिति ने निर्णय लिया है। मौके पर सदर विधायक के विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार ने बताया की खेल मानसिक और शारीरिक विकास के साथ चारित्रिक विकास के लिए भी जरूरी है। उन्होंने बताया कि सदर विधायक मनीष जायसवाल क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के साथ खेल - खिलाड़ियों के विकास और उत्थान के लिए भी समर्पित हैं।उन्होंने कहा की विधायक मनीष जायसवाल ने फुटबॉल खेल के क्षेत्र में नई क्रांति लाने का काम किया है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## टुंडी के खिलाड़ियों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं केवल सहयोग की जरुरत : मुरारी सिंह



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड के कटनियां स्थित खेल मैदान में आज शनिवार को जय मां काली क्लब के द्वारा दो दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है जिसमें कुल सोलह टीमों ने भाग लिया। इस खेल में बतौर मुख्य अतिथि पधारे जनहित मोर्चा के नेता सह माना पाठक के निजी सचिव मुरारी सिंह के द्वारा टीमों को नए फुटबॉल भेंट किया गया। एवं टुंडी थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अनिल कुजूर के द्वारा फुटबॉल मैदान में नारियल फोड़ कर एवं फीता काटकर खेल की शुभारंभ की गई। सर्वप्रथम संयुक्त रूप से निजी सचिव मुरारी सिंह एवं थाना प्रभारी द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर फुटबॉल को हवा में उछाला गया फिर खेल की शुरुआत की गई एक भेंट में जनहित मोर्चा नेता मुरारी सिंह ने कहा कि टुंडी के खिलाड़ियों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं केवल सहयोग की जरूरत है जिससे जनहित मोर्चा सहयोग करने में कभी पीछे नहीं हटेगा। आज टुंडी जैसे पिछड़े क्षेत्रों में शिक्षा ,स्वास्थ्य ,खेल ,को बढ़ावा देने का काम आए दिन जनहित मोर्चा के द्वारा किया जा रहा है और आगे भी किया जाएगा खिलाड़ियों को कभी किसी की किसी भी तरह की मदद की जरूरत पड़े बेहिचक ढांगी स्थित कार्यालय में संपर्क कर सकता हैं । मौके पर निजी सचिव मुरारी सिंह ,टुंडी इंस्पेक्टर अनिल कुजूर, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुचरण बास्की, जनहित मोर्चा के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रभारी मुस्ताक अंसारी, रविकांत मंडल, विश्व हिंदू परिषद के विक्रम सिंह वीर, समेत कई खेल प्रेमी मौके पर उपस्थित थे ।

## डीएवी बनियाहीर में दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ




**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी बनियाहीर में दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य सुब्रतो मोदक के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सहायक क्षेत्रीय अधिकारी प्रज्ञा सिंह ने वहाँ उपस्थित प्रशिक्षुओं व प्रशिक्षकों को अपने आशीर्वचनों से उद्बोधित व प्रोत्साहित किया। इस कार्यशाला में अर्थशास्त्र वाणिज्य और सामाजिक विज्ञान विषय के लगभग 80 शिक्षक शिक्षिकाओं ने सहभागिता दर्ज कराई। प्राचार्य ने कार्यशाला में भाग ले रहे सभी शिक्षक शिक्षिकाओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि जो भी शिक्षक शिक्षिकाएं इस अभिक्षमता संवर्धन कार्यशाला में उपस्थित हुए वे यहाँ से कुछ नया सीखें, अपनी शिक्षण तकनीक को पोषित कर अधिक आकर्षक व प्रभावशाली बनाएं जिससे बच्चों को अधिकाधिक लाभ मिले। साथ ही यह भी आग्रह किया कि शिक्षक अपने इस नवीन ज्ञान और अनुभव का प्रयोग बच्चों के सर्वांगीण विकास में करने का प्रयास करें।

## ग्रामीणों की मांग पर जिप अध्यक्ष ने उपयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बेंगाबाद प्रखंड के बदवारा पंचायत अंतर्गत लछुवाडीह निवासी दौलत प्रसाद वर्मा एवं ग्रामीणों के द्वारा संयुक्त रूप एक आवेदन जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी को सौप जिसमें सैकड़ो ग्रामीणों का हस्ताक्षर है। ग्रामीणों ने जिप अध्यक्ष का ध्यान अपने गांव की ओर आकर्षित करते हुए गांव की मुख्य समस्या से अवगत कराई है. जिसको लेकर जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी ने गिरिडीह उपायुक्त को ज्ञापन सौप कर जिसमें लछुवाडीह आर ई ओ पथ से करमाटांड़ तक पीसीसी पथ एवं पुलिया निर्माण का मांग किया है, इसके साथ ही सहयारी एवं खोसोखार सहियारी के अरुण पांडे घर से कर्माटांड़ खोसोकर होते हुए जीरनाथ महादेव मंदिर तक कालीकरण पथ निर्माण लगभग चार किलोमीटर की मांग की है। वही ज्ञापन में जिप अध्यक्ष ने उक्त पथ एवं पुलिया निर्माण कार्य करने की अनुशंसा की है।

## पुलिस ने भैंस लदा ट्रक पकड़ा, कार्रवाई में जुटी

**गावां(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गावां थाना पुलिस ने झारखंड बिहार सीमा पर शनिवार को अहले सुबह भैंस लदा एक ट्रक को पकड़ लिया व जब्त कर थाना ले आयी ।बताया जाता है कि ट्रक हाजीपुर हटिया से बोकारो जा रहा था ।ट्रक में कुल चौदह भैंस लदा हुआ था जबकि चार छोटे बछड़े भी थे ।गावां थाना पुलिस प्रभारी सन्नी सुप्रभात ने बताया कि वाहन में क्षमता से अधिक भैसों को लादकर ले जाया जा रहा था जो नियम विरुद्ध है ।इधर भैंस ले जा रहे लोगों ने बताया कि सभी भैंस दुधारू हैं और इन्हें बोकारो में संचालित डेयरी ले जाया जा रहा था ।गावां पुलिस ट्रक को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है ।

## सामाजिक कार्यकर्ता रिंकी सिंह के माता का निधन

**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** छाताबाद निवासी सामाजिक कार्यकर्ता रिकी सिंह की माता गुरमीत कौर उम्र 60 वर्ष का शनिवार सुबह हृदय गति रुकने से निधन हो गया। इधर कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। अंतिम संस्कार कतरास लिलोरी मंदिर श्मशान घाट में किया गया। अपने पीछे दो पुत्र दो पुत्रियां सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गयी है। उनका निधन का खबर पाकर बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो, जनशक्ति दल के सुप्रीमो सूरज महतो, वार्ड नंबर 2 के पार्षद प्रतिनिधि मासूम खान, रणधीर ठाकुर, मो मोनू, राजू सरदार, मनोज लाला जितेंद्र पासवान आदि ने शोक व्यक्त की।

## झारखंड सीनियर फुटबॉल टीम में धनबाद के दो खिलाड़ी चयनित

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नोएडा उत्तर प्रदेश में आयोजित संतोष ट्रॉफी फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग ले रही झारखंड टीम में धनबाद के दो खिलाड़ी अजय किस्कु एवं सुदर्शन महतो का चयन हुआ। बोकारो में चल रही ट्रायल कैंप में प्रदर्शन के आधार पर इन दोनों खिलाड़ियों को चयनित किया गया।

## 13163/13164 सियालदह-सहरसा-सियालदह हाटे बाजार एक्सप्रेस का कटिहार मंडल के एकलाखी स्टेशन पर ठहराव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर कटिहार मंडल के एकलाखी स्टेशन पर गाड़ी सं. 13163/64 सियालदह-सहरसा-सियालदह हाटे बाजार एक्सप्रेस का आज दिनांक 07.10.2023 से प्रायौगिक तौर पर ठहराव प्रदान किया जा रहा है। दिनांक 07.10.2023 से गाड़ी सं. 13163 सियालदह-सहरसा हाटे बाजार एक्सप्रेस 05.04 बजे एकलाखी स्टेशन पहुंचकर वहां से 05.06 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी तथा गाड़ी सं. 13164 सहरसा-सियालदह हाटे बाजार एक्सप्रेस 21.58 बजे एकलाखी स्टेशन पहुंचकर वहां से 22.00 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

# झरिया विधानसभा के जामाडोबा में नवनिर्मित एक मात्र डिग्री कॉलेज बन कर पुरी तरह तैयार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** झरिया विधानसभा के जामाडोबा में नवनिर्मित एक मात्र डिग्री कॉलेज बनकर पुरी तरह तैयार हो गया है। सोमवार से इस कॉलेज के अस्तित्व में आने के बाद से छात्र छात्राओं के लिए पढ़ाई की प्रक्रिया शुरू कर दिया जायेगा। शनिवार को डिग्री कॉलेज का भवन निर्माण कार्य पूरा होने के बाद अभियंता अमर कुमार एवं समीर तिग्गा ने कॉलेज के प्रिंसिपल आर पी सिंह को भवन सुपुर्द कर दिया है। श्री सिंह ने बताया है की बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्व विद्यालय के कुलपति सुखदेव जी से वार्ता कर शिक्षकों की कमी को दूर करने की मांग किया गया है। श्री सिंह ने बताया है की विश्व विद्यालय के 14 कॉलेज में सिर्फ गणित के तीन ही शिक्षक हैं। दूसरे कॉलेजों से शिक्षक मंगा कर पढ़ाई पूरी की जाएगी। फिलहाल लेब के लिए कंट्रोलर एवम बर्शर के अलावा दो लिपिक चाहिए। उन्होंने कहा है की टाटा स्टील फाउंडेशन ने कहा है की जल्द ही कॉलेज में अनुसूचित जाति/जनजाति को छात्रवृति के लिए परीक्षा कराया जायगा। श्री सिंह ने कहा है की सोमवार को 654 छात्र छात्राओं को रॉल नम्बर वितरण कर बुधवार से क्लास शुरू कर दिया जायेगा।

## दसवीं के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, परिजनों का रोकर बुरा हाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** पूटकी थाना क्षेत्र के श्रीनगर कॉलोनी के समीप जेनरल स्टोर के संचालक नौशाद आलम का बेटा, 18 वर्षीय मो. रेहान ने बीती रात अपने दुकान मे गमछा के सहारे फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। मृतक दसवी का छात्र था। वही परिजनों ने बताया की मृतक नित दिन के तरह खाना खाकर अपने दुकान मे सोने गया। जब परिजन सुबह दुकान खुलाने गए तो अंदर से कुछ आवाज नही आया। परिजनों को कुछ अनहोनी की आशंका हुई जिसके बाद दरवाजा तोड़ा गया तो देखा रेहान गमछा के सहारे लटका हुआ था। घटना की जानकारी पुलिस को दिया गया। पुलिस घटना स्थल पर पहुँच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम मे भेज घटना की तफ्तीश मे जुट गई है।

## असर्फी अस्पताल के डॉ. सतीश द्वारा वाल्व का सफल प्रत्यारोपण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** असर्फी अस्पताल में 27 वर्षीय एक महिला मरीज़ गंभीर अवस्था में दूसरे बड़े शहरों के इलाज़ से असंतुष्ट होकर धनबाद के असर्फी अस्पताल पहुंची। मरीज़ के जांचोपरांत डॉ सतीश कुमार नटराजन के नेतृत्व में अस्पताल की पूरी टीम के द्वारा मरीज का सफल ऑपरेशन कर ट्राइकसपिड वाल्व को स्वस्थ्य करने के साथ साथ माइट्रल वाल्व का प्रत्यारोपण किया गया। मरीज़ के परिजनो ने बताया की मरीज़ को विगत कई महीनो से सांस लेने में तकलीफ हो रही थी और पिछले दिनों तकलीफ बढ़ जाने के कारण उन्हें इलाज़ के लिए धनबाद से बाहर शहर लेकर गए जहा उनका बेहतर इलाज़ नहीं हो सका। उन्होंने ये भी कहा की बिगत कुछ वर्षो से महिला के वाल्व में दिक्क़ते थी, जिसके उपचार हेतु वे लगातार प्रयासरत थे। तत्पश्चात उन्होंने असर्फी अस्पताल में इलाज़ कराने का निर्णय लिया और सफल रहे। मरीज़ अभी पहले से बहुत ही बेहतर एवं स्वस्थ है। गौरतलब है की असर्फी अस्पताल मे एंजिओग्राफी, एंजिओप्लास्टी, वाल्व रिप्लेसमेंट, बाईपास सर्जरी एवं ओपन हार्ट सर्जरी आदि की सुविधा उपलब्ध है।

## मुखिया प्रशिक्षण किए केरल रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया(गिरिडीह ) :** शनिवार को सरिया खुर्द पंचायत के मुखिया भुवनेश्वर मंडल एवं दो वार्ड रामचंद्र मंडल एवम मनोज पासवान पंचायत के सम्पूर्ण विकास को लेकर झारखंड सरकार के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए केरल रवाना हुए। इसके पूर्व पंचायत भवन में एक समारोह का भी आयोजन किया गया। जिसमें मुखिया ने संबोधन में कहा कि झारखंड सरकार पंचायती राज विभाग के द्वारा पूर्व में झारखंड के 26 पंचायत को उत्कृष्ट पंचायत का दर्जा देकर मॉडल पंचायत के रूप में विकसित करने को लेकर सरिया खुर्द पंचायत का चयन किया गया था। इसके पूर्व रांची में एक सेमिनारआयोजित किया गया था । जिसमें पूरे झारखंड के 26 पंचायत के मुखिया व वार्ड सदस्यों ने भाग लिया । इस समारोह के दौरान पंचायत भवन की एक ही छत के नीचे ग्रामीणों को बैंक की सुविधा, स्वास्थ्य ,स्वच्छता एवं सभी सरकारी योजनाएं जैसे वृद्धा पेंशन ,सर्वजन पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जाति ,आवासीय आय ,जन्म ,मृत्यु ,फसल बीमा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा ,जीवन ज्योति बीमा आदि आदि सरकारी सुविधाओं का लाभ दिलवाना मुख्य उद्देश्य बताया गया । वहीं पंचायत में बेहतर स्वास्थ्य केंद्र, शैक्षणिक संस्थान, आंगनबाड़ी केंद्र ,रोजगार मुखी प्रशिक्षण केंद्र, कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि चलने की कार्य योजना बताई गई थी। साथ ही बताया गया था इन सभी कार्यों के लिए अभी ग्रामीणों को कभी प्रखंड ,अंचल, अनुमंडल एवम अन्य सरकारी दफ्तरों का चक्कर लगाना पड़ता है ।

## तेतुलमारी महाप्रबंधक कार्यालय में रैयतों ने नियोजन व रेगुलाईजेशन की मांग को लेकर जेसीबी से काटा रास्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कतरास :** तेतुलमारी स्थित बीसीसीएल एरिया 4 एवं 5 महाप्रबंधक कार्यालय का रास्ता शनिवार 11 बजे रेगुलाईजेशन की मांग को लेकर रैयतों ने महाप्रबंधक आने-जाने का रास्ता को जेसीबी लगाकर काट दिया जिससे एरिया आने जाने का रास्ता अवरुद्ध हो गया। रैयतो द्वारा एकाएक जेसीबी लगाकर रास्ता अवरुद्ध किए जाने के बाद महाप्रबंधक कार्यालय में अफरा तफरी मच गई। लोग अपनी-अपने गाड़ी निकालने की होड़ लग गई। लोग अपना अपना गाड़ी निकाल कर भागने लगे ताकि उनका गाड़ी एरिया ऑफिस में ना फंस जाए। बीसीसीएल से परेशान रैयत काफी तेवर में दिख रहे थे जो मरने मारने को तैयार थे रैयतों ने बताया कि बीसीसीएल और ग्रामीणों के बीच 33.71 डिसमिल जमीन पर एक पैकेज डील हुआ था। जिसमें बीसीसीएल ने 34 नियोजन देने की बात वर्ष 1991 में की थी। वार्ता के मुताबिक वर्ष 1996 में आठ नौकरी दिया गया, जो आज कुछ आदमी सेवानिवृत्ति हो गए। वर्ष 1915 में फिर एक बार 18 नौकरी और फिर वर्ष 2018 में दो नौकरी दिया गया। लेकिन बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा आज तक किसी को भी रेगुलराइजेशन नहीं किया गया। रैयतों ने बताया कि 34 नौकरी में 6 नौकरी अभी बाकी है वहीं आज तक किसी का रेगुलाईजेशन नहीं किया गया है। रैयतो का सब्र का बांध आज टूट गया और एरिया 4/5 प्रबंधक कार्यालय का रास्ता को काटकर अपना विरोध जताया। एरिया 5 के कुछ अधिकारियों ने रैयतों से बात करने के लिए बुलाया लेकिन अधिकारियों को कहना है कि इस बारे में उनका कोई जानकारी नहीं है।

## कम समय में विजेता 100 धान ने पैदावार देकर बनाया रिकॉर्ड



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को गिरिडीह ज़िले के जमुआ प्रखंड क्षेत्र के झारखंडी गांव में सवाना बीज कंपनी में टेट्री मैनेजर बबलु वर्मा के नेतृत्व में दामोदर वर्मा के खेत मे लगे धान विजेता 100 बीज का प्रदर्शनी किया गया। वही मैनेजर बबलू वर्मा ने बताया कि सवाना कंपनी धान की दुनिया में नंबर वन कंपनी है और यह कंपनी नई तकनीक और नई टेक्नोलॉजी किसानो के बीच लेकर आती है ।वही किसानों को खेती के न्यू तकनीकी के बारे में बताया गया। सवाना धान कंपनी की बीज ज़िले में कई किसानों ने लगाया है जो यह धान 100 दिनों में उपज हो जाता है । किसान भी खुश हैं। मौके पर उपस्थित काजल बीज़ भंडार के प्रो. लालजीत प्रसाद, कम्पनी के क्षेत्र प्रबंधक उमेश कुमार, सावा मित्र बिनोद वर्मा, मोती, गणेश इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## सेरेब्रल पाल्सी से ग्रसित बच्चों को उपचार से ज्यादा प्यार की जरूरत : डॉ मंनोज




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** समावेशी शिक्षा के झरिया रिसोर्स सेंटर के तत्वावधान में शुक्रवार को सेरेब्रल पाल्सी दिवस मनाया गया। बच्चों को स्पेशल कीट प्रदान किया गया। इस अवसर पर सी पी बच्चों का जीवन आसान बनाने की जानकारी दी गई। साथ ही फिजियोथेरेपी के तकनीक से अवगत कराया गया। इनके पुनर्वास में सहायक सामग्री का उपयोग का तरीका बताया गया। ज्ञात हो कि इस बीमारी से ग्रसित होने वाले बच्चे शारीरिक एवं मानसिक रूप से दिव्यांग हो जाते हैं। इसका प्रभाव उनके माता, पिता एवं परिवार पर भी पड़ता है। भारत में प्रति हजार बच्चों में दो बच्चे सी.पी. के शिकार हो जाते है जिसके कारण उन बच्चे के परिवार वालो को आर्थिक एवं चिकित्सीय बोझ उठाना पड़ता है। ऐसे बच्चों को चलने, देखने, सुनने और बोलने में भी परेशानी होती है। फ़िज़ियोथेरेपिस्ट डॉ मंनोज सिंह ने कहा कि फिजियोथेरेपी सेरेब्रल पाल्सी के ईलाज में बहुत कारगर साबित होती है। सी.पी के बच्चों को विशेष प्रकार का व्यायाम जैसे न्यूरो डेवलपमेन्ट तकनीक, गेट ट्रेनींग और सेन्सरी इन्ट्रीग्रेशन कराने की जरूरत होती है।

## लगातार हो रही बारिश से मिटटी का मकान ढहा, परिवार हुआ बेघर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** प्रखंड छोटकी खरगडीहा पंचायत अंतर्गत के बीझैया में लगातार हो रहे बारिश से एक गरीब का मकान पूरी तरह से ढह गया। पीड़ित मंजू देवी रत में अपने बच्चो के साथ घर में सो रही थी की अचानक लगातार बारिश को नहीं झेक पाने की वजह से मिटटी का कच्चा मकान ढह गया। हलाकि इस हादसा में किसी को कोई शारीरिक छती नहीं हुवा लेकिन परिवार बेघर हो गया। जानकारी अनुसार इस पीड़ित परिवार का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना में था लेकिन वर्तमान में लिस्ट से नाम गायब है। एक तरह घर से बेघर इस परिवार के सर पर छत की जरुरत है वही लिस्ट से नाम काट जाना भी एक सडयंत्र की और संकेत कर रही है। इस पीड़ित परिवार को तत्काल प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिलना चाहिए। आवास प्रधानमंत्री आवास के कारण का ई पंचायत में बारिश मिट्टी का घर बारिश में।

## दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा थाना में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक महुदा इंस्पेक्टर अलबिनुस इंदावर की अध्यक्षता में किया गया ।इस मौके पर महुदा थाना प्रभारी योगेश कुमार महतो ने सभी लैंसेंसी पूजा समितियों की रूठ चाट को देखा और मेला को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी से अपील किया और कहा की अफवाह में ध्यान नहीं देंगे।यदि शंधिग्द आदमी दिखे तो थाना को सूचित करे इस मौके पर धनेश्वर महतो, शिबू महतो, मटुक मिश्रा, संपद घोषाल, भरत महतो, बाबी महतो , सूरज महतो सिंगाड़ा मुखिया, श्रवण पासवान, सुभाष चंद्र रवानी, सोमनाथ चेतार्जी, आदि लोग उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा : उपायुक्त ने की पूजा समितियों के साथ बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** दुर्गा पूजा को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने आज समाहरणालय के सभागार में पूजा समितियों के साथ बैठक कर साफ सफाई, पानी, बिजली, सड़क सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की और उनकी समस्या और सुझाव को सुना। इसमें सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाने, भूली ए ब्लॉक के पंडाल के पास शौचालय की साफ सफाई कराने, केंदुआ में नियमित जलापूर्ति कराने, करकेंद, केंदुआ, वासेपुर आरा मोड़, भूली थाना से नया बाजार सुभाष चौक तक तथा श्याम



नगर से भूली ए ब्लॉक तक स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त करने, रेलवे ट्रेनिंग स्कूल भूली से कुसुंडा तक की सड़क, गया पुल अंडर पास की सड़क को ठीक कराने के सुझाव प्राप्त हुए।

उपायुक्त ने कहा कि दुर्गा पूजा को लेकर नगर निगम ने रात में कचरा उठाने की व्यवस्था की है। वहीं पूजा पंडाल के पास मेला

**14 अक्टूबर को होगी जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक**

लगाने वाले आयोजक को साफ सफाई की जिम्मेदारी देनी होगी?। इसके लिए उन्हें विभिन्न स्थानों पर डस्टबिन रखने होंगे और उसके स्वयंसेवक यह सुनिश्चित करेंगे कि मेला परिसर में सफाई रहे। स्ट्रीट लाइट के लिए नगर निगम ने सात सदस्यीय नाइट पेट्रोलिंग टीम तैयार की है। जो अभी से लेकर छठ पूजा तक रात में विभिन्न क्षेत्रों में जाकर स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त करेगी।

# प्रभात मंत्र

## लोहरदगा/सिमडेगा

रांची, रविवार, 8 अक्टूबर 2023 | पेज




## संक्षिप्त खबरें

### कैरो प्रखंड क्षेत्र में जीवितपुत्रीका ब्रत महिलाये कर संतान के लम्बी उम्र का किया कामना

**कैरो (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लोहरदगा प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो प्रखंड मुख्यालय समेत प्रखंड के गाँवो मे भी जीवितपुत्रीका (जितिया) का त्यौहार 07 अक्टूबर शनीवार को प्रखंड के महिलाओं ने 24 घन्टे का उपवास रखकर,पुजा अर्चना कर माता जीवितपुत्रीका और राजा जिमुतवाहन वाहन से अपने अपने पुत्र की दीर्घायु जीवन का किया कामना। इस अवसर पर जितिया का पुजा अर्चना करवाते हुए आचार्य कौशल कान्त त्रिपाठी ने संवाददाता से कहा कि एक समय सतयुग काल मे राजा शाहनी वाहन के पुत्र राजा जिमुतवाहन वाहन अपने ससुराल नागलोक गये,वे प्रतिदिन की दिनचर्या के तहत ही रात को भोजन के उपरांत भ्रमण के लिये निकले,उन्होने देखा की नागलोक मे एक माता अपने पुत्र को गोद मे लेकर रो रही थी,राजा ने उनसे रोने का करण पुछा,कन्या ने बताया कि प्रतिदिन इस राज्य से एक गरुढ़ एक बच्चे को भोजन के रुप मे आहार करते हैं,आज मेरे पुत्र की बारी है,मेरे पति भी नहीं है,महिला की बात सुन राजा जिमुतवाहन स्वयं गरुढ़ का आहार बनकर गरुढ़ के पास चले गये,गरुढ़ जब भोजन राजा का करने लगा तब वायाँ अंग करके दायाँ अंग खाने लगा तब गरुड़ को बिचित्र जैसा लगा तब राजा ने सारी बात गरुढ़ को बताई,गरुढ़ प्रसन्न हुये और राजा से वरदान माँगने को कहा,राजा ने अबतक जितने लोगों को आप खाएँ हैं,उनका जीवन लौटाने का बरदान मांगा, गरुढ़ ने कहा यह हमारे वश मे नहीं है,आप चले जायें माता जीवितपुत्रिका के पास जो माता दुर्गा का ही रुप हैं,राजा जिमुतवाहन माता जीवितपुत्रीका के पास गए,माता ने राजा को एक कलश दिये जिसमे अमृत था,उसे मृत सभी बच्चों पर छिड़काव की बात माता ने राजा से कही,राजा कलश लेकर सभी मृत बच्चों के शरीर मे छिड़काव करने लगे,मृत बच्चे जीवित हो गये। तब सतयुग काल से ही आज तक आज ही के दिन पृथ्वीलोक पर जीवित जीवितपुत्रीका व्रत (जितिया) का त्योहार माताएँ उपवास रखकर माता जीवितपुत्रीका और जिमुतवाहन की पुजा अर्चना कर,संतान की लंबी उम्र की कामना करने की परंपरा वर्षो-वर्ष से चली आ रही है।

### शिक्षा परियोजना के तत्वाधान में उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लोहरदगा झारखंड शिक्षा परियोजना लोहरदगा के तत्वाधान में आज दिनांक 07.10.2023 को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया,हिंदू, लोहरदगा के प्रांगण में एनआईपीएल नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय सभी बीईईओ,बीपीओ बीआरपी,सीआरपी, एमआईएस और डाटा ऑपरेटर की उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। उक्त कार्यशाला में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के राज्य नोडल पदाधिकारी,झारखंड मनोज कुमार निराला और राजीव कुमार, सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर झारखंड के द्वारा ह्ढ्ढक्क नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के पोषक क्षेत्र में 15 वर्ष से अधिक उम्र के महिला और पुरुषों को साक्षर बनाने का बेहद महत्वपूर्ण कार्यक्रम है,जिसे भारत सरकार और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से संचालित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत प्रखंड यूजर,संकुल यूजर,विद्यालय यूजर और सरवेयर बनाकर घर-घर सर्वे कराते हुए साक्षर बनाने के लिए अशिक्षित व्यक्ति और कम पढ़े लिखे व्यक्तियों की पहचान की जानी है। पहचान किए गए व्यक्तियों का एनआईओएस के तहत मूल्यांकन कार्य किया जाएगा। तत्पश्चात उन्हें प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जाएगा। सभी सरवेयर को गूगल प्ले स्टोर से उल्लास ऐप डाउनलोड करना है और शिक्षार्थियों का सर्वे करते हुए उन्हें शिक्षार्थी और स्वयंसेवी के रूप में चिन्हित करना है। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरिता एक्का,सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, आकाश कुमार,क्षेत्र प्रबंधक,जयमंगल लोहार, बीईईओ,कूडु,जयनाथ महतो बीईईओ,भंडरा, सभी प्रखंडों के बीपीओ,बीआरपी,सीआरपी, एमआईएस,डाटा इंट्री ऑपरेटर उपस्थित हुए।

### जीवितपुत्रिका की पूजन से सन्तान की रक्षा के साथ साथ अखण्ड सौभाग्य की होती है प्राप्ति : रामाधार पाठक

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पुत्रकी लंबी आयु से जुड़े पर्व जीवित पुत्रिका व्रत की पूजा शनिवार को जिले में धूमधाम के साथ मनाया गया। वही आचार्य रामाधार पाठक ने विधि विधान से पूजन कराकर जीवितपुत्रिका की कथा कही। कहा कि सप्तमी रहित और उदयातिथिअष्टमी को व्रत करनी चाहिए।यदि इसपर ध्यान नही दिया गया तो फल नष्ट हो जाता है। इस दौरान व्रती महिलाओं ने अहले सुबह से ही पर्व की तैयारी की थी। इस दौरान व्रती महिलाओं ने सारा दिन उपवास रखते हुए पूजा-अर्चना की। पर्व को लेकर व्रती महिलाओं ने घरों में मडुआ के आटे से व्यंजन तैयार किया। इस दौरान जिउतिया के मौके पर व्रती महिलाओं ने अपने घर और मंदिरों में पुजारियों के मंत्रोच्चार के साथ जीवित वाहन बाबा की पूजा-अर्चना भी की। पूजन साम्रगी से जीवित वाहन बाबा की पूजा करने के बाद कथा का श्रवण किया। घंटो पूजा-अर्चना के बाद पुजारियो ने व्रती महिलाओं के समक्ष पर्व की शाम पुजारियो से कथा का श्रवण किया। मान्यता के अनुसार इस दौरान व्रतियों ने इसकी कथा भी सुनी।विधि पूर्वक पूजन अर्चन के बाद राजा जीमूतवाहन एवं चील सियार की सविधि पूजन किया गया। वही जिउतिया पर्व पर दो दिनों से ही बाजार में रौनक छाई रही। फल फूल व पूजन सामग्री की खरीददारी में लोग अहले सुबह से ही जुटे थे। इससे बाजार में आम दिनों की अपेक्षा चहल पहल अधिक देखने को मिली। शाम होते ही नगर के विभिन्न स्थानों पर व्रती महिलाओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। व्रती महिलाओं ने विधि विधान से सूत्र रूप जिउतिया (दुर्गा) की आराधना कर पुत्र की दीर्घायु की मनोकामनाएं की।

### फरार दो वारंटी को छपेमारी कर पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा जेल

**सेन्हा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लोहरदगा न्यायालय द्वारा जारी वारंट एसटी संख्या 5/2018 के आलोक में सेन्हा थाना पुलिस ने छापेमारी कर डाँडू से दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। सेन्हा थाना क्षेत्र के डांडू ग्राम में छापेमारी कर सेन्हा थाना पुलिस द्वारा दो वारंटीयों को गिरफ्तार किया गया बताया जाता है की लोहरदगा न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आलोक में सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार के नेतृत्व में एएसआई रामचन्द्र मांझी द्वारा दलबल के साथ वारंटीयों के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। इस संदर्भ में एएसआई रामचन्द्र मांझी ने जानकारी देते हुए बताया कि डांडू निवासी स्वर्गीय रहमत अंसारी का पुत्र मुस्तकीम अंसारी और स्वर्गीय हातिम अंसारी का पुत्र नूरहसन अंसारी दोनों अलग अलग कांड में संलिप्त थे। जिन्हें फरार होने के कारण ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की अदालत से जारी वारंट के आलोक में दोनो वारंटीयों को सेन्हा पुलिस द्वारा देर रात गिरफ्तार किया गया। वही गिरफ्तार दोनो वारंटी को मेडिकल जांचोपरांत लोहरदगा न्यायालय में प्रस्तुत कर शनिवार को जेल भेज दिया गया।

### सेन्हा के नये सीओ बने राकेश कुमार तिवारी

**सेन्हा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सेन्हा अंचल के नये सीओ के रूप में राकेश कुमार तिवारी ने 46 वाँ अंचलाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात सीओ श्री तिवारी ने कहा की दाखिल खारिज व भूमि सम्बन्धित सभी अन्य कार्यो के अतिरिक्त छात्र छात्रओं का जाति,आय और आवासीय प्रमाण पत्रो का समय पर निपटारा किया जायेगा। जिसे विद्यार्थियों को परेशानी न हो। साथ ही कहा कि वरीय पदाधिकारीयों के निर्देशानुसार अन्य कार्यो का भी सीघ्र निष्पादित किया जायेगा जिसे अंचल क्षेत्र के ग्रामीण किसानों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। मौके पर अंचल निरीक्षक चंद्रप्रकाश मेहता के अलावे लिपिक और सभी राजस्व कर्मचारी तथा अन्य अंचलकर्मी मौजूद थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में विषय सह प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में विषय सह प्रश्नमंच का आयोजन किया गया। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में 12वीं विज्ञान में अंकित कुमार साहू,पायल वर्मा और रोहित कुमार साहू,ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। 12वीं कला में चन्दन महतो,पूनम कुमारी व नेहा कुमारी ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। 11वीं विज्ञान में प्रथम स्थान बंटी भगत,द्वितीय स्थान विवेक उरांव व तृतीय स्थान कशिश कुमारी ने प्राप्त किया। 11वीं कला में ज्योति प्रिया कुजूर, नितेश उरांव और रागिनी भगत ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य उत्तम मुखर्जी और शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## तेली समाज के लोगों ने किया भाजपा का पुतला दहन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार गुमला भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी ने कहा था कि तेली समाज के नेता लोग अवसरवादी, नकाबपोशी और छुटभैये जैसे होते हैं। जो सरासर तेली समाज का अपमान था। इस अपमान के खिलाफ झारखंड के विभिन्न जिलों से राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के नेतागण प्रेस विज्ञप्ति जारी करके कहा था कि भाजपा माफी मांगे अन्यथा तेली समाज चरणबद्ध तरीके से भाजपा के खिलाफ विरोध कार्यक्रम करेगा परन्तु भाजपा ने अभी तक माफी नहीं मांगा राँची, गुमला, जमशेदपुर, खूँटी,चतरा,पलामु, लातेहार और कोडरमा जिला में भाजपा का पुतला दहन करने के बाद राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन युवा इकाई के तत्वावधान में लोहरदगा जिला मुख्यालय में तेली समाज के लोगों ने मिलकर भाजपा का पुतला दहन किया। पुतला दहन कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष आदित्य कुमार साहू ने किया। जिलाध्यक्ष आदित्य कुमार साहू ने कहा कि हमारा तेली समाज भाजपा को 99त्न वोट देता है और भाजपा भागीदारी देने के बजाय समाज को अपमानित करने का दुःसाहस कर रही है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जूम मीटिंग के माध्यम से जिला खनन टास्क फोर्स की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक जूम मीटिंग के माध्यम से हुई। बैठक में सभी थाना प्रभारियों से बीते दो माह में अवैध बालू उठाव, बाक्साईट खनन,पत्थर खनन से संबंधित जानकारी ली गई। सभी थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में बीते दो माह में संबंधित मामलों में जब्त किये गये वाहन,एफआईआर,दण्ड शुल्क की जानकारी दी गई। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अवैध रूप बाक्साईट खनन से संबंधित मामलों के होने, इसकी जानकारी होने के उपरांत छापेमारी व की गई कार्रवाई एवं अवैध बॉक्साइट खनन का मामला नहीं होने पर भी प्रतिवेदन समर्पित करने का निदेश दिया गया।

आज की जूम मीटिंग में पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमां,उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, सहायक खनन पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है : अलीरजा अंसारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू :** लोहरदगा व्यक्ति के जीवन में बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम का प्रभाव उम्र भर रहता है।अभिभावक यदि अभी से सजग रहकर बच्चों को घर में पढ़ने के लिए नियमित रूप से प्रेरित करते रहें तो आगामी 2024 की परीक्षाओं में शानदार परिणाम देखने को मिल सकता है।किशोरावस्था की मनोदशा को समझते हुए ही इस उम्र के बच्चों को डांट-फटकार करनी चाहिए। उक्त बातें रा. उत्क्र. उच्च विद्यालय जिंगी में अभिभावकों से एक विशेष



बैठक में विद्यालय प्रधानचार्य अलीरजा अंसारी ने कहीं।बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कम से कम 75 प्रतिशत उपस्थिति छात्राओं को बनाए रखने,साप्ताहिक परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने,घर में प्रतिदिन गृहकार्य बनाने सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को पढ़ाई के महत्व को समझाएं और निरंतर सीखने के लिए प्रेरित करें।विद्यालय के 8वी, 9वीं एवं 10वीं कक्षा में अध्ययनरत बच्चों के अभिभावकों से विशेष बैठक में कक्षावार प्रत्येक बच्चे की शैक्षणिक प्रगति एवं उपस्थिति की समीक्षा की गई और जरूरी दिशा निर्देश दिए गए।बैठक में विशेष रूप से उपस्थित जिंगी पंचायत मुखिया दिलीप उरांव ने विद्यालय को हर संभव सहयोग करने का वादा किया।उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि अभिभावक भी बच्चों की पढ़ाई के प्रति जागरूक रहें,तभी अपेक्षित सफलता मिलेगी।

## जिउतिया व्रत कर माताओं ने संतान का दीर्घायु जीवन के लिये की कामनाएँ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा :** लोहरदगा जिउतिया व्रत कर माताओं ने संतान के दीर्घायु जीवन के लिये की कामनाएँ। पुत्र पुत्रियों के लम्बी आयु से जुड़े पर्व जीवितपुत्रिका व्रत की पूजा शनिवार को प्रखंड क्षेत्र में उल्लाष और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। वही व्रत करने वाली माताओं ने अहले सुबह से ही पर्व की तैयारी कर ली थी। इस दौरान व्रती माताओं दिन भर उपवास रखते हुए माताओं ने पीपल की



डाली को गाड़ कर जिउतिया का पूजाअर्चना की। वही नियमानुसार पर्व को लेकर व्रती महिलाओं ने घरों में मडुआ के आटे से व्यंजन तैयार किया। जिउतिया के मौके पर देर शाम व्रती महिलाओं ने अपने घर और मंदिरों में पुजारियों के मंत्रोच्चार के साथ जिउतिया रूप में जितवाहन बाबा की पूजा अर्चना की। आठ प्रकार के पूजन साम्रगी से जीवित्पुत्रिका व्रत की पूजा करने के पश्चात महिलाओं एवं अन्य लोगों ने पुराणों के अनुसार कथा का श्रवण किया। महिलाओं द्वारा विधि विधान से जीवित्पुत्रिका व्रत का पूजन कर रविवार सुबह विसर्जन किया गया।

## खेल में जिंदगी का फलसफा है : अनुपमा भगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा नवयुवक संघ पारही द्वारा करमा जितिया के अवसर पर आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि लोहरदगा नगर परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष अनुपमा भगत ने कहा की खेल में जीवन का दर्शन है। फुटबॉल में किक मारकर गोल करते हैं उसी प्रकार जीवन में ठोकर खाकर इंसान आगे बढ़ता है। अनुशासन और लगन से आप सफलता हासिल कर सकते हैं। खेल में रोजगार के भी अनेक अवसर है। शिक्षा के साथ खेल भी हमारे जीवन को सजाते संवारते हैं। विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा की हमारे मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन खेलो झारखंड और खेल नीति के माध्यम से खिलाड़ियों को निखारने का प्रयास कर रहे हैं। वे हर खेल को प्रोत्साहित कर रहे हैं। इसके पूर्व मुख्य अतिथि अनुपमा भगत एवं राधा तिर्की का बच्चियों द्वारा पारम्परिक रूप से स्वागत



किया गया। फाइनल मैच में एजे स्टाइल खखपरता ने तीन शून्य से आज़ाद क्लब सेन्हा को पराजित कर विजेता बना। इस अवसर पर आदिवासी छात्र संघ के बालेश्वर उरांव पंडित अवधेश उरांव,मुखिया धनबाज उरांव,पाहन भोला उरांव,बीजू उरांव,वीरेंद्र यादव,मनोज सोन तिर्की,आयोजन समिति के मुकूल उरांव, इरफान विनोद अभिषेक,सूरज लालदेव निरंजन उरांव आदि काफी संख्या में दर्शक एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## कुरडेग में हुआ झापा का कार्यकर्ता सम्मेलन, झापा जाति धर्म की राजनिति नहीं करती : एनोस एक्का

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुरडेग :** संत जॉन स्कूल कुरडेग के प्रांगण में झारखंड पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ जिसमें कुरडेग प्रखंड के सभी आठों पंचायतों के ग्राम प्रधान मुख्य रूप से उपस्थित रहे कार्यकर्ता सम्मेलन में सैकड़ों की संख्या में दूसरे पार्टी के कार्यकर्ता झापा में शामिल हुए जिन्हें एनोस एक्का समेत पार्टी के पदाधिकारियों ने माला पहनाकर स्वागत किया । मौके पर पुर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि झारखण्ड पार्टी जाति धर्म की राजनिति नहीं करती यह सभी लोगों को साथ लेकर चलती है जबकि कांग्रेस और बी जे पी लोगों को बरगलाकर धर्म की राजनिति कर वोट लेती है झारखण्ड पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए मुझे फर्जी मुकदमें में फंसाया गया जिसमें मुझे सात वर्ष की सजा हो गई लेकिन मुझे पन्द्रह बर्ष तक



जेल में रखा गया क्योंकि मैं जनता के लिए लगातार काम करता रहा जिन गाँवों में बिजली , पानी , रोड और पुलिया नहीं था ये सुविधा पहुँचाने का काम किया जब भी झापा ने आगे बढ़ने का काम किया तब कांग्रेस ने दबाने का किया है कांग्रेस को उन्होने बी जे पी का बी टीम बताया , कहा कि कांग्रेस के 11 विधायक ने सरकार बदलने के लिए पैसा लिया और झारखंड पार्टी को ये लोग बदनाम करते हैं हम विधायक रहे या नहीं रहे एक बेटा बनकर निश्चित रुप से आपकी समस्या का आवाज उठा कर समाधान करने का प्रयास करेंगे 7 आप पर अत्याचार और शोषण नहीं होने देंगे 7 उन्होंने सिमडेगा विधायक पर तंज कसते हुए कहा कि विधायक अगर कोई अच्छा और बड़ा काम किए हैं तो बताएं मैं आपको ?2000 इनाम दूंगा 7 कोलेबिरा और सिमडेगा विधायक के बारे में कहा कि यह लोग अनुकंपा के विधायक हैं इन लोगों को जनता के प्रति कोई सोच नहीं है यह मजबूरी का विधायक है इन्हें मजबूरी में इसाई और मुस्लिम वोट देकर विधायक बनाया है वही उन्होंने जोर देते हुए कहा कि जितने भी विधायक मद से चल रही योजना हैं उसकी जांच कराकर चेहरा बेनकाब करेंगे । मौके पर पुर्व मंत्री एनोस एक्का , जिला अध्यक्ष मतियस बागे, जिला सलाहकार ओलीभर लकड़ा , जिला सचिव अमन खेस , अजित किंडो , बिनोद बारला , सुरजन नायक , उमेश मांझी, जगदीश, दिल धरण साय, चन्दन नायक उपस्थित रहे ।

## सांग ब्रॉदर्स ने झालदा ब्रॉदर्स को 2-1 से पराजित कर अगले दौर में किया प्रवेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखण्ड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल मैदान में चार दिवसीय मरांग गोमके स्व जयपाल सिंह मुंडा अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट का दूसरा दिन काफ़ी रोमांचक रहा। ईस खेल में जलडेगा प्रखण्ड के सभी जन - प्रतिनिधि, सभी पदाधिकारी, प्रशासन एवं खेल समिति के पुरे सदस्य का भरपूर सहयोग रहा, आपको बता दें की ईस खेल झारखण्ड पार्टी एवं जितने भी जलडेगा प्रखण्ड के सभी जन - प्रतिनिधि, सभी पदाधिकारी, एवं समाजसेवी के सहयोग द्वारा खेलाया जा रहा है।खेल का पहला राउंड में सांग ब्रॉदर्स टीम ने 11 स्टार को 2-1 से पराजित किया वहीं दूसरे मुकाबले में झालदा ब्रॉदर्स टीम ने सिमडेगा टाइगर टीम 2-1 से पराजित किया।तीसरे मुकाबले में पिया परदेसी सिलीगुड़ी टीम ने तोरपा एफ. सी.को 3-0 से पराजित किया।साथ ही क्वाटर फाइनल में



सांग ब्रॉदर्स टीम ने झालदा ब्रॉदर्स को 2-1 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। ओहीं मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार तारिणी स्पोर्ट जलडेगा कृष्णा साहू की ओर से दिया गया।मौके पर झापा प्रखंड कमिटी के बिनोद बड़ाईक,नितेन्द्र प्रसाद,आयोजन कमिटी के मो इरफान,बिनय लोहरा,दिलीप खड़िया,ललन साहू,अनूप साहू,आकाश साहू,आशीष इंदवार,मनोज सिंह, सुमन खड़िया,छोटू सिंह,मो इब्राम, मीडिया प्रभारी नरेश नायक, दीपक चीक बड़ाईक, सहित अन्य सदस्य एवं हजारों संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे ।

## प्रखण्ड सभागार में हुई बीस सूत्री समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** केरसई प्रखंड सभागार में 20 सूत्री समीक्षा बैठक हुई । बैठक में मनरेगा प्रधानमंत्री आवास शिक्षा विभाग जेएसएलपीएस विद्युत आपूर्ति पेयजल कल्याण सांख्यिकी कृषि आपूर्ति पंचायती राज तेजस्विनी इत्यादि विभागों की समीक्षा हुई।बैठक में प्रभारी ब्क्षह्र उषा मिंज ने अधूरे प्रधानमंत्री आवास को जल्द पूरा करने का दिशा निर्देश दिया वहीं अंचल अधिकारी बलिराम मांझी ने हाथी प्रभावित वज्रपात एवं बनाधिकार पट्टा से संबंधित जानकारियां दी।मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष वाल्टर सोरेंग ने कहा कि प्रखंड प्रशासन स्थानीय जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर सरकारी योजनाओं को लागू करें।प्रखण्ड के सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने प्रभारी ब्क्षह्र, ष्टह्र से आग्रह किया कि स्थाई ब्क्षह्र,ष्टह्र नही रहने से ग्रामीणों को प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है इसके आलोक में उन्होंने कहा कि जब भी हमलोगों की जरूरत होगी हमलोग उपलब्ध रहेंगे पर कम से कम सप्ताह में दो दिन शनिवार एवं बुधवार को प्रखण्ड एवं अंचल में ब्क्षह्र एवं ष्टह्र रहेंगे ताकि ग्रामीणों को किसी तरह की असुविधा न हो । केंद्रीय मंत्री के जिला पंचायती राज विभागीय सांसद प्रतिनिधि प्रणव कुमार ने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी का स्वागत किया।मौके पर प्रमुख तरण भोय बिद्यायक प्रतिनिधि सह मुखिया मुंश खेस सभी पंचायत समिति सदस्य प्रखंड कर्मी एवं अन्य विभाग के कर्मी मौजूद थे ।

## अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में चल रहे फुटबॉल प्रतियोगिता में सातवें दिन खेले गए चार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** आदिवासी छात्र संघ सिमडेगा के बैनर तले सिमडेगा के अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में चल रहे वीर शहीद तेलंगा खाड़िया स्मारक 8 दिवसीय बालक/ बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता के आज सातवें दिन चार मैच खेले गए। पहला मुकाबला बालिका वर्ग में गोल्डन नाइट और बाराबरपानी के बीच खेला गया जिसमें गोल्डन नाइट ने पेनाल्टी में विजय होकर फाइनल में पहुंची। वहीं बालिका वर्ग में ही दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला जामबहार और फ्रेंड्स क्लब के बीच खेला गया जहाँ फ्रेंड्स क्लब 1-0 से मैच जीतकर फाइनल में पहुंची। बालक वर्ग में सेमीफाइनल मुकाबला मैनाबेड़ा और जोहार झारखंड के बीच हुआ जिसमें मैनाबेड़ा की टीम 2:00 से मैच जीतकर फ़ाइनल में प्रवेश कर गया है. आज के मैच को



संत जेवियर कोलेज सिमडेगा के अध्यापक और गोंडवाना छात्र संघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह द लोकतंत्र के न्युज रिपोर्टर अनुज बेसरा ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर और शुभकामना देकर मैच का शुरुआत कराए. ज्ञात को कि आज 2:00 बजे से अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में भव्य बालक और बालिका का फ़ाइनल मुकाबला खेला जायगा इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है. जहां बालक बालिकाओं द्वारा झारखंडी संस्कृति आधरित नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी. फ़ाइनल मुकाबला में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, पाकरटांड से जिला परिषद सदस्य जोसीमा खाखा,ठेठेटाँगर प्रमुख विपिन पंकज मिंज अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे. इस अवसर पर फ़ाइनल विजेता और उप विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा ।

आज के मैच को सफल बनाने में इगनासियूस बा,एरेन समद, बबीता कुमारी,मसकलन जोजो, गुलाबी कुमारी,विवेक एक्का,आनंद सोरेंग आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया ।

चलते चलते एक नजर

## बीएसएफ को और मिले 115 जवान, पासिंग आउट परेड में ली देश सेवा की शपथ

**श्रीनगर :** श्रीनगर के बाहरी इलाके हुमहामा में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सहायक प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी) में 115 रंगरूट कांस्टेबलों की शनिवार को पासिंग आउट परेड आयोजित की गई। देशभर से आए पासआउट्स ने समर्पण के साथ देश की सेवा करने की शपथ ली। इस अवसर पर बीएसएफ के महानिरीक्षक, फ्रंटियर कश्मीर, अशोक यादव मुख्य अतिथि थे और उन्होंने बीएसएफ रंगरूट कांस्टेबलों की भव्य सत्यापन परेड का निरीक्षण किया। रंगरूटों को संबोधित करते हुए आईजी बीएसएफ कश्मीर ने आत्मविश्वास, कौशल और समन्वय के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की, जो परेड का सर्वोच्च बिंदु था। उन्होंने ट्रेड्समैन से कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी) में परिवर्तित होकर अपने बीएसएफ करियर में एक कदम आगे बड़ने के लिए रंगरूटों की सराहना की और उन्हें साहस और उत्साह के साथ देश की सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि ने कमांडेंट एसटीसी बीएसएफ कश्मीर और अनुदेशात्मक कर्मचारियों को सफल प्रयासों और प्रशिक्षुओं को व्यापक प्रशिक्षण प्रदान करने और उन्हें विभिन्न सीमावर्ती क्षेत्रों में आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार करने के लिए बधाई दी। मुख्य अतिथि ने विभिन्न इनडोर और आउटडोर प्रशिक्षण गतिविधियों में असाधारण प्रदर्शन करने वाले रंगरूटों को पदक प्रदान किए। परेड के परेड कमांडर रंगरूट कांस्टेबल मनोज कुमार थे। बैच के पांच प्रशिक्षुओं को विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ चुना गया और उन्हें ट्रॉफी प्रदान की गई। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने कहा कि 24 सप्ताह के कठोर प्रशिक्षण के दौरान इन रंगरूट कांस्टेबलों ने धीरे-धीरे विभिन्न प्रकार के हथियारों को संभालने, फायरिंग कौशल, कानून, ड्रिल और सीमा प्रबंधन में दक्षता हासिल कर ली।

## मप्र: उद्योगपति अनिल अंबानी ने परिवार के साथ किए भगवान महाकाल के दर्शन

**उज्जैन:** देश के जाने-माने उद्योगपति अनिल अंबानी शनिवार को उज्जैन पहुंचे। परिवार के साथ उन्होंने विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकाल के दर्शन कर पूजन-अर्चना की। गर्भगृह में आराधना के बाद उन्होंने काफी देर तक नंदी हॉल में बैठ कर जाप किया। अनिल अंबानी शनिवार को पत्नी टीना अंबानी, बेटे अनमोल और बहू कुशा के साथ उज्जैन पहुंचे थे। उन्होंने यहां विधि-विधान के साथ बाबा महाकाल का पूजन और अभिषेक किया। मंदिर के पुजारी आशीष शर्मा ने अनिल और टीना अंबानी को मंत्रोच्चार के साथ पंचामृत और अभिषेक पूजन करवाया। अंबानी परिवार ने गर्भगृह से भगवान का आशीर्वाद लिया। महाकालेश्वर मंदिर समिति के निर्णय अनुसार गर्भगृह में आम श्रद्धालुओं का प्रवेश पर प्रतिबंध है। केवल वीआईपी श्रद्धालुओं को ही गर्भगृह में प्रवेश दिया जाता है। शनिवार को अंबानी परिवार को महाकाल मंदिर में गर्भगृह से दर्शन कराए गए। शनिवार को ही उज्जैन कलेक्टर ने गर्भगृह में श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक की बात करते हुए बताया था कि रोजाना दो लाख श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं, ऐसे में गर्भगृह को दर्शन के लिए नहीं खोला जा सकता।

# आईएसओ प्रमाणन के लिए गुमला जिले से दो पंचायत चयनित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पंचायती राज विभाग के नेतृत्व में गुमला जिला के बसिया (कलिगा) और रायडीह प्रखंड (परसा) से एक-एक पंचायत का चयन आईएसओ प्रमाणन के लिए किया गया है। किला, केरल के द्वारा इन्हें चुना गया है। पंचायत को सशक्त बनाने के लिए वहां के मुखिया और कुछ वार्ड सदस्यों को किला, केरल का एक्सपोजर विजिट कराया जा रहा है, जिसकी निर्धारित तिथि आठ अक्टूबर से 12 अक्टूबर है। इस विजिट का मुख्य उद्देश्य यह है कि जिस प्रकार केरल




की पंचायत सशक्त और आत्मनिर्भर हैं, उसी प्रकार यहां की पंचायत भी बनें। इससे जनप्रतिनिधियों में नैतिक साहस और कल्पनाशीलता बढ़े। वे पंचायती राज, लोकतंत्र की जानकारी का सकारात्मक उपयोग कर सकें। इस विजिट में बसिया के कलिगा पंचायत से मुखिया मरियम बेक,वार्ड सदस्य पतरसिया बेक और मंजू डुंगडुंग शामिल होंगे। प्रदान संस्था की ओर से अंकित कुमार होंगे। साथ ही रायडीह प्रखंड के परसा पंचायत से उप मुखिया शशि उरांव और वार्ड सदस्य धर्मा मुंडा शामिल होंगे।

**पंचायत को सशक्त बनाने के लिए वहां के मुखिया और कुछ वार्ड सदस्यों को किला, केरल का एक्सपोजर विजिट कराया जा रहा है, जिसकी निर्धारित तिथि आठ अक्टूबर से 12 अक्टूबर है।**

## केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने सिक्किम के प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा



**एजेंसी**

**गंगटोक:** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने शनिवार को सिक्किम के रंगपो और बारदांग इलाकों का दौरा किया। पिछले दिनों बादल फटने से तीस्ता नदी में आई बाढ़ से ये इलाके ज्यादा प्रभावित हुए हैं। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री मिश्रा आज से सिक्किम के दो दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने रंगपो और बारदांग में प्रभावित इलाकों का दौरा किया। भारतीय सेना के 23 जवान बारदांग में तीस्ता नदी में अचानक आई बाढ़ में बह गये थे। मिश्रा ने राज्य में चलाए जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों को लेकर अधिकारियों से विस्तृत बातचीत की। इस दौरान केंद्रीय गृह राज्यमंत्री मिश्रा के साथ पाकिम जिले के जिलाधिकारी टाशी चोपेल, एडीसी अनुपा तामलिंग और विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# वैज्ञानिक तरीकों से नदियों को आपस में जोड़ा जाए : धामी



**एजेंसी**

**नई टिहरी:** मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वैज्ञानिक आधार पर बरसाती नदियों को ग्लेशियर आधारित नदियों से जोड़ने के अभिनव प्रयासों पर बल दिया। इससे पूरे देश को लाभ मिलेगा। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने की। मुख्यमंत्री धामी ने इस महत्वपूर्ण बैठक को उत्तराखंड में आयोजित किये जाने के लिये केंद्रीय गृह मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मध्य क्षेत्रीय परिषद केंद्र और राज्यों के मध्य आपसी सहयोग एवं समान प्रकार के मामलों में सेतु के समान है। परिषद आपसी विचारों एवं अनुभवों को साझा करने का भी सशक्त माध्यम है। उन्होंने उत्तराखंड से संबंधित कतिपय नीतिगत विषयों का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तराखंड का 71 प्रतिशत भूभाग वन क्षेत्र से आच्छादित है। राज्य की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण उत्तराखंड में अवस्थापना सुविधाओं के विकास तथा आवश्यक सेवाओं के सृजन में अन्य राज्यों की अपेक्षा लागत अधिक रहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में पर्यावरणीय प्रतिबंधों के कारण विकास कार्यों के संचालन में कतिपय कठिनाइयां रहती है, जबकि हमारे आर्थिक संसाधन भी सीमित हैं।

# बच्चों को सम्मानित किया गया : अविनाश देव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू वूशु संगठन द्वारा आयोजित पलामू जिला वूशु प्रतियोगिता में संत मरियम विद्यालय के बच्चों ने मारी बाजी। पंद्रह खिलाड़ियों ने भाग जिसमें तृषा कुमारी,कार्तिक्या कुमार ने गोल्ड जीता।

अतुल्य सिंह,सुधांशु सिंह,स्वाति कुमारी सिल्वर लिया। इन खिलाडियों का चयन राज्य स्तरीय वूशु प्रतियोगिता के लिए किया गया है। इनके हौसला अफजाई के लिए विद्यालय के मंच से मेडल और प्रमाण पत्र दिया। अगले राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धा में बेहतर करें इसके लिए लगन उत्साह के साथ अभ्यास करने की जरूरत है। खेल के दुनिया में



अच्छा प्रदर्शन करने से कैरियर की संभावना है। पूरे प्रदर्शन के दारोमदार खेल कोच सुमित बर्मन जी को जाता जिन्होंने कड़ी मेहनत कर तकनीकी बारीकियों से खिलाड़ियों को मेडल दिलवाया।

हम आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

# कांग्रेस ने 70 साल में पिछड़े वर्गों के लिए कुछ नहीं किया : ज्योतिरादित्य सिंधिया

**एजेंसी**

**ग्वालियर :** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस पार्टी पर 70 साल के शासन के दौरान पिछड़े वर्गों के लिए कुछ नहीं करने का आरोप लगाया और कहा कि पार्टी ने इस समुदाय के लोगों के लिए आरक्षण का भी विरोध किया. नागरिक उड्डयन मंत्री ने शुक्रवार को ग्वालियर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कांग्रेस पार्टी पर यह आरोप लगाया है.उनकी यह टिप्पणी बिहार सरकार की जाति सर्वेक्षण रिपोर्ट आने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा की गई जितनी आबादी, उतना हक (जनसंख्या के अनुपात में अधिकार) की वकालत के मद्देनजर आई है. बिहार में हुए जाति सर्वे में ईबीसी और ओबीसी की 63 प्रतिशत आबादी बिहार में हुए जाति सर्वेक्षण में पता चला कि अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) राज्य की आबादी का 63 प्रतिशत हिस्सा



**सिंधिया ने कहा,लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और पिछड़े वर्गों के लिए काम कर रहे हैं.**

हैं. बिहार के जाति सर्वेक्षण और उस पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए सिंधिया ने कहा, इस पार्टी (कांग्रेस) ने 70 साल में पिछड़े वर्गों के लिए कुछ नहीं किया.

उन्होंने आरोप लगाया, ''जब मोरारजी देसाई के प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान (पिछड़े वर्गों पर) एक आयोग की रिपोर्ट पेश की गई, तब कांग्रेस ने इसका विरोध किया. जब वीपी सिंह के नेतृत्व वाली सरकार ने पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण लागू किया, तो कांग्रेस ने इसका भी विरोध किया. मोदी सरकार ने ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दियाः सिंधिया ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा,लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और पिछड़े वर्गों के लिए काम कर रहे हैं. उनके मंत्रिमंडल में शामिल 60 प्रतिशत सदस्य इन्हीं समुदायों से ताल्लुक रखते हैं. उन्होंने दावा किया कि यह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार है, जिसने ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया.केंद्रीय मंत्री ने कहा,कांग्रेस चुनाव के समय एक नया मुद्दा उठाने की कोशिश कर रही है, लेकिन उसने अपने लंबे शासन के दौरान इन समुदायों के लिए कभी कुछ नहीं किया. उन्होंने विश्वास जताया कि जल्द ही होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश में एक बार फिर सरकार बनाएगी.

## किसानों के विकास और हित से जुड़े कार्य करने पर दूसरे लोगों को परेशानी क्यों हैः उपराष्ट्रपति

**श्रीगंगानगरः** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एवं डॉ. (श्रीमती) सुदेश धनखड़ ने शनिवार को राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड के केंद्रीय राज्य फार्म सूरतगढ़ का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजना के अंतर्गत आयोजित एफपीओ और कृषक संगोष्ठी को संबोधित भी किया। अपने संबोधन में उपराष्ट्रपति ने राजस्थान में उनकी यात्राओं पर उठे सवालों पर पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी यात्राएं मुख्यतः कृषि संबंधी संस्थानों और किसानों के विकास और उन्नति से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि जब वे किसान के विकास के लिए काम कर रहे है तो कुछ लोगों को किस बात की आपत्ति व परेशानी हो रही है। किसान भारत की अर्थव्यवस्था की सबसे मजबूत रीड़ की हड्डी है और उनका हित साधना हम सबका कर्तव्य है।

# पीएम मोदी ने किया हरित क्रांति के जनक स्वामीनाथन को याद

एजेंसी

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन को सच्चा 'किसान वैज्ञानिक करार दिया. स्वामीनाथन का हाल ही में निधन हुआ है. प्रधानमंत्री मोदी ने स्वामीनाथन को यह दर्जा उनके कार्यों का प्रयोगशालाओं के बाहर खेतों में दिखाई दिए असर के कारण दिया. पीएम मोदी ने महान वैज्ञानिक को श्रद्धांजलि अर्पित की. उन्होंने कहा कि स्वामीनाथन ने वैज्ञानिक ज्ञान और उसे व्यावहारिक तौर पर लागू करने के बीच के अंतर को कम किया.पीएम मोदी ने कहा,बहुत से लोग उन्हें कृषि वैज्ञानिक कहते थे, लेकिन मेरा हमेशा से यह मानना था कि वह इससे कहीं अधिक थे. वह सच्चे कृषि वैज्ञानिक थे. उनके दिल में किसान बसता था.उन्होंने स्वामीनाथन को श्रद्धांजलि देने के लिए प्रसिद्ध तमिल पुस्तक 'कुराल का जिक्र करते हुए कहा,उसमें (पुस्तक में) लिखा है



'जिन लोगों ने योजना बनाई है, यदि उनमें प्रतिबद्धता है, तो वे उस चीज को हासिल कर लेंगे, जिसका उन्होंने लक्ष्य निर्धारित किया है.यहां एक ऐसा व्यक्ति है, जिसने अपने जीवन में ही तय कर लिया था कि वह कृषि क्षेत्र को मजबूत करना चाहता है और किसानों की सेवा करना चाहता है.पीएम मोदी ने कहा कि किताब में किसानों को दुनिया को एक सूत्र में बांधने वाली धुरी के रूप में वर्णित किया गया है, क्योंकि किसान ही हैं, जो सभी की जरूरतों को पूरा करते हैं और स्वामीनाथन इस सिद्धांत को बहुत अच्छी तरह से समझते थे.उन्होंने कहा कि स्वामीनाथन ने टिकाऊ खेती की आवश्यकता और मानव उन्नति तथा पारिस्थितिकी स्थिरता के बीच संतुलन पर भी जोर दिया.

प्रधानमंत्री ने 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद स्वामीनाथन के साथ अपने व्यक्तिगत संबंध को भी याद किया. उस वक्त राज्य अपनी कृषि क्षमता के लिए नहीं जाना जाता था. सूखे, चक्रवात और भूकंप ने उसके विकास को प्रभावित किया था.

# दिल्ली पुलिस ने नकली नोट छापने वाले गैंग को पकड़ा



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दिल्ली के आनंद विहार बस अड्डे से दिल्ली पुलिस ने नकली नोट छापने वाले गैंग को पकड़ा है. लाखों रुपये के नकली नोटों को बस से उत्तर प्रदेश लेकर जाया जा रहा था, तभी पुलिस ने इन्हें दबोच लिया. दिल्ली पुलिस ने इस गैंग के मुख्य आरोपी दिनेश समेत 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. इनके पास से 45 लाख रुपये की नेपाली करेंसी और 16 लाख की नकली भरतीय करेंसी बरामद हुई है.इस गैंग के पास से नकली नोटों के साथ नोट छापने वाला प्रिंटर और अन्य सामान भी बरामद हुआ है. इससे ऐसा लग रहा है कि ये गैंग अपना ठिकाना बदलने की फिराक में था. लेकिन दिल्ली पुलिस ने पहले ही इन लोगों को गिरफ्त में ले लिया.

बता दें कि दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को ही एक नकली मुद्रा रैकेट चलाने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 19 लाख रुपये से अधिक मूल्य के जाली नोट जब्त किए थे. अधिकारियों ने बताया कि गिरोह कथित तौर पर अजमेर में जाली नोट छापने की इकाई चलाता था और उन्हें दिल्ली एनसीआर में प्रसारित करता था.विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) रवींद्र सिंह यादव ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने एक गोपनीय सूचना के आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी की. उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि नकली नोटों के प्रसार में शामिल दो लोग नोटों की एक खेप देने के लिए अक्षरधाम मंदिर के पास आएंगे. अधिकारी ने बताया कि गिरोह के सरगना सकूर मोहम्मद (25) को उसके सहयोगी लोकेश यादव (28) के साथ गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि उनके कब्जे से 500 रुपये मूल्यवर्ग के छह लाख रुपये मूल्य के उच्च गुणवत्ता वाले नकली नोट बरामद किए गए.

# करंट से होने वाली दुर्घटनाओं पर बिजली कंपनियों को देना होगा मुआवजा : केजरीवाल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दिल्ली में बिजली से होने वाली दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने और पीड़ितों को वित्तीय मदद पहुंचाने के लिए जल्द ही नियम लाए जाएंगे. केजरीवाल सरकार के निर्देश पर ये नियम दिल्ली इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन (डीईआरसी) बनाएगा. इस संबंध में दिल्ली सरकार के विद्युत विभाग की तरफ से मिले प्रस्ताव को सीएम अरविंद केजरीवाल ने जनहित को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को मंजूरी दे दी है.नियम आने के बाद विद्युत कंपनियों को अपना इन्फ्रास्ट्रक्चर और मजबूत करना होगा ताकि कोई दुर्घटना ही न हो और अगर कोई दुर्घटना होती है तो फिर विद्युत कंपनियां पीड़ित को उचित वित्तीय सहायता देने के लिए बाध्य होंगी. सीएम से अप्रूवल मिलने के बाद अब प्रस्ताव एलजी के पास भेजा जाएगा. वहां से मंजूरी मिलने के बाद केजरीवाल सरकार डीईआरसी को जल्द से जल्द नियम बनाने के लिए आदेश जारी करेगी.दिल्ली के विद्युत मंत्रालय ने एक प्रस्ताव लाया था कि इलेक्ट्रिसिटी एक्ट के तहत डीईआरसी को नियम बनाने के लिए आदेश जारी किया जाए. जिसके तहत दिल्ली विद्युत नियामक आयोग बिजली से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने और पीड़ितों को मुआवजा देने के लिए विस्तृत गाइडलाइन तैयार करे, जिससे कि बिजली कंपनियां कानूनी रूप से बाध्य हों. सीएम अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी.अभी तक दिल्ली में करंट से होने वाली दुर्घटनाओं को लेकर कोई स्पष्ट नीति नहीं है. इस वजह से अगर कोई बिजली लगने से घायल हो जाता था या फिर किसी की मौत हो जाती है तो विद्युत कंपनियां पीड़ित या उसके परिवार को वित्तीय



सहायता देने के लिए बाध्य नहीं होती हैं.ऐसे में करंट लगने से पीड़ित परिवारों को समय से कोई आर्थिक मदद नहीं मिल पाती है और उनको परेशानी का सामना करना पड़ता है. इसको देखते दिल्ली सरकार के विद्युत विभाग ने एक प्रस्ताव तैयार किया था, ताकि सरकार दिल्ली इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन को नियम बनाने के लिए आदेश जारी कर सके.दिल्ली के विद्युत विभाग के प्रस्ताव को विद्युत मंत्री आतिशी ने सीएम अरविंद केजरीवाल के समक्ष प्रस्तुत किया था.

अब इस प्रस्ताव को एलजी के पास भेजा जाएगा. एलजी से मंजूरी मिलने के बाद दिल्ली सरकार डीईआरसी को इस संबंध में नियम बनाने के लिए आदेश जारी करेगी.इलेक्ट्रिसिटी एक्ट के अंतर्गत दिल्ली इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन (डीईआरसी) है. डीईआरसी ही दिल्ली में स्थित सभी डिस्कॉम को रेगुलेट करता है. इलेक्ट्रिसिटी एक्ट में सेक्शन 108 है. इसके अंतर्गत सरकार डीईआरसी को नियम बनाने को लेकर दिशा निर्देश जारी करती है.

### दिल्ली में बिजली से दुर्घटना पर नहीं है कोई कानून

दिल्ली में नियम बनाने की जरूरत इसलिए पड़ी क्योंकि अभी तक कोई स्पष्ट कानून नहीं है. कुछ साल पहले एनएचआरसी का एक केस आया था, जिसमे कुछ लोगों को बिजली का झटका लग गया था. इस दौरान एनएचआरसी ने दिल्ली सरकार से इस संबंध में कोई कानून बनाने का अनुरोध किया था, ताकि पीड़ितों को मदद पहुंचाई जा सके. इसी परिप्रेक्ष्य में दिल्ली सरकार सेक्शन 108 के तहत ये नियम लाना चाहती है.